CMYK

खबरें छुपाता नहीं, छापता है

# शाह टाइम्स

अधिकतम :24°C
न्यूनतम : 09°C

मेरठ, रविवार 7 दिसम्बर 2025 मेरठ संस्करण: वर्ष 19 अंक 187 पृष्ठ 12 मूल्य रुपये 5.00

विस्तृत खबरों के लिए QR कोड स्कैन करें। मुफ्त पढ़ें E-paper

shahtimes2015@gmail.com पौष कृष्ण पक्ष 2 विक्रमी सम्वत् 2082 15 जमादिउल उखरा 1447 हिजरी नई दिल्ली, मुजफ्फरनगर, देहरादून, हल्द्वानी, मुरादाबाद, बरेली, मेरठ व लखनऊ से प्रकाशित




बहुजनों के आत्मसम्मान वाले अच्छे दिन कब आएंगे: मायावती पेज 2



तीसरा वनडे: भारत ने साउथ अफ्रीका को 9 विकेट से हराया, जायसवाल की सेंचुरी खेल टाइम्स



पुतिन के दौरे से भारत-अमेरिका रिश्ते बेअसर: जयशंकर पेज 11



संदीपा धर ने अपने नए प्रोजेक्ट की शुरुआत की बॉलीवुड

## संक्षिप्त समाचार

### उत्तराखंड-हिमाचल में बर्फबारी का अलर्ट, केदारनाथ में -14 डिग्री पारा

**नई दिल्ली।** पहाड़ी इलाकों से आ रही बर्फीली हवाओं ने कई राज्यों में ठिठुरन बढ़ा दी है। राजस्थान के 18 शहरों में शुक्रवार को तापमान 10 डिग्री से नीचे आ गया। 7 शहरों में तापमान 5 डिग्री से नीचे पहुंच गया। फतेहपुर 1.9 डिग्री के साथ सबसे ठंडा शहर रहा। लूणकरणसर में 3.2, सीकर में 3 और नागौर में 3.1 पारा रिकॉर्ड हुआ। मध्य प्रदेश के 19 शहरों में तापमान 10 डिग्री से नीचे पहुंच गया। पचमढ़ी से पारा सबसे कम 5.8 डिग्री रिकॉर्ड हुआ। पहाड़ों से सर्द हवाएं आने के कारण 7 और 8 दिसम्बर को सर्दी का असर और बढ़ेगा। इधर, आईएमडी ने उत्तराखंड में रविवार को बारिश और बर्फबारी का अलर्ट जारी किया है। इससे तापमान में 2 से 3 डिग्री की गिरावट आ सकती है। राज्य के कई जिलों में तापमान पहले से शून्य से नीचे पहुंच गया है। केदारनाथ में शुक्रवार को -14 और बद्रीनाथ में -11 डिग्री तापमान दर्ज हुआ।

### जुबीन गर्ग की मौत केस में 12 दिसम्बर को चार्जशीट

**गुवाहाटी।** असम पुलिस सिंगर जुबीन गर्ग की मौत के मामले में 12 दिसम्बर को चार्जशीट दाखिल करेगी। केस की जांच कर रहे सीआईडी के स्पेशल डीजी मुन्ना प्रसाद गुप्ता ने शनिवार को बताया कि इस केस की जांच पूरी हो चुकी है। केस में अब तक तक सात गिरफ्तारियां हो चुकी हैं। 300 से ज्यादा गवाहों से पूछताछ की गई है। जुबिन की मौत 19 सितम्बर को सिंगापुर में स्कूबा डाइविंग के दौरान समुद्र में डूबने से हुई थी। गुप्ता ने कहा कि अब मामले में अधिक जानकारी चार्जशीट दाखिल होने के बाद ही दी जाएगी। गुप्ता ने कहा कि गर्ग की मौत के बाद पूरे असम में करीब 60 एफआईआर दर्ज की गई थीं। चार्जशीट मूल मामले में दाखिल की जाएगी।

### रूसी डेलीगेशन से बात करके मजा आया:थरूर

**नई दिल्ली।** कांग्रेस सांसद शशि थरूर ने शनिवार को बताया कि 5 दिसम्बर को रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन के लिए आयोजित डिनर में शामिल हुआ था। वहां का माहौल बहुत अच्छा और दिलचस्प था। रूसी डेलीगेशन के साथ बातचीत करके मजा आ गया। थरूर ने एक्स पर पोस्ट कर यह जानकारी दी। इस डिनर में लोकसभा में विपक्ष नेता राहुल गांधी और राज्यसभा में नेता प्रतिपक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे को न्योता नहीं मिला था।

### मोदी का 'परीक्षा पे चर्चा' जनवरी में होगा आयोजित

**नई दिल्ली।** पीएम मोदी का वार्षिक संवादात्मक कार्यक्रम परीक्षा पे चर्चा का नौवां संस्करण जनवरी 2026 में आयोजित किया जाएगा। शिक्षा मंत्रालय ने बताया कि श्री मोदी का परीक्षा पर चर्चा कार्यक्रम जनवरी में आयोजित किया जाएगा, जिसमें भारत और विदेश के छात्र, अभिभावक और शिक्षक परीक्षा के तनाव पर चर्चा करने और परीक्षाओं को एक उत्सव और जीवन का एक अभिन्न हिस्सा बनाने के लिए उनके साथ जुड़ेंगे।

# बंगाल में निलंबित टीएमसी विधायक ने बाबरी मस्जिद की नींव रखी

- हुमायूं कबीर ने मौलवियों के साथ फीता काटा, दो लाख से ज्यादा लोग ईंट लेकर पहुंचे
- सेंट्रल आर्म्ड फोर्स की 19 टीमें, रैपिड एक्शन फोर्स, बीएसएफ, पुलिस की कई टीमों समेत तीन हजार से ज्यादा जवान रहे तैनात



**मुर्शिदाबाद/कोलकाता।** पश्चिम बंगाल के मुर्शिदाबाद जिले के बेलडांगा में टीएमसी से निलंबित विधायक हुमायूं कबीर ने शनिवार को अयोध्या की बाबरी मस्जिद की तर्ज पर बनने वाली मस्जिद की आधारशिला रखी।

कबीर ने कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच मंच पर मौलवियों के साथ फीता काटकर औपचारिकता पूरी की। इस दौरान नारा-ए- तकबीर, अल्लाहु अकबर के नारे लगाए गए। कार्यक्रम में 2 लाख से ज्यादा लोगों की भीड़ जुटी। बंगाल के अलग-अलग जिलों से आए लोगों में कोई अपने सिर, कोई ट्रैक्टर-ट्रॉली तो कोई रिक्शा या वैन से ईंट लेकर कार्यक्रम स्थल पर पहुंचा था। कार्यक्रम को लेकर बेलडांगा समेत आसपास का इलाका शनिवार सुबह से हाई अलर्ट पर है। बेलडांगा और उसके आसपास सेंट्रल आर्म्ड फोर्स की 19 टीमें, रैपिड एक्शन फोर्स, बीएसएफ, स्थानीय पुलिस की कई टीमों समेत 3 हजार से ज्यादा जवान तैनात हैं। हुमायूं कबीर ने 25 नवम्बर को कहा था कि वे 6 दिसम्बर को अयोध्या में बाबरी मस्जिद विध्वंस के 33 साल पूरे होने पर बाबरी मस्जिद की आधारशिला रखेंगे। टीएमसी ने 4 दिसम्बर को हुमायूं कबीर को पार्टी से सस्पेंड कर दिया था। कार्यक्रम से पहले हुमायूं कबीर ने शनिवार को कहा था कि हिंसा भड़काकर कार्यक्रम को बाधित करने की साजिशें रची जा रही हैं, लेकिन मैं बेलडांगा में मस्जिद की नींव रखूंगा। कोई भी ताकत इसे रोक नहीं सकती। हम कलकत्ता हाईकोर्ट के आदेशों का पालन करेंगे। कोलकाता हाईकोर्ट ने शुक्रवार को मस्जिद निर्माण पर रोक लगाने से इन्कार किया था।

# भगोड़े नीरव मोदी की बढ़ीं मुश्किलें

लंदन, वार्ता



**नीरव मोदी को** दक्षिण लंदन की एक जेल से अक्टूबर में दूसरी जेल में शिफ्ट किया गया था। शिफ्टिंग के बाद उसका ज्यादातर कानूनी सामान उसके पास नहीं पहुंचा। नीरव के वकील ने कहा कि वह एक छोटी कोठरी में दो और कैदियों के साथ रहता है और एक छोटी-सी मेज पर ही काम करता है।

जेल में इंटरनेट या कंप्यूटर की सुविधा भी नहीं है। ऐसे में जनवरी 2026 में होने वाला बैंक ऑफ इंडिया वाला केस वह ठीक से नहीं लड़ सकते। जज ने कहा कि नीरव मोदी को अपने पुराने नोट्स और दस्तावेज मिलने बहुत जरूरी हैं। जज ने साफ कहा कि अगर कागजात नहीं मिले, तो नीरव मोदी अपना पक्ष ठीक से नहीं रख पाएंगे। कोर्ट ने आदेश दिया कि पिछली जेल से सारे कागजात तुरंत उसकी नई जेल में भिजवाए जाएं।

# देश की ग्रोथ स्लो थी, तो हिंदू रेट कहा गया: मोदी

## बोले-आज तेजी से बढ़ रही, तो कोई नहीं बोलता, फिलहाल भारत अलग लीग में

शाह टाइम्स ब्यूरो-



आज जो बुद्धिजीवी हर बात में सांप्रदायिकता खोजते रहते हैं उन्हें हिंदू रेट ऑफ ग्रोथ में नजर नहीं आई

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री मोदी ने शनिवार को कहा कि जब भारत की ग्रोथ रेट दो-तीन परसेंट थी, तो इसे हिंदू रेट ऑफ ग्रोथ कहा गया और ये सिद्ध करने का प्रयास किया गया कि भारत की धीमी विकास दर का कारण हिंदू संस्कृति है। पीएम मोदी ने एक कार्यक्रम के दौरान कहा कि आज भारत दुनिया की सबसे तेज से बढ़ती इकोनॉमी है। आज क्यों नहीं हिंदू रेट ऑफ ग्रोथ कहा जा रहा है।

प्रधानमंत्री ने कहा कि आज जो बुद्धिजीवी हर बात में सांप्रदायिकता खोजते रहते हैं उन्हें हिंदू रेट ऑफ ग्रोथ में नजर नहीं आई। यह टर्म उनकी किताबों में रिसर्च पेपर का हिस्सा बना दिया गया। प्रधानमंत्री ने कहा कि आज दुनिया अनिश्चितताओं से भरी है। फिर भी इस दौर में हमारा भारत एक अलग लीग में दिख रहा है। भारत आत्मविश्वास से भरा है। जब दुनिया में स्लोडाउन की बात होती है भारत ग्रोथ की कहानी लिखता है। पीएम मोदी ने कहा कि जब दुनिया में ट्रस्ट की क्राइसिस होती है तब भारत पिलर बनता है। कुछ दिन पहले भारत के जीडीपी आंकड़े आए, जिसमें 8 प्रतिशत से ज्यादा ग्रोथ हो रही है। ये सिर्फ नंबर नहीं है, ये स्ट्रांग मैक्रो इकोनॉमिकल सिग्नल है। यह संदेश है भारत ग्लोबल इकोनॉमी का ग्रोथ ड्राइवर बन रहा है। देश में लोगों के 78 हजार करोड़ रुपये बैंक खातों में अनक्लेम पड़े हुए हैं। इसी तरह इंश्योरेंस कंपनियों में 48 हजार करोड़ रुपये बिना दावे के पड़े हैं। यह ज्यादातर गरीब परिवारों का पैसा है, जिसे लोग भूल चुके हैं। इसलिए -शेष पृष्ठ दो पर

## सिंगर नेहा सिंह राठौर को नहीं मिली राहत

### पीएम पर आपत्तिजनक टिप्पणी: नहीं मिली जमानत

**लखनऊ।** इलाहाबाद हाईकोर्ट की लखनऊ बेंच ने पीएम मोदी के खिलाफ कथित अभद्र टिप्पणी से जुड़े एक मामले में भोजपुरी सिंगर और यूट्यूबर नेहा सिंह राठौर की अग्रिम जमानत याचिका शुक्रवार को खारिज कर दी। एक न्यूज एजेंसी के मुताबिक, नेहा सिंह राठौर की अप्रैल में की गई टिप्पणी को लेकर इस साल की शुरुआत में लखनऊ के हजरतगंज पुलिस स्टेशन में केस दर्ज किया गया था। गायिका पर इसी तरह के आरोपों के लिए पूरे उत्तर प्रदेश में कई एफआईआर दर्ज हुई हैं। यह मामला अप्रैल में पहलगाम आतंकी हमले के संबंध में राठौर की टिप्पणियों से जुड़ा है। 'बिहार में का बा' सॉन्ग फेम सिंगर नेहा ने 23 अप्रैल की अपनी एक्स पोस्ट में आरोप लगाया था कि मोदी सरकार जाति और धर्म के आधार पर राजनीति कर रही है।

# इंडिगो संकट पर केंद्र ने दिखाई सख्ती

## किराए तय किए, 18 हजार रुपये से ज्यादा नहीं ले सकेंगी एयरलाइंस



- 500 किमी तक का किराया 7,500
- किराया सीमाएं तब तक लागू रहेंगी जब तक किराए स्थिर नहीं हो जाते या अगला आदेश जारी नहीं होता

**नई दिल्ली।** इंडिगो संकट को लेकर सरकार पांच दिनों के बाद सख्त नजर आ रही है। नागरिक उड्डयन मंत्रालय ने इस संकट से निपटने के लिए कई दिशा-निर्देश जारी किए हैं। सरकार की ओर से इंडिगो को यात्रियों का पैसा तुरंत वापस करने के लिए कहा गया है।

इसके साथ ही सरकार ने दूसरी एयरलाइन के किराए में हुए बेतहाशा बढ़ोतरी पर भी लगाम कस दी है। नागरिक उड्डयन मंत्रालय ने सभी प्रभावित रूट्स पर सही और वाजिब किराया सुनिश्चित करने के लिए अपनी रेगुलेटरी पावर का इस्तेमाल किया है। सरकार ने एयरलाइन से कहा कि वह तय हवाई किराए से ज्यादा न लें। घरेलू एयरलाइंस यात्रियों से नीचे बताई गई सीमा से अधिक किराया नहीं वसूल सकती हैं। घरेलू एयरलाइंस यात्रियों से सीमा से अधिक किराया नहीं वसूल सकती हैं। 500 किमी तक की दूरी- अधिकतम किराया 7500 रुपये, 500-1000 किमी की दूरी- अधिकतम किराया 12000 रुपये, 1000-1500 किमी की दूरी- अधिकतम किराया 15000 रुपये, 1500 किमी से अधिक की दूरी: अधिकतम किराया 18000 रुपये किराया वसूला जा सकेगा। सरकार की ओर से जारी बयान में कहा गया है कि उपरोक्त किराया सीमाएं लागू उपयोगकर्ता विकास शुल्क, यात्री सेवा शुल्क और करों को छोड़कर हैं। ये किराया सीमाएं बिजनेस क्लास और आरसीएस उड़ानों पर लागू नहीं होंगी। सरकार की ओर से कहा गया है कि किराया सीमाएं तब तक लागू रहेंगी जब तक किराए स्थिर नहीं हो जाते या अगला आदेश जारी नहीं होता। ये किराया सीमाएं सभी प्रकार की बुकिंग पर लागू होंगी, चाहे टिकट एयरलाइन की आधिकारिक वेबसाइट से खरीदा गया हो या किसी ऑनलाइन ट्रैवल एजेंट के प्लेटफॉर्म से। एयरलाइंस सभी श्रेणियों में टिकट उपलब्धता बनाए रखेंगी और आवश्यकता होने पर उन सेक्टरों में क्षमता बढ़ाने पर विचार करेंगी जहां मांग अचानक बढ़ गई हो।

### संकट के बीच किराए की लूट

**नई दिल्ली।** देश की सबसे बड़ी विमानन कंपनी इंडिगो पांच दिनों से परिचालन संकट से जूझ रही है। इसके चलते देश के प्रमुख हवाई अड्डों पर हंगामे की स्थिति है और लाखों लोग परेशान हैं। लोग कई घंटों से हवाई अड्डों पर फंसे हुए हैं। ऐसे हालात में भी देश की विमानन कंपनियां बेशर्मी से लोगों से किराए की लूट करने में जुटी हैं और औसत किराए की तुलना में कई गुना ज्यादा किराया वसूल रही हैं। दिल्ली से हैदराबाद के बीच का हवाई किराया शनिवार को कई फ्लाइट बुकिंग प्लेटफॉर्म पर 36 हजार से ज्यादा पहुंच गया है।

# बीरभूम में भड़की हिंसा टीएमसी नेता की हत्या

- विरोधी हमले में पांच लोग घायल

**कोलकाता।** बीरभूम जिले के नानूर के थुपसुरा में तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) के बूथ अध्यक्ष रासबिहारी सरदार (50) की एक विरोधी गुट के अचानक हमले में बेरहमी से हत्या कर दी गई।

इस हमले में उनके बेटे समेत पांच अन्य लोग भी घायल हो गए। घायलों को पुरबा बर्धमान जिले के मंगलकोट में एक सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया गया है। रिपोर्टों के मुताबिक यह घटना तब हुई जब हमलावर और पीड़ित एक गांव के मंदिर के आंगन में बैठकर समुदाय से जुड़ी समस्याओं पर बात कर रहे थे। बिना किसी चेतावनी के एक विरोधी गुट के सदस्यों ने हिंसक होकर उन पर धारदार हथियारों से हमला कर दिया।

# रोहिंग्याओं पर सुप्रीम कोर्ट की टिप्पणी पूर्व जजों व वकीलों ने आपत्ति जताई

- सीजेआई सूर्यकांत को लेटर लिखा, कहा था- क्या घुसपैठियों को रेड कार्पेट वेलकम देना चाहिए

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने 2 दिसम्बर को भारत में रह रहे रोहिंग्या मुसलमानों के कानूनी दर्जे पर सवाल उठाए थे।

इसे लेकर पूर्व जजों, वकीलों और कैंपेन फॉर ज्यूडिशियल अकाउंटेबिलिटी एंड रिफार्म्स ने चीफ जस्टिस ऑफ इंडिया (सीजेआई) सूर्यकांत को लेटर लिखकर आपत्ति जताई है। सीजेआई सूर्यकांत और जस्टिस जॉयमाल्या बागची की बेंच ने एक हैबियस कार्पस याचिका पर सुनवाई करते हुए पूछा था कि अगर कोई गैर-कानूनी तरीके से भारत में घुस आता है, तो क्या उसे रेड कार्पेट वेलकम देना चाहिए, जबकि देश के अपने नागरिक ही गरीबी से जूझ रहे हैं? लेटर में कहा गया है कि रोहिंग्या पर की गई टिप्पणी अमानवीय और संविधानिक मूल्यों के खिलाफ है। रोहिंग्या को दुनिया के सबसे उत्पीड़ित अल्पसंख्यकों में बताया गया है। साथ ही रोहिंग्या लोगों को अनुच्छेद 21 के तहत सुरक्षा का अधिकार बताया गया।

मिरगी
घबराएं नहीं उचित इलाज करवाएं
मिरगी कोई भूत-प्रेत, छाया या आत्मा आदि का प्रकोप नहीं है। इसका इलाज नीम-हकीम, फकीर और ढोंगी लोग नहीं कर सकते हैं। इसका इलाज केवल उचित दवाओं द्वारा योग्य डाक्टर ही कर सकते हैं। यह एक साधारण रोग है। इसका इलाज संभव है।
मिरगी के लक्षण
• अचानक बेहोश होकर जमीन पर गिर जाना
• आंखे पथराना
• हाथ-पैर ऐंठ जाना
• मुंह से झाग निकलना
• मुंह एक तरफ हो जाना
• जीभ का बाहर व दांतो के बीच आना
• मुट्ठियां कसना
• गर्दन टेढ़ी पड़ना
• अचानक झटका-सा लगना
• घे-घे-ऑं-ऑं की आवाज आना
अगर आपमें या आपके आस-पास किसी में इस प्रकार के लक्षण हैं तो विश्व प्रसिद्ध वरिष्ठ मिरगी रोग विशेषज्ञ डा. अय्यूब हसन 'मार्शल' के इलाज से लाभ उठाकर हमेशा के लिए मिरगी से छुटकारा पाएं।
डा. अय्यूब हसन 'मार्शल'
M.B.B.S., G.M.C.S. (U.K.), F.C.G.P., F.A.P.S. (U.S.A.)
M.A.P.A.(U.S.A.), M.R.C.S.M.I.P.S., F.I.P.S., M.I.E.A.(INDIA)
• आजीवन सदस्य भारतीय मिरगी एसोसिएशन
• पूर्व सी.एम.ओ., इरविन अस्पताल, नई दिल्ली
• फैलो ऑफ इंडियन साइकैट्रिक सोसाइटी
• पूर्व सी.एम.ओ., जी.बी. पन्त अस्पताल, नई दिल्ली
मिलने का पता
मार्शल चिकित्सा केन्द्र
निकट चन्द्रा टाकीज़ व सैन्ट्रल बैंक के सामने
मुजफ्फरनगर (उ.प्र.) मो.: 9997411423, 9358348826
नोट जांच कराने वाले रोगी बालों को शैम्पू से धोकर आयें
समय 11 बजे से 5 बजे तक मंगलवार अवकाश
असुविधा से बचने के लिए कृपा पहले से समय लेकर मिलें।

# सरकार नेहरू को इतिहास से मिटाना चाहती है: सोनिया

- बोलीं: उन्हें गलत तरीके से पेश किया जा रहा
- पूर्व पीएम नेहरू के खिलाफ बयानबाजी पर भाजपा की आलोचना की

शाह टाइम्स ब्यूरो



**नई दिल्ली।** कांग्रेस पार्लियामेंट्री पार्टी (सीपीपी) की चेयरपर्सन सोनिया गांधी दिल्ली स्थित जवाहर भवन में नेहरू सेंटर इंडिया के लॉन्च समारोह में शामिल हुईं। इस दौरान उन्होंने पूर्व प्रधानमंत्री जवाहरलाल नेहरू के खिलाफ बयानबाजी को लेकर भाजपा सरकार की आलोचना की।

सोनिया गांधी ने कहा कि इसमें कोई शक नहीं है कि जवाहरलाल नेहरू को बदनाम करना आज की सत्ता का मुख्य मकसद है। वह उन्हें (नेहरू को) सिर्फ इतिहास से मिटाना नहीं चाहती, बल्कि उनकी सामाजिक, राजनीतिक और आर्थिक आधारों भी को कमजोर करना चाहती है, जिन पर देश खड़ा हुआ। सोनिया गांधी ने कहा कि इतने बड़े व्यक्तित्व (नेहरू) के जीवन और काम का एनालिसिस और समीक्षा होना स्वाभाविक है और ऐसा होना चाहिए भी, लेकिन उन्हें बदनाम करने, कमजोर दिखाने और उनकी बातें तोड़ने-मरोड़ने की संगठित कोशिश अस्वीकार्य है। कांग्रेस नेता ने आगे कहा कि नेहरू का व्यक्तित्व छोटा करने की कोशिश जारी है। उनका ऐतिहासिक बैकग्राउंड अलग रखकर उनके काम का आकलन करना अब आम होता -शेष पृष्ठ दो पर

### राहुल भारतीय राजनीति के भस्मासुर: भाजपा

**नई दिल्ली।** सोनिया गांधी के बयान के बाद भाजपा ने प्रेस कॉन्फ्रेंस की। गौरव भाटिया ने राहुल गांधी को भारतीय राजनीति का भस्मासुर कहा। उन्होंने कहा कि नेहरू की गलतियों को मोदी सरकार ने ठीक किया। उन्होंने आगे कहा कि सोनिया गांधी नेहरू की लेगेसी की बात करती हैं, तो ये किस तरह की लेगेसी है। हिंदी चीनी भाई भाई का नारा नेहरू ने दिया था लेकिन नेहरू ने यूएन सिक्योरिटी काउंसिल की सीट चीन को दी थी।

## संक्षिप्त समाचार

### मुर्मू, मोदी और बिरला ने अम्बेडकर को दी श्रद्धांजलि

**नई दिल्ली।** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू, उपराष्ट्रपति एवं राज्य सभा सभापति सीपी राधाकृष्णन, प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी तथा लोक सभा अध्यक्ष ओम बिरला ने शनिवार को बाबासाहब डा. भीमराव अम्बेडकर के 70वें महापरिनिर्वाण दिवस पर संसद भवन परिसर में प्रेरणा स्थल पर स्थापित उनकी प्रतिमा पर पुष्पांज.लि अर्पित कर श्रद्धांजलि दी। बिरला ने अपने संदेश में कहा कि भारत के महान संविधान के शिल्पी, सामाजिक न्याय के प्रहरी, भारत रत्न बाबा साहब डा. भीमराव अम्बेडकर जी के महापरिनिर्वाण दिवस पर उन्हें भावपूर्ण श्रद्धांजलि। उन्होंने कहा कि समानता, न्याय, शिक्षा और समावेशी विकास पर आधारित समाज का उनका दृष्टिकोण आज भी देश के विकास के लिए मार्गदर्शक बना हुआ है। इन मूलभूत तत्वों का समावेश बाबा साहब ने भारतीय संविधान में भी किया।

### श्रीकृष्ण जन्मभूमि विवाद पर बैठकर निकालें समाधान

**मथुरा।** बाबरी मस्जिद विध्वंस की बरसी पर मथुरा की श्री कृष्ण जन्मभूमि और शाही ईदगाह मस्जिद विवाद पर शाही ईदगाह कमेटी के अध्यक्ष जैड हसन साहब ने श्री कृष्ण जन्म स्थान और शाही ईदगाह विवाद मामले को बैठकर निपटाने की वकालत की है। जैड हसन ने कहा है कि मैं चाहता हूं कि दोनों पक्ष बैठकर इस समस्या का समाधान निकाले। जैड हसन साहब ने कहा कि मथुरा नगरी हमारी रसखान की नगरी है, राधा कृष्ण की नगरी है और प्रेम की नगरी है। इस विषय में भी हमारी नगरी से कोई प्रेम की बात ही समस्त संसार को मिलनी चाहिए। उन्होंने आगे कहा कि मुझे यहां के भाइयों ने शाही ईदगाह मस्जिद का अध्यक्ष भी नियुक्त किया है, मेरी भी जिम्मेदारी हो जाती है।

# बहुजनों के अच्छे दिन अब तक क्यों नहीं आए: मायावती

**नई दिल्ली, वार्ता**



अम्बेडकर परिनिर्वाण दिवस पर बसपा सुप्रीमो मायावती ने नई दिल्ली स्थित अपने आवास पर बाबा साहेब को श्रद्धांजलि अर्पित की और सवाल उठाया कि बहुजनों के आत्मसम्मान से जुड़े 'अच्छे दिन' अब तक क्यों नहीं आए।

मायावती ने कहा कि स्वतंत्रता दिवस, गणतंत्र दिवस व संविधान निर्माता बाबा साहेब डा. भीमराव अम्बेडकर की जयंती और पुण्यतिथि पर यह सवाल उठता ही रहेगा कि संविधान के पवित्र मानवतावादी एवं कल्याणकारी उद्देश्यों पर आधारित देश के बहुजनों के आत्म-सम्मान व स्वाभिमान युक्त अच्छे दिन कब आएंगे। मायावती ने कहा कि मौजूदा परिस्थितियों में अम्बेडकर के मार्ग पर चलना समय की सबसे बड़ी जरूरत है। मायावती ने कहा कि आज भी बहुजन समाज को वह सम्मान, समता और अधिकार नहीं मिल पाए, जिनकी कल्पना बाबा साहेब ने संविधान निर्माण के दौरान की थी। उन्होंने कहा कि स्वतंत्रता दिवस, गणतंत्र दिवस और अम्बेडकर जयंती जैसे पावन अवसरों पर यह सवाल बार-बार उभर कर सामने आता है कि सामाजिक न्याय आधारित असली 'अच्छे दिन' कब आएंगे। उन्होंने याद दिलाया कि यूपी में बसपा सरकारों के दौरान बहुजन समाज के उत्थान और आत्मसम्मान के लिए कई ऐतिहासिक कदम उठाए गए थे।

■ **महापरिनिर्वाण दिवस पर मायावती ने पूछा सवाल**

मायावती ने हाल में रुपये के भारी अवमूल्यन पर भी गहरी चिंता व्यक्त की और कहा कि यह मुद्दा केवल आर्थिक नहीं, बल्कि राजनीतिक और राष्ट्रहित से जुड़ा हुआ है। उन्होंने सरकार को सलाह दी कि आर्थिक सलाहकारों से आगे बढ़कर खुद हस्तक्षेप करें और गिरते रुपये को संभालने के लिए ठोस कदम उठाएं। इसके साथ ही उन्होंने बहुजनों से वोटर लिस्ट पुनरीक्षण प्रक्रिया एसआईआर में सक्रिय भागीदारी करने की अपील की, ताकि हर योग्य व्यक्ति लोकतांत्रिक अधिकारों का उपयोग कर सके।

### देश मन-विधान से नहीं, संविधान से चले: सपा



**लखनऊ।** समाजवादी पार्टी के अध्यक्ष और पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव ने शनिवार को डा. बीआर अम्बेडकर की पुण्यतिथि और महापरिनिर्वाण दिवस के अवसर पर कहा कि देश का नारा 'जय जवान, जय किसान, जय संविधान' होना चाहिए। सपा मुखिया अखिलेश यादव ने चेताया कि संसद में संविधान की रक्षा पर बहस होना लोकतंत्र के लिए दुखद संकेत है और यह स्थिति बताती है कि लो.कतांत्रिक ढांचे पर गंभीर संकट मंडरा रहा है। अखिलेश यादव ने साफ कहा कि संविधान सिर्फ किताब नहीं, बल्कि देश की बुनियाद है और इसका कमजोर होना लोकतंत्र को कमजोर करने जैसा है। उन्होंने कहा कि जो लोग संविधान को कमजोर करना चाहते हैं, वे एकतंत्र की ओर देश को धकेलना चाहते हैं। अखिलेश ने आरोप लगाया कि संविधान जनता को अधिकार देता है और जो ताकतें लोगों के अधिकार छीनना चाहती हैं, वे संविधान विरा.धी हैं। इस दौरान उन्होंने कहा कि संविधान ही लोकतंत्र का कर्म ग्रंथ है और इसलिए इसे बचाना हर नागरिक की जिम्मेदारी है। उन्होंने दोहराया कि देश को 'मन-विधान' से नहीं, बल्कि संविधान से चलना चाहिए, क्योंकि यही देश की दिशा और दशा तय करता है।

# हवाई यात्रा के संकट पर श्वेतपत्र जारी करे सरकार: कांग्रेस

**नई दिल्ली, वार्ता**

कांग्रेस ने देशभर में हवाई यात्रियों के समक्ष पैदा हुए अभूतपूर्व संकट को सरकार के एकाधिकार की नीति का पहला नमूना बताया और कहा कि स्थिति को संभालने में विफल रहे नागर विमानन मंत्री के राम मोहन नायडू को जिम्मेदारी लेते हुए सरकार को इस पर श्वेतपत्र जारी करना चाहिए।

कांग्रेस ने कहा कि विमानन कंपनी इंडिगो के कारण देश के नागरिकों के समक्ष विमानन क्षेत्र में जो अभूतपूर्व संकट खड़ा हुआ, वह सरकार की एकाधिकार नीति का एक नमूना मात्र है और आने वाले समय में एकाधिकार की सरकार की नीति का खामियाजा देश के नागरिकों को बड़े पैमाने पर भुगतना पड़ेगा। पार्टी ने कहा कि निजीकरण के काम में जुटी मोदी सरकार हर क्षेत्र में एकाधिकार को महत्व दे रही है और आने वाले समय में ऊर्जा, बंदरगाह आदि क्षेत्रों में भी इसी तरह का संकट देश को झेलना पड़ेगा, इसलिए सरकार को एकाधिकार नहीं प्रतिस्पर्धा को महत्व देना चाहिए। कांग्रेस सांसद शशिकांत सेंथिल ने शनिवार को यहां पार्टी मुख्यालय में संवाददाता सम्मेलन में कहा कि पिछले कुछ दिनों में देश ने अब तक का सबसे बड़ा विमानन संकट देखा है। हजारों उड़ानें रद्द कर दी गई हैं और आज शनिवार को भी 600 से अधिक उड़ानें रद्द की गई हैं।

■ **मोदी सरकार हर क्षेत्र में कर रही एकाधिकार**

# थाना प्रभारी ने गोली मारकर की आत्महत्या

**जालौन, वार्ता**

उत्तर प्रदेश में जालौन जिले के कुठौंद थाना परिसर में शुक्रवार देर रात थाना प्रभारी इंस्पेक्टर अरुण कुमार राय ने अपने सरक.ारी आवास में खुद को सर्विस रिवॉल्वर से गोली मार ली।

गोली उनके सिर के आरपार हो गई। देर रात गोली की आवाज सुनते ही थाने में मौजूद पुलिसकर्मी दौड़कर उनके क्वार्टर पहुंचे। दरवाजा खोलने पर इंस्पेक्टर खून से लथपथ हालत में फर्श पर पड़े मिले, उनके पास ही उनकी सर्विस रिवॉल्वर पड़ी हुई थी। घायल अवस्था में उन्हें तत्काल स्थानीय स्वास्थ्य केंद्र ले जाया गया, जहां से हालत गंभीर होने पर उरई मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया गया। डॉक्टरों ने उन्हें बचाने के लिए करीब दो घंटे तक प्रयास किए, लेकिन देर रात लगभग 11:15 बजे इलाज के दौरान उनकी मौत हो गई। मृतक इंस्पेक्टर अरुण कुमार राय मूल रूप से संत कबीरनगर जनपद के निवासी थे और वर्ष 2023 में उन्हें इंस्पेक्टर के पद पर पदोन्नति मिली थी। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस अधीक्षक डा. दुर्गेश कुमार, अपर पुलिस अधीक्षक प्रदीप कुमार वर्मा सहित कई वरिष्ठ अधिकारी मौके पर पहुंचे। फोरेंसिक टीम ने थाने व आवासीय परिसर की गहन जांच शुरू कर दी है। पुलिस अधीक्षक डा. दुर्गेश कुमार ने बताया कि प्रथम दृष्टया मामला आत्महत्या का प्रतीत हो रहा है, लेकिन अभी तक आत्महत्या के कारणों का पता नहीं चल सका है। सभी पहलुओं पर गहन जांच की जा रही है। घटनास्थल की परिस्थितियों को देखते हुए गोली बहुत करीब से चलाई गई प्रतीत होती है। घटना की सूचना परिजनों को दे दी गई है।

■ **संत कबीरनगर जनपद के निवासी थे अरूण कुमार रॉय**

## तुष्टिकरण की नीति पर चलने वाले दल देश का कर रहे अहित: योगी

# अंबेडकर की मूर्तियों की सुरक्षा करेगी सरकार

**शाह टाइम्स ब्यूरो**



■ **बाउंड्री वाल बनाकर की जाएगी सुरक्षा, मूर्तियों पर छत्र भी लगाया जाएगा**

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने शनिवार को कहा कि तुष्टिकरण की नीति पर चलने वाले दल न केवल भारत का अहित कर रहे हैं, बल्कि बाबा साहेब भीमराव आंबेडकर का भी अपमान कर रहे हैं।

बाबा साहेब डा. भीमराव अंबेडकर के महापरिनिर्वाण दिवस पर डा. भीमराव आंबेडकर महासभा ट्रस्ट की ओर से आयोजित कार्यक्रम में योगी ने कहा कि प्राय: कुछ शरारती तत्व मूर्तियों को क्षतिग्रस्त करने का प्रयास करते हैं, इसलिए उत्तर प्रदेश में हमारी सरकार महत्वपूर्ण निर्णय लेने जा रही है कि जहां भी बाबा साहेब की मूर्तियां लगी हैं, वहां बाउंड्रीवाल बनाकर उन मूर्तियों की सुरक्षा की व्यवस्था की जाएगी। साथ ही मूर्तियों पर छत्र भी लगाया जाएगा, जिससे बाबा साहेब की मूर्ति की सुरक्षा सुनिश्चित होगी। योगी ने डा. निर्मल के उस वक्तव्य का जिक्र किया, जिसमें उन्होंने कहा कि चतुर्थ श्रेणी, संविदा, सफाई कर्मचारियों को उचित मानदेय मिले। योगी ने कहा कि हमारी सरकार ने कॉरपोरेशन का गठन किया है। अगले एक-दो महीने के अंदर ही सरकार चतुर्थ श्रेणी, संविदा, सफाई कर्मचारियों को न्यूनतम मानदेय देने की गारंटी उपलब्ध कराएगी। मुख्यमंत्री ने कहा कि हमें संविधान और बाबा साहेब पर गौरव की अनुभूति होती है। बाबा साहेब डा. भीमराव आंबेडकर ने उस समय भी खतरों से जागरूक किया था।

कांग्रेस के बड़े नेता का जिक्र करते हुए योगी ने कहा कि अध्यक्ष रहते हुए उन्होंने 1923 में वंदे मातरम गाने से इन्कार कर दिया था। जब उनका अंतिम समय आया, तो उन्होंने इच्छा व्यक्त की कि येरूशलम में मरूं। तब बाबा साहेब ने टिप्पणी की थी कि जो व्यक्ति भारत में पैदा होकर यहां की सुविधा का उपभोग करके भी भारत की धरती को पवित्र न मानता हो, उसका वक्तव्य कभी भी भारतवासियों के हित में नहीं हो सकता। अतिथियों का स्वागत आंबेडकर महासभा के अध्यक्ष विधान परिषद सदस्य डा. लालजी प्रसाद निर्मल ने किया। इस अवसर पर उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य, ब्रजेश पाठक, जलशक्ति मंत्री स्वतंत्र देव सिंह, समाज कल्याण राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) असीम अरुण, महापौर सुषमा खर्कवाल, आंबेडकर महासभा के प्रदेश अध्यक्ष प्रमोद कुमार, महामंत्री अमरनाथ प्रजापति, कोषाध्यक्ष सत्या दोहरे आदि की उपस्थिति रही।

### बाबा साहेब के विचार, सिद्धांत और दूरदृष्टि भारतीय लोकतंत्र की नींव: योगी

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने संविधान निर्माता, 'भारत रत्न' बाबा साहेब डा. भीमराव अंबेडकर जी के महापरिनिर्वाण दिवस पर उन्हें विनम्र श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए शनिवार को कहा कि बाबा साहब के विचार, सिद्धांत और दूरदृष्टि भारतीय लोकतंत्र की नींव हैं। मुख्यमंत्री ने शनिवार को एक्स पर लिखा कि सामाजिक न्याय के अग्रदूत, संविधान निर्माता, 'भारत रत्न' बाबा साहब डा. भीमराव अंबेडकर जी के महापरिनिर्वाण दिवस पर उन्हें विनम्र श्रद्धांजलि। बाबा साहब के विचार, सिद्धांत और दूरदृष्टि भारतीय लोकतंत्र की नींव हैं। समाज में व्याप्त विषमता, अन्याय और भेदभाव के विरुद्ध संघर्ष करते हुए समानता, स्वतंत्रता और बंधुता पर आधारित समाज के निर्माण का जो सपना बाबा साहब ने देखा था, वह आज भी हम सभी के लिए पथप्रदर्शक है।



**सेंसेक्स** 85712.37
**निफ्टी** 26146.45



**सोना रु.** 130150
प्रति 10 ग्राम (24 कैरेट)

## अर्थ व्यापार



**चांदी रु.** 190000
प्रति किलो



# देशभर में 37 प्रीमियम ट्रेनों में 116 अतिरिक्त कोच जुड़ेंगे

**नई दिल्ली, वार्ता**

रेलवे ने निजी विमानन कंपनी इंडिगो की उड़ानों के परिचालन में आई दिक्कतों के मद्देनजर यात्रियों को सुविधा मुहैया कराने के लिए देशभर की 37 प्रीमियम ट्रेनों में 116 अतिरिक्त कोच जोड़ने का निर्णय लिया है।

रेलवे की ओर से जारी विज्ञप्ति में बताया गया है हवाई यात्रा बाधित होने के कारण अचानक काफी संख्या में यात्रियों ने रेलवे की ओर रुख किया है। यात्रियों की इस तत्काल बढ़ी हुई मांग को देखते हुए भारतीय रेलवे ने देशभर की 37 प्रीमियम ट्रेनों में 116 अतिरिक्त कोच जोड़े हैं, जिससे हजारों की संख्या में अतिरिक्त सीटें उपलब्ध हो गई हैं। रेलवे ने कहा है कि



यात्रियों की सुविधा सुनिश्चित करने के लिए रेलवे ने एक क्षेत्रवार कार्य योजना लागू की है और विभिन्न रेल मंडलों ने अपने सबसे व्यस्त और ज्यादा मांग वाले मार्गों पर कोचों की संख्या बघई। विज्ञप्ति में बताया गया है कि दक्षिणी रेलवे ने सबसे अधिक कोच जोड़े हैं। दक्षिण रेलवे ने 18 ट्रेनों में अतिरिक्त कोच लगाए हैं। ये उपाय छह दिसम्बर से लागू हो गए हैं। इसमें विशेष तौर पर चेयर कार और स्लीपर क्लास के कोच शामिल हैं। वहीं उत्तर रेलवे भारी मांग वाले गलियारों पर दबाव कम करने के लिए आठ ट्रेनों में 3एसी (थर्ड एसी) और चेयर कार कोच जोड़े हैं। पश्चिमी रेलवे ने चार उच्च-मांग वाले मार्गों पर ट्रेनों में 3एसी और 2एसी कोचों की संख्या बढ़ाई है। इससे देश के पश्चिमी क्षेत्रों से राष्ट्रीय राजदानी की ओर आवाजाही सुगम होगी। पूर्वी मध्य रेलवे ने 6-10 दिसम्बर तक पांच फेरों के लिए राजेंद्र नगर-नई दिल्ली (12309) सर्विस में अतिरिक्त 2एसी कोच लगाया है, जिससे बिहार-दिल्ली के बीच आवागमन करने वाले यात्रियों को किसी तरह की कोई असुविधा न हो। रेलवे ने कहा है कि पूर्वी रेलवे ने यात्रियों की मांग के मद्देनजर तीन प्रमुख ट्रेनों में सात और आठ दिसम्बर को छह फेरों के लिए स्लीपर क्लास कोच बढ़ाएगा।

# सोने का दाम गिरा, चांदी के भाव में तेजी आई

**नई दिल्ली।** सोने ने 1.30 लाख रुपये का रिकॉर्ड तोड़ दिया है, जबकि चांदी के भाव में तेजी देखी गई। अमे.रिका में मंदी की आहट और फेडरल रिजर्व के फैसले से पहले बाजार में बड़ा सवाल यह है कि क्या सोना अब 1.50 लाख के ऐतिहासिक स्तर को छुएगा? 24 कैरेट सोने का भाव 540 रुपये घटकर 1,30,150 रुपये प्रति 10 ग्राम रहा, वहीं सोने के उलट शनिवार को भारत में चांदी के रेट में तेजी आई है। 1 किग्रा चांदी 3,000 रुपये बढ़कर 1,90,000 रुपये पर आ गया है। इस हफ्ते चांदी ने सोने से बेहतर परफॉर्म किया है और इसमें 1 परसेंट से ज्यादा की तेजी आई है, जबकि सोने में 0.41 परसेंट की गिरावट आई है।

सेन्को गोल्ड के एमडी और सीईओ सुवंकर सेन का कहना है कि अगर ग्लोबल मार्केट का सपोर्ट मिलता रहा, तो सोना जल्द ही 1.50 लाख रुपये प्रति 10 ग्राम का स्तर भी पार कर सकता है। आभूषण बनाने के लिए ज्यादा इस्तेमाल होने वाले 22 कैरेट सोने की कीमत 1,19,260 रुपये प्रति 10 ग्राम पर पहुंच गई है। देश के अन्य महानगरों की बात करें, तो मुंबई, चेन्नई और कोलकाता में भाव दिल्ली के मुकाबले थोड़े कम हैं, लेकिन वहां भी तेजी बरकरार है। इन शहरों में 22 कैरेट सोने का भाव 1,19,110 रुपये और 24 कैरेट का भाव 1,29,940 रुपये प्रति 10 ग्राम चल रहा है। जयपुर, लखनऊ और चंडीगढ़ जैसे उत्तर भारत के प्रमुख शहरों में कीमतें दिल्ली के बराबर ही बनी हुई हैं। वैश्विक बाजार की बात करें, तो चांदी का हाजिर भाव 58.17 डॉलर प्रति औंस पर कारोबार कर रहा है। चांदी में आई यह गिरावट उन लोगों के लिए एक अच्छा मौका है।

# चावल, गेहूं और दालों में रही नरमी, चीनी मजबूत, खाद्य तेलों में घट-बढ़ रही

**नई दिल्ली, वार्ता**

घरेलू थोक जिंस बाजारों में शनिवार को चावल की औसत कीमतों में गिरावट रही। गेहूं और दालों के दाम भी घट गए। चीनी में तेजी रही। वहीं खाद्य तेलों में उतार.चढ़ाव देखा गया। औसत दर्जे के चावल की औसत कीमत 38 रुपये घटकर 3,823.09 रुपये प्रति क्विंटल रह गई।

गेहूं भी नौ रुपये प्रति क्विंटल सस्ता हुआ और 2,844.45 रुपये प्रति क्विंटल के भाव बिका। आटा आठ रुपये प्रति क्विंटल गिर गया। दाल.दलहनों में गिरावट रही। उड़द दाल 24 रुपये और तुअर दाल 57 रुपये प्रति क्विंटल सस्ती हुई। चना दाल 52 रुपये गिर गया। मसूर दाल की कीमत 54 रुपये और मूंग दाल की 15 रुपये प्रति क्विंटल घट गई। स्थानीय बाजारों में सरसों तेल औसतन 69 रुपये प्रति क्विंटल महंगा हुआ। अन्य तेलों में नरमी रही। मूंगफली तेल 93 रुपये और पाम ऑयल 28 रुपये प्रति क्विंटल सस्ता हुआ। सूरजमुखी तेल की कीमत 14 रुपये और वनस्पति की नौ रुपये घट गई। सोया तेल में टिकाव रहा। मीठे के बाजार में आज गुड़ की औसत कीमत 11 रुपये प्रति क्विंटल बढ़ गई। चीनी भी छह रुपये प्रति क्विंटल महंगी हुई।



सरकारी वेबसाइट पर जारी खाद्यान्नों के दिन के औसत थोक भाव इस प्रकार रहे: दाल-दलहन: दाल चना 7812.14 रुपये, मसूर काली 8116.37 रुपये, मूंग दाल 10089.27 रुपये, उड़द दाल 10356.15 रुपये, तुअर दाल 10525.12 रुपये प्रति क्विंटल। अनाज : (भाव प्रति क्विंटल) गेहूं दड़ा 2844.45 रुपये और चावल 3823.09 रुपये प्रति क्विंटल, आटा (गेहूं) 3288.75 रुपये प्रति क्विंटल। चीनी. गुड़: चीनी एस 4335.25 रुपये और गुड़ 5024.90 रुपये प्रति क्विंटल बोले गए। खाद्य तेल: सरसों तेल 17705.97 रुपये, मूंगफली तेल 17654.54 रुपये, सूरजमुखी तेल 15699.01 रुपये सोया तेल 13781.16 रुपये, पाम ऑयल 12440.97 रुपये और वनस्पति 14461.12 रुपये प्रति क्विंटल के स्तर पर रहा।

## प्रथम पृष्ठ के शेष...

**देश की...** सरकार अब देशभर में स्पेशल कैंप लगाकर असली हकदारों को खोज रही है। अब तक लगभग 5000 जिलों में कैंप लगाकर करोड़ों रुपये सही लोगों तक वापस पहुंचाए जा चुके हैं। अंग्रेजों को पता था लंबे समय तक राज करना है, तो उनमें हीनभावना का संचार करना होगा। उस दौर में अंग्रेजों ने यही किया भी इसीलिए भारतीय पारिवारिक संरचना को पुराना बताया पोशाक का मजाक उड़ाया। त्योहार को इरेशनल कहा गया। भारतीय आविष्कारों का मजाक उड़ाया गया। पीढ़ी दर पीढ़ी यही चलता रहा। ऐसे ही भारतीयों का विश्वास चकनाचूर होता गया। भारत का स्पेस सेक्टर पहले सरकारी कंट्रोल में था हमने इसे प्राइवेट सेक्टर के लिए खोला। आज इसके नतीजे देश देख रहा है। अभी 11 दिन पहले हैदराबाद में स्काई रूट कैंपस का इनॉगरेशन किया। यह भारत की प्राइवेट स्पेस कंपनी है। यह कंपनी फ्लाईरेडी विक्रम 1 बना रही है। प्रधानमंत्री ने कहा कि जी 7 की इकोनॉमी औसतन 1.5 फीसदी के पास है इन परिस्थितियों में भारत लो इंफ्लेशन मॉडल बना है। एक समय देश में ज्यादा महंगाई को लेकर चिंता जताते थे आज वे कम होने की बात करते हैं। एक समय था जब भारत में रिफॉर्म स्वार्थ के चलते होते थे। या संकट को मैनेज करने के लिए लेकिन आज देशहित में होते हैं। देश के हर सेक्टर में कुछ न कुछ बेहतर होता रहता है। हमारा इंटेंट नेशन फर्स्ट का है। भारत के एक सामर्थ्य का बड़ा हिस्सा लंबे समय तक अनटैप रहा है। हमारा पूर्वी भारत, गांव, नारी शक्ति, छोटे शहर, यूथ पावर, ब्लू इकोनॉमी का इस्तेमाल पहले के दशकों में हो ही नहीं पा रहा था। भारत अब इनके साथ आगे बढ़ रहा है। पूर्वी भारत में आधुनिकता पर निवेश हो रहा है, हमारे गांव भी आधुनिक सुविधाओं से लैस हो रहे हैं। हमारे गांव में किसान एफपीओ बनाकर मार्केट से जुड़ रहे हैं। हमारे देश में ऐसे प्रावधान थे, जहां छोटी गलती को गंभीर अपराध माना जाता था। हम कानून लाए उन्हें अपराध की कैटैगरी से हटाया। पहले 1000 रुपये के लोन के लिए बैंक गारंटी मानता था। हमने इसे तोड़ा। अब 37 लाख तक गारंटी फ्री लोन मिलता है। इस पैसे से उन परिवारों के नौजवानों को एन्टरप्रेन्योर बनने का अवसर मिल रहा है।

**सरकार नेहरू को...** जा रहा है। उनकी बहुमुखी विरासत खत्म करके दोबारा इतिहास लिखने की को.शिश हो रही है। सोनिया गांधी ने कहा कि स्वतंत्रता संग्राम में नेहरू की भूमिका और स्वतंत्र भारत के शुरुआती कठिन दशकों में उनके नेतृत्व को कम दिखाने की कोशिश की जा रही है। उनकी बहुआयामी विरासत को एकतरफा तरीके से नुकसान पहुंचाने के प्रयास किए जा रहे हैं। कांग्रेस नेता ने कहा कि यह प्रयास कौन कर रहा है, हम सभी जानते हैं। यह वे ताकतें हैं, जो साल-दशकों से सक्रिय हैं और अब सामने आई हैं। ये उस विचारधारा से जुड़ी हैं, जिसका स्वतंत्रता आंदोलन में कोई योगदान नहीं था और न ही संविधान निर्माण में उनकी कोई भूमिका थी। बल्कि, उन्होंने संविधान का विरोध किया और उसकी प्रतियां जलाने तक की घटनाएं की थीं। सोनिया गांधी ने कहा कि यह वही विचारधारा है, जिसने लंबे समय पहले नफरत का माहौल बनाया, जिसके कारण महात्मा गांधी की हत्या हुई। आज भी उस विचारधारा को मानने वाले लोग गांधी के हत्यारों का महिमामंडन करते हैं। यह विचारधारा लगातार हमारे नेताओं के मूल्यों को खारिज करती रही है।

# इंडिगो संकट के बीच अतिरिक्त उड़ानों का संचालन करेगी एयर इंडिया

**नई दिल्ली, वार्ता**

इंडिगो संकट के बीच टाटा समूह की विमान सेवा कंपनी एयर इंडिया और उसकी सहयोगी एयर इंडिया एक्सप्रेस अतिरिक्त उड़ानों का संचालन करेगी।

एयर इंडिया ने शनिवार को सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर एक पोस्ट में बताया कि वह यात्रियों और उनके बैगेज को जल्द से जल्द उनके गंतव्यों तक पहुंच.ाने के लिए अतिरिक्त उड़ानें शुरू करने के विकल्प तलाश रही है। एयर इंडिया ने दावा किया है कि उसने 04 दिसम्बर से जारी भारी मांग के बीच खुद ही पहल करते हुए किराए की कैपिग की है, ताकि यात्रियों को परेशानी न हो। हालांकि इस पोस्ट के उत्तर में कुछ नेटिजन्स ने एयर इंडिया के ऐप के स्क्रीनशॉट साझा किए हैं, जिसमें साफ दिख रहा है कि किराया कई गुना पहुंच चुका है। साथ ही कुछ ने अपने टिकट की तस्वीर और कुछ ने अन्य प्लेटफॉर्मों पर टिकट की कीमत के स्क्रीनशॉट साझा किए हैं। उल्लेखनीय है कि इंडिगो की 4 दिसम्बर से अबतक लगभग दो हजार उड़ानें रद्द हो चुकी हैं और आज रात तक यह संख्या और बढ़ सकती है। सूत्रों ने बताया कि अप्रत्याशित मांग को देखते हुए सरकार ने इंडिगो के अलावा दूसरी विमान सेवा कंपनियों से अस्थाई तौर पर अतिरिक्त उड़ानें चलाने के लिए कहा है।

### होटलों, उड़ानों का भी अधिकतम किराया तय हो: खंडेलवाल

**नई दिल्ली।** लोकसभा सांसद प्रवीण खंडेलवाल ने शनिवार को उपभोक्ता वस्तुओं के अधिकतम खुदरा मूल्य की तरह होटलों और उड़ानों जैसी सेवाओं का भी अधिकतम किराया तय करने की मांग की। दिल्ली की चांदनी चौक सीट से भाजपा सांसद ने इंडिगो संकट के मद्देनजर केंद्रीय उपभोक्ता मामलों के मंत्री प्रह्लाद जोशी को लिखे पत्र में कहा कि इंडिगो संकट के कारण घरेलू हवाई किराए सामान्य स्तर से बढ़कर 70,000-80,000 रुपये तक पहुंच गए हैं। वहीं दिल्ली के एयरोसिटी क्षेत्र के होटल प्रति रात 70,000 रुपये से अधिक वसूल रहे हैं। इससे फंसे हुए यात्रियों को खुले आम संकट- आधारित लूट का शिकार होना पड़ रहा है। सुझाव दिया है कि परिचालन संकट की स्थिति में एयरलाइंस और होटलों द्वारा वसूले जाने वाले किरायों को नियंत्रित करने के लिए एमआरपी की तर्ज पर 'अधिकतम स्वीकार्य किराया' की व्यवस्था लागू की जाए।

शाह टाइम्स क्लासीफाईड्स Sale

स्त्री के सामने लज्जित होने से बेहतर है
आज ही इलाज करा लेना खोई हुई मर्दाना ताकत दोबारा प्राप्त करने के लिए आज ही मिलें या फोन करें।
काजीजादा, अमरोहा-UP
हाशमी दवाखाना
9997161320, 8272800800

काम कोर्स
उदास क्यों?
अधिक संतुष्टि, हैरतअंगेज पावर, शीघ्रपतन, नपुसकता, बचपन की गलतियों से हमेशा के लिए छुटकारा।
फोन कर घर बैठे औषधियां डाक द्वारा प्राप्त करें।
ऋषि इन्टरनेशनल
08899787114
09808917010

Cipzer
HEALTH WITH CARE
जॉन्डिस क्योर
लिवर का जिगरी दोस्त



भूख की कमी, बदहजमी जॉन्डिस, फैटी लीवर, एल्कोहलिक लिवर डिजीज आदि से लड़ने की ताकत देता है ताकि आप रहे फिट एण्ड एक्टिव
प्रमुख मेडिकल स्टोर पर उपलब्ध।
86 8484 5757 info@cipzer.com

वैधानिक सूचना
पाठकों को सुझाव दिया जाता है कि इस अखबार में प्रकाशित होने वाले सभी विज्ञापनों पर कार्यवाही करने से पहले पूरी जांच-पड़ताल कर लें तथा उचित सलाह ले लें। कोई भी अभिदाता जो इस अखबार में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के संदर्भ में कोई राशि भेजता है, किसी चिकित्सीय सलाह पर कोई कार्यवाही या खर्च करता है या कोई वचन देता है, तो ऐसा वह स्वविवेक, बुद्धि तथा जोखिम पर करेंगे। कम्पनी, प्रकाशक या उसका कोई कर्मचारी विज्ञापनदाता या उसके किसी उत्पाद या सेवा हेतु किये गये किसी दावे की सच्चाई का आश्वासन नहीं देते तथा ऐसे विज्ञापनों विश्वास करके किसी व्यक्ति को हुई क्षति, हानि परिणाम के लिए जिम्मेदार नहीं होंगे।

# संविधान शिल्पी को नम आंखों से किया याद

## भारत रत्न डॉ. बी.आर. आंबेडकर को परिनिर्वाण दिवस पर श्रद्धा भाव से किया गया नमन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** शनिवार को बाबा साहेब डॉ. भीमराव आम्बेडकर के परिनिर्वाण दिवस के अवसर पर लोगों ने दलगत भावना से ऊपर उठकर उनकी सेवाओं को याद किया। उनके द्वारा बताए गए रास्तों पर चलने का संकल्प लिया और जगह-जगह भंडारों व विचार गोष्ठियों का आयोजन किया गया। पूर्वी कचहरी मार्ग स्थित बाबा साहेब की मूर्ति पर सुबह से राजनैतिक दलों के कार्यकर्ता व विभिन्न सामाजिक संगठनों के लोग पहुंचने शुरू हो गए और उन्हें श्रद्धा भाव से नमन करते हुए उनकी सेवाओं को याद किया गया। उधर, दिल्ली रोड स्थित बाबा साहेब की प्रतीमा पर भी कई कार्यक्रम आयोजित हुए। देहात क्षेत्र में भी जगह-जगह से बाबा साहेब को नमन किया गया। बाबा साहेब किसी पहचान के मोहताज नहीं हैं लेकिन विशेष अवसरों पर जीवन पर प्रकाश डालना इसलिए जरूरी हो जाता है ताकि आने वाली पीढ़ि उन्हें पढ़कर समझ सकें कि वह एक व्यक्ति नहीं बल्कि सम्पूर्ण व्यक्तित्व थे। आज भी दुनिया के सबसे प्रकांड विद्वानों में उनकी गणना की जाती है। उन्हें विश्व रत्न कहा जाता है। भारत में भी गांधी और आम्बेडकर समान स्थान रखते हैं। 1932 में तो गांधी को उन्हें मनाने के लिए 32 दिन की भूख हड़ताल करनी पड़ी थी, जब डॉक्टरों ने कह दिया था कि गांधी जीवित नहीं रह पाएंगे तभी डॉ. आम्बेडकर झुके थे और पूना पैक्ट नामक एक विधेयक पास हुआ था। आजाद भारत में वह भारत के पहले कानून मंत्री बने और उन्हें संविधान सभा की सबसे महत्वपूर्ण समिति प्रारूप समिति का अध्यक्ष बनाया गया। प्रारूत समिति का निर्माण करने के कारण ही उन्हें संविधान का शिल्पी कहा जाता है। माना जाता है कि जब तक भारत में लोकतंत्र रहेगा तब तक रामायण के रचियता महर्षि वाल्मीकि और महाभारत के रचियता वेदव्यास की तरह भारत के संविधान के रचियता डॉ. बी.आर. आम्बेडकर




का नाम भी भारत के इतिहास में अजर अमर रहेगा, क्योंकि भारत का लोकतंत्र इतना मजबूत लोकतंत्र है कि आसानी से खत्म होने वाला नहीं है। हो सकता है कि एक ऐसा समय आए कि कुछ 100 वर्षों बाद प्रथम प्रधानमंत्री और प्रथम राष्ट्रपति लोगों को याद रहें न रहें लेकिन संविधान शिल्पी बाबा साहेब हमेशा लोगों में दिलों में रहेंगे क्योंकि संविधान वह चीज है जिसकी जानकारी हर नागरिक को दी जाती है और नागरिक का कर्त्तव्य होता है कि वह संविधान में दिए गए पथ का अनुसरण करे। आज जरूरत है बाबा साहेब के व्यक्तित्व को जानने की समझने की और उन पर राजनीति न करके उन्हें व्यवहार में लाने की कि किस तरह उन्होंने भारत के जातिवादी समाज को बंधनों से तोड़कर एकता के सूत्र में पिरो दिया है। आज सब लोग एक-दूसरे के खुशी गम में जाते हैं पहले ऐसा नहीं था जातिवाद की जड़ें भारत में बहुत मजबूत थी जो धीरे-धीरे कमजोर होती जा रही हैं और हमे आशा करनी चाहिए कि आने वाले समय में यह और भी कमजोर हो जाएंगी। जरूरत है बाबा साहेब को अधिक से अधिक लोगों में उनके संघर्ष के साथ पहुंचाने की, यही उनके परिनिर्वाण दिवस पर सच्ची श्रद्धांजलि होगी।


सपा के प्रदेश सचिव विपिन चौधरी बाबा साहेब की मूर्ति पर माल्यार्पण करते हुए।

# सपाइयों ने बाबा साहेब को दी श्रद्धांजलि

- परिनिर्वाण दिवस पर पार्टी कार्यालय पर कार्यक्रम का हुआ आयोजन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** समाजवादी पार्टी के जेल चुंगी स्थित जिला कार्यालय पर जिला अध्यक्ष कर्मवीर गुमी व पूर्व विधायक योगेश वर्मा ने बाबा साहेब के चित्र पर पुष्प अर्पित कर उन्हें श्रद्धांजलि दी। इस दौरान योगेश वर्मा ने कहा बाबा साहेब भीमराव अंबेडकर का संविधान ही देश के सभी धर्म और नागरिकों को आजादी से जीने का अधिकार देता है। उन्होंने लोगों से बाबा साहेब भीमराव अंबेडकर के पद चिन्हों पर चलने का आह्वान किया। इस दौरान समाजवादी पार्टी के जिला अध्यक्ष कर्मवीर सिंह गुमी, सिवाल खास विधानसभा के पूर्व प्रत्याशी नदीम चौहान मुख्य रूप से मौजूद रहे। नदीम चौहान ने कहा कि बाबा साहेब भीमराव अंबेडकर के संविधान की बदौलत ही आज विश्व में भारत एक महान देश के रूप में स्थापित है। बाबा साहेब भीमराव अंबेडकर हमेशा भारतवासियों के दिल में जिंदा रहेंगे।





## 10 से 28 दिसंबर के मध्य होगा खाद्यान्न का वितरणः डीएसओ

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** जिला पूर्ति अधिकारी विनय कुमार सिंह ने बताया कि आयुक्त, खाद्य तथा रसद विभाग, उ.प्र. जवाहर भवन, लखनऊ के पत्र के द्वारा राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम 2013 के अन्तर्गत माह दिसम्बर, 2025 के सापेक्ष आवंटित खाद्यान्न का निःशुल्क वितरण 10 दिसम्बर से 28 दिसम्बर के मध्य निःशुल्क वितरण कराए जाने के निर्देश निर्गत किये गये है। राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम, 2013 के अन्तर्गत जनपद में अन्त्योदय अन्न योजना के समस्त राशनकार्डो पर प्रति कार्ड 14 किग्रा. गेहू व 21 किग्रा. फोर्टिफाइड चावल खाद्यान्न एंव पात्र गृहस्थी योजना के राशनकार्डधारकों/लाभार्थियों को दो क्रिग्रा. गेहूं एवं तीन किग्रा. फोर्टिफाइड चावल खाद्यान्न का निःशुल्क वितरण तथा अन्त्योदय कार्डधारकों को अन्त्योदय कार्डधारको को माह दिसम्बर-2025 में त्रैमास अक्टूबर से दिसम्बर 2025 के सापेक्ष तीन किग्रा. चीनी प्रति 18 रुपये की दर से 54 रुपये में वितरण किया जायेगा।


बाबा साहेब को नमन करते महानगर कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष रंजन शर्मा व अन्य।


बाबा साहेब की प्रतिमा को नमन करते कांग्रेस जिलाध्यक्ष गौरव भाटी।

# जिला पंचायत अध्यक्ष से टूटी सड़क बनवाने की मांग

- लावड़ आझौता के बीच कच्चे रास्ते से जल्द मिलेगी निजात
- भाजपा नेता साहिब रजा ने गौरव चौधरी से मुलाकात कर गिनाई समस्याएं

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**लावड़।** शनिवार को भाजपा नेता साहिब रजा ने जिला पंचायत अध्यक्ष गौरव चौधरी से उनके कार्यालय पर पहुंचकर शिष्टाचार भेंट की। इस दौरान उनसे ग्रीन वैली के निकट कच्चे रास्ते को जल्द से जल्द बनवाने की मांग की और स्थानीय लोगों की समस्याओं को भी उनके समक्ष रखा। जिस पर गौरव चौधरी ने संज्ञान लेते हुए मौके पर ही संबंधित अधिकारियों को फोन कर जल्द ही निरीक्षण कर निर्माण कार्य शुरू करने के दिशा-निर्देश दिए। साहिब रजा ने जनहित की समस्याओं को प्राथमिकता देने और तुरंत समाधान करने के लिए जिला पंचायत अध्यक्ष को धन्यवाद दिया।



## सम्पूर्ण समाधान दिवस में 32 शिकायतों में पांच का निस्तारण

### जिलाधिकारी की अध्यक्षता में हुआ कार्यक्रम

- चकरोड व भूमि पर कब्जा तथा पेंशन आदि के मुख्य रहे मामले
- एसएसपी व प्रशासनिक अधिकारी रहे मौजूद

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** तहसील सदर में आयोजित सम्पूर्ण समाधान दिवस की अध्यक्षता करते हुए डीएम डॉ. वी.के. सिंह ने तहसील दिवस में अधिकारियो को प्राप्त शिकायतों का समय सीमा के अंदर निस्तारण करने के निर्देश दिए। सम्पूर्ण समाधान दिवस में 32 शिकायती प्रार्थना पत्र प्राप्त हुये जिसमें से पांच का निस्तारण मौके पर ही कर दिया गया तथा शेष के समय सीमा के अन्तर्गत निस्तारण के आदेश संबंधित अधिकारियों को दिये गये।

तहसील सदर में आयोजित सम्पूर्ण समाधान दिवस पर डीएम ने कहा कि आमजन की शिकायतों का निस्तारण प्रदेश सरकार की प्राथमिकताओं में है। सभी अधिकारी प्राप्त शिकायतों का समयबद्ध व गुणवत्तापरक निस्तारण सुनिश्चित करें। सम्पूर्ण समाधान दिवस के अवसर पर प्राप्त शिकायतों में चकरोड पर अवैध कब्जा हटवाने, भूमि की पैमाईश कराने, पेंशन की मांग, पुलिस विभाग, राजस्व विभाग, समाज कल्याण विभाग, विकास विभाग, चकंबदी सहित विभिन्न विभागों से संबंधित 32 शिकायती प्रार्थना पत्र प्राप्त हुये जिनमें से 5 का निस्तारण मौके पर ही कर दिया गया जिन पांच लोगों का अधिकारियों ने निस्तारण किया है वह सभी शिकायतकर्ताओं ने उनका धन्यवाद दिया। उनका कहना था कि उनका यह मामला काफी समय से चल रहा था। जिसका शनिवार को अधिकारियों ने हल निकाल दिया। इस अवसर पर एसएसपी विपिन ताडा, अपर जिलाधिकारी प्रशासन सत्य प्रकाश सिंह, सीएमओ डॉ. अशोक कटारिया सहित अन्य संबंधित अधिकारी, कर्मचारी व आमजन उपस्थित रहे।


पार्टी कार्यालय पर बाबा साहेब के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित करते जिलाध्यक्ष मतलूब गौड़ व अन्य।

# खेत से निकलकर मार्ग पर पहुंचा अजगर, मचा हड़कंप

### एनएच 119 पर रुके वाहन, मौके पर पहुंची वन विभाग की टीम



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**लावड़।** इंचौली थाना क्षेत्र के बना गांव में शनिवार को एक विशालकाय अजगर मोनू नाईक के खेत से एन एच 119 के बराबर में रिंग रोड पर पहुंच गया। जिसे देखकर लोगों में हड़कंप मच गया। इस दौरान काफी संख्या में लोग इकठ्ठा हो गए काफी देर तक वाहन भी रुक गए। सूचना मिलने पर वन विभाग की टीम मौके पर पहुंची और अजगर का रेस्क्यू कर हस्तिनापुर सेंचुरी में ले जाकर छोड़ दिया। वहीं दिन भर लोगों के बीच चर्चा चलती रही।

# सपा नेता मुमताज आलम का प्रेरक कदम बाबा साहेब को साफ-सफाई से दी श्रद्धांजलि

### बाबा साहेब के परिनिर्वाण दिवस पर दिखाई अनूठी सेवा, अंबेडकर भवन जाकर की सफाई

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** बाबा साहब डॉ. भीमराव अम्बेडकर के परिनिर्वाण दिवस पर जहां पूरे देशभर में श्रद्धांजलि सभाएं और कार्यक्रम आयोजित किए गए, वहीं जनपद मेरठ के शाहजहांपुर निवासी एडवोकेट मुमताज आलम व समाजवादी पार्टी के नेता ने इस दिन को एक अलग और प्रेरणादायी तरीके से मनाया। वह अम्बेडकर भवन पहुंचे और स्वयं सफाई अभियान चलाकर समाज को स्वच्छता व समानता का संदेश दिया। स्थानीय लोगों के मुताबिक, मुमताज आलम एडवोकेट लंबे समय से सामाजिक कार्यों में सक्रिय रहते आए हैं। परिनिर्वाण दिवस के अवसर पर उन्होंने अम्बेडकर भवन की साफ-सफाई कर न केवल बाबा साहब को अपनी श्रद्धांजलि अर्पित की, बल्कि यह भी दर्शाया कि सामाजिक योगदान केवल मंचों और भाषणों से नहीं, बल्कि स्वयं हाथों से काम करके दिया जाता है। एडवोकेट मुमताज आलम ने कहा कि बाबा साहब ने हमें समानता शिक्षा और मानवता का जो मार्ग दिखाया, उसकी असली श्रद्धांजलि तभी है जब हम समाज के प्रति अपने कर्तव्यों को ईमानदारी से निभाएं। सफाई करना कोई छोटा काम नहीं, बल्कि एक जिम्मेदारी है। उनके इस कदम की स्थानीय लोगों ने सराहना की और इसे एक प्रेरक उदाहरण बताया।



# छात्रवृत्ति फार्म की तिथि आगे बढ़ाने की मांग को लेकर छात्रों ने सौंपा ज्ञापन

### 20 दिसंबर है फार्म जमा करने की अन्तिम तारीख



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** समाजवादी पार्टी छात्र सभा इकाई छात्र संघ के अध्यक्ष मोहम्मद फैसल ग्यास ने एक ज्ञापन जिला अधिकारी को सौंपा है।

जिसमें उनका कहना था कि सत्र 2025 26 की छात्रवृत्ति की वेबसाइट काफी समय से बंद थी, इस कारण छात्र अपना फॉर्म नहीं भर पाए। इस फॉर्म को भरने में काफी प्रक्रिया पूरी करनी पड़ती है जिसमें तीन से चार दिन का समय लगता है। 20 दिसंबर छात्रवृत्ति की आखिरी तिथि है छात्रों ने इस तिथि को आगे बढ़ाने की मांग की है जिससे छात्र ठीक समय पर छात्रवृत्ति का फॉर्म भर सके और उन्हें इसका लाभ मिले। इस दौरान छात्रों ने कहा कि छात्रवृत्ति की वेबसाइड को भी ठीक प्रकार से चलाया जाए।

# नागरिक सुरक्षा स्थापना दिवस की 63वीं वर्षगांठ पर झण्डारोहण कार्यक्रम आयोजित

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** नागरिक सुरक्षा स्थापना दिवस की 63वीं वर्षगांठ के अवसर पर नागरिक सुरक्षा कार्यालय टाउनहाल घण्टाघर मेरठ पर विभागीय झण्डारोहण कार्यकम का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि जिलाधिकारी/नियंत्रक, नागरिक सुरक्षा मेरठ डॉ. वी.के. सिंह द्वारा झण्डारोहण किया गया। कार्यक्रम के विशिष्ठ अतिथि अपर जिलाधिकारी (नगर) बृजेश कुमार सिंह एवं एसडीएम (जे.) मृदुला दूबे रहे। नागरिक सुरक्षा के छः प्रभागों के वार्डन पदाधिकारियों द्वारा कार्यक्रम में बढ़-चढ़ कर भाग लिया गया। सर्व प्रथम कार्यक्रम अतिथियों का स्वागत संदीप गोयल चीफ वार्डन द्वारा किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि जिलाधिकारी/नियंत्रक नागरिक सुरक्षा द्वारा उपस्थित पदाधिकारियों को शपथ दिलायी गयी। नवीन नारंग सहायक उपनियंत्रक (व.वे.) द्वारा गृह मंत्री भारत सरकार, पुलिस महानिदेशक नागरिक सुरक्षा उ.प्र. एवं अन्य वरिष्ठ पदाधिकारियों से प्राप्त संदेशो का वाचन किया गया एवं नागरिक सुरक्षा के कार्यों से अवगत कराया गया।




जिलाधिकारीधनियंत्रक नागरिक सुरक्षा ने अपने सम्बोधन में नागरिक सुरक्षा स्वयंसेवकों की निष्काम सेवा भावना से की जाने वाली सेवाओं की प्रशंसा की एवं कहा कि नागरिक सुरक्षा की टीम प्रत्येक मौके पर जिला प्रशासन को सहयोग करती रही है। विशिष्ठ अतिथि अपर जिलाधिकारी (नगर) बृजेश कुमार सिंह द्वारा नागरिक सुरक्षा स्वयंसेवको के कार्यों जिसमें मॉकड्रिल आयोजन, एसआईआर में सहयोग की भूरी-भूरी प्रशांस की। नागरिक सुरक्षा स्थापना दिवस का कार्यकम साप्ताहित रूप से मनाया जा रहा है। जिसमें सभी प्रभागों में जनजागरूकता रैली, वृक्षारोपण, सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता, अग्निशमन प्रदर्शन, मतदाता जागरूकता रैली आदि कार्यक्रम आयोजित किये जा रहे है। जिसकी रूपरेखा समस्त उपस्थित पदाधिकारियों को दी गयी।

संदीप गोयल चीफ वार्डन द्वारा कार्यकम के मुख्य अतिथि एवं विशिष्ठ अतिथियों को स्मृति चिन्ह भेट किया गया तथा समस्त अधिकारियों नागरिक सुरक्षा पदाधिकारियों का कार्यकम में प्रतिभाग करने पर धन्यवाद ज्ञापन किया। कार्यक्रम का संचालन नरेन्द्र सिंह मलिक डिप्टी चीफ वार्डन एवं नवीन नारंग सहायक उपनियंत्रक (व.वे.) द्वारा किया गया। स्टाफ ऑफिसर टू चीफ वार्डन बृजेश सैनी, प्रभागीय वार्डन मुकेश रस्तौगी, ओम प्रकाश शर्मा, धर्मेन्द्र शर्मा, फारूक चौधरी, राज कुमार खत्री, रमेश चन्द शर्मा, ऋषि कुमार शर्मा, उप प्रभागीय वार्डन मनोज जौहरी, राजाराम गिरी, स्टाफ ऑफिसर सिरा. जुद्दीन, जसवन्त सिंह, आदीप कुमार एवं समस्त घटना नियंत्रण अधिकारी, पोस्ट वार्डन, सैक्टर वार्डन आदि का सहयोग कार्यकम को सफल बनाने में रहा।

# दो दिवसीय स्काउट गाइड कैंप का हुआ समापन

## राष्ट्रीय कन्या इंटर कॉलेज में छात्राओं ने लगाए कैंप, दिखाई अपनी प्रतिभा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**लावड़।** दौराला मसूरी रोड पर स्थित राष्ट्रीय कन्या इंटर कॉलेज में चल रहे दो दिवसीय स्काउट गाइड कैंप का समापन हुआ। जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में राष्ट्रीय इंटर कॉलेज के अध्यापक शामिल हुए। कॉलेज की प्रधानाचार्य सुनीता भारती ने जानकारी देते हुए बताया कि शुक्रवार को दो दिवसीय स्काउट गाइड कैंप का आयोजन किया गया था जिसका समापन शुक्रवार को किया गया। उन्होंने बताया कि स्काउट गाइड की डिस्ट्रिक्ट ट्रेनिंग काउंसलर अर्चना जौहरी की देखरेख में आयोजन किया गया था।

जिसमें कॉलेज की छात्राओं ने बाइनरी प्रोजेक्ट के साथ-साथ मचान व एक से बढ़कर एक टैंट लगाए। जिनमें छात्राओं द्वारा स्वादिष्ट व्यंजनों के स्टॉल भी लगाए गए इस दौरान मुख्य अतिथियों ने व्यंजनों का स्वाद चखा और छात्राओं को आशीर्वाद दिया। इस अवसर पर प्रधानाचार्य सुनीता भारती के अलावा गाइड कैप्टन बीना बंसल, ललिता ढाका, प्राची सैनी, रेनू भारद्वाज, ममता यादव, ममता कश्यप, कुमकुम सैनी, रंजना, नेहा सैनी, संजय त्यागी, रतन आदि अध्यापक व अध्यापिकाएं सहित समस्त कॉलेज स्टाफ मौजूद रहा।





# चौधरी मुख्तार सिंह राजकीय महिला पॉलीटेक्निक की व्याख्याता मोनिका शर्मा बनीं डॉक्टर, दी बधाई



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मोदीपुरम।** पांच वर्षों की कड़ी मेहनत, समर्पण और कई शोध पत्रों के सफल प्रकाशन के बाद चौधरी मुख्तार सिंह राजकीय महिला पॉलीटेक्निक की कंप्यूटर साइंस विभाग की व्याख्याता मोनिका शर्मा ने पीएचडी की उपाधि हासिल कर संस्थान का नाम रोशन किया है। अब वे डॉ. मोनिका शर्मा बन गई हैं। उनके इस उपलब्धि पर परिवार, सहकर्मियों और छात्रों में खुशी की लहर दौड़ गई।

डाक्टर मोनिका शर्मा ने अपनी पीएचडी की उपाधि गलगोटियास यूनिवर्सिटी के प्रोफेसर डॉ. कुलदीप सिंह कसवा तथा बेनेट यूनिवर्सिटी के प्रोफेसर डॉ. दिलीप कुमार यादव के मार्ग दर्शन में पूर्ण की। दोनों मार्गदर्शकों ने उनके अनुसंधान कार्य की सराहना करते हुए कहा कि मो. निका का शोध कंप्यूटर साइंस के क्षेत्र में महत्वपूर्ण योगदान देगा। संस्थान के प्राचार्य और स्टाफ ने डॉ. मो. निका शर्मा को बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। परिवार के सदस्यों ने कहा कि मोनिका की यह उपलब्धि पूरे परिवार के लिए गर्व का विषय है। डॉ. मोनिका शर्मा ने अपनी सफलता का श्रेय अपने माता पिता, परिवार, गुरुओं और सहयोगी साथियों को देते हुए कहा कि आने वाले समय में वे शोध और शिक्षा के क्षेत्र में और भी बेहतर योगदान देने का प्रयास करेंगी।

## एक दिवसीय किसान प्रशिक्षण कार्यक्रम में...

# कृषि रोग प्रबंधन को नैनो कवक नाशकों की महत्ता पर चर्चा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मोदीपुरम।** जैव प्रौद्योगिकी महाविद्यालय, सरदार वल्लभभाई पटेल कृषि एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय, मेरठ द्वारा शनिवार को कवकज. नित रोगों के प्रबंधन में नैनो कवक नाशियों की भूमिका विषय पर एक दिवसीय किसान प्रशिक्षण कार्यक्रम का सफल आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का संयुक्त आयोजन उत्तर प्रदेश कृषि अनुसंधान परिषद, लखनऊ एवं विश्वविद्यालय के जैव प्रौद्योगिकी महाविद्यालय द्वारा किया गया।

इस अवसर पर मेरठ एवं आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों से लगभग 40 प्रगतिशील किसानों ने प्रतिभाग किया। किसानों को बताया गया कि आने वाले समय में स्मार्ट कृषि प्रणालियों और नैनो फॉर्मुलेशन के संयोजन से रोग प्रबंधन और प्रभावी होगा। प्रशिक्षण के उद्घाटन सत्र में डॉ. संजय सिंह, डायरेक्टर जनरल, उपकार लखनऊ में अपने सन्देश में किसानो के प्रशिक्षण हेतु अपने आशीर्वचन दिए। विश्वविद्यालय कुलपति प्रो. के. के. सिंह ने अपने सन्देश में प्रशिक्षण निदेशक एवं उनके सहयोगियों को कार्यक्रम के लिए शुभकामनाएं दी और कृषको क लिए उन्नत तकनीकों को अपनाने पर जोर दिया। डॉ. रविंद्र कुमार, अधिष्ठाता, जैव प्रौद्योगिकी महाविद्यालय ने सभी प्रतिभागियों का स्वागत किया और




कार्यक्रम की उद्देश्यपूर्ण पृष्ठभूमि प्रस्तुत की। डॉ. नीलेश कपूर, प्रशिक्षण निदेशक ने प्रशिक्षण कार्यक्रम की रूपरेखा प्रस्तुत करते हुए किसानों को आश्वस्त किया कि इस प्रकार के कार्यक्रमों का उद्देश्य किसानों को नई तकनीकों से जोड़ना और उन्हें आत्मनिर्भर बनाना है। कार्यक्रम के विशिष्ठ अतिथि डॉ. रामजी सिंह ने अपने व्याख्यान में नैनो-कृषि की महत्ता पर प्रकाश डाला। डॉ. हितेश कुमार ने किसानों को गेहूं में पाई जाने वाली प्रमुख बीमारियों झुलसा, करनाल बंट, पाउडरी मिल्डयू, रतुआ आदि से बचाव के उपाय बताए। इस प्रशिक्षण कार्यक्रम की सबसे महत्वपूर्ण विशेषता यह रही कि इसमें उपस्थित किसानों को अपनी समस्याएं खुलकर प्रस्तुत करने का अवसर मिला।

## सात दिसंबर को समस्त मतदेय स्थलों पर आयोजित किया जायेगा बूथ दिवस

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** अपर जिलाधिकारी (प्रशासन)/उप जिला निर्वाचन अधिकारी मेरठ सत्य प्रकाश सिंह ने समस्त निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी जनपद मेरठ को पत्र प्रेषित करते हुये बताया कि 04 दिसम्बर 2025 को आयोजित बूथ दिवस के अवसर पर अधिकांश मतदेय स्थलों पर राजनैतिक दलों द्वारा नियुक्त बीएलए उपस्थित नहीं हुए, जिस कारण बूथ दिवस आयोजित करने का उद्देश्य ही किल हो गया। अधिकतर बूथों पर न तो बीएलओ-बीएलए की मीटिंग हो सकी और बीएलओ-बीएलए के साथ एएसडी सूची ही साझा कर सका इसलिए उपरोक्त के दृष्टिगत आपसे अपेक्षा है कि पुनः सात दिसम्बर को प्रात 10 बजे से दोपहर दो बजे तक अपने विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र के समस्त मतदेय स्थलों पर बूथ-दिवस आयोजित कराना सुनिश्चित करें। इसके अतिरिक्त अपने समस्त बीएलओं को निर्देशित करें कि सात दिसम्बर 2025 की समस्त राजनैतिक दलों द्वारा नियुक्त किये गये बूथ लेवल एजेन्टों के साथ समन्वय स्थापित करते हुए, बूथ-दिवस के आयोजन में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभाने हेतु उपस्थित रहेंगे। इस आयोजन के दौरान, बीएलओ अपने बूथ से संबंधित समस्त बूथ लेवल एजेन्ट के साथ बूथ पर उपस्थित रहकर अवशेष मतदाताओं के गणना प्रपत्र प्राप्त करना सुनिश्चित करेंगे।

आपकी विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र के जिन बूथों पर 90 प्रतिशत से अधिक कार्य सम्पन्न हो गया है वहाँ पर मुख्य निर्वाचन अधिकारी, उत्तर प्रदेश, लखनऊ के पत्र दिनाक 01 दिसम्बर 2025 द्वारा दी गई व्यवस्था द्धएसओपीऋ के अनुसार बीएलओ और बीएलए की संयुक्त मीटिंग कराते हुए उस मीटिंग का कार्यवृत्त तैयार करने, फोटोग्राफ संरक्षित रखने आदि हेतु निर्देशित करना सुनिश्चित करें।

# बाबा साहेब के महापरिनिर्वाण दिवस पर श्रद्धांजलि कार्यक्रम आयोजित

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** संविधान निर्माता भारत रत्न डॉ. भीमराव अंबेडकर के महापरिनिर्वाण दिवस पर सोमवार को शिव चौक (मंडल कंकरखेड़ा) में श्रद्धांजलि कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर बड़ी संख्या में लोग एकत्र होकर बाबा साहब के चित्र पर पुष्प अर्पित कर उन्हें नमन किया। कार्यक्रम में संयुक्त व्यापार संघ के उपाध्यक्ष नीरज मित्तल, मंडल उपाध्यक्ष ओमवीर सिंह, मनमोहन हरदोई, बृजपाल सिंह, जतिन ठाकुर, संदीप वेद, विनोद राज, कंचन राज, नितिन सिंह, अमरपाल प्रधान, अमित गुप्ता, वैभव त्यागी, दीपक तोमर, पुरुषोत्तम व सुरेंद्र ठाकुर सहित अनेक कार्यकर्ता मौजूद रहे। सभी ने सामूहिक रूप से पुष्प अर्पित कर व कैंडल जलाकर बाबा साहब को श्रद्धांजलि दी और उनके बताए मार्ग पर चलने का संकल्प लिया।



## डीएम ने इस्माईल नेशनल महिला व आर.जी. इंटर कॉलेज परीक्षा केन्द्रों का किया निरीक्षण

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** उ.प्र. लोक सेवा आयोग की सहायक अध्यापक प्रशिक्षित स्नातक श्रेणी (पुरूष/महिला) प्रारंभिक परीक्षा के दृष्टिगत आज जिलाधिकारी डॉ. वी.के. सिंह द्वारा इस्माईल नेशनल महिला (पी.जी.) कॉलिज, रघुनाथ गर्ल्स इंटर कॉलेज परीक्षा केन्द्रों का निरीक्षण कर सीसीटीवी कैमरा, कंट्रोल रूम, बायोमैट्रिक व्यवस्था, सुरक्षा व्यवस्था सहित अन्य व्यवस्थाओ का जायजा लिया गया व संबंधित को आवश्यक दिशा-निर्देश दिये गये। इस अवसर पर अपर जिलाधिकारी नगर बृजेश सिंह व विद्यालय का स्टाफ उपस्थित रहा।

# बाबा साहेब हमेशा लोगों के दिलों में जिंदा रहेंगे: महबूब

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** किसान नेता महबूब अली सोलाना ने संविधान निर्माता बाबासाहेब भीमराव अंबेडकर के परिनिर्वाण दिवस पर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की और कहा कि बाबा साहेब के संविधान की बदौलत ही आज भारत विश्व में सबसे महान लोकतंत्र वाला देश है। बाबा साहेब के संविधान ने ही देश में सभी नागरिकों को समान जीवन जीने का अधिकार दिया है। बाबा साहेब हमेशा भारतवासियों के दिल में जिंदा रहेंगे। इस दौरान किसान नेता महबूब अली ने बाबा साहेब भीमराव अंबेडकर परिनिर्वाण दिवस के अवसर पर कई कार्यक्रमों में भाग लिया।




HDFC BANK

# एचडीएफसी बैंक लिमिटेड

शाखा : द कैपिटल कोर्ट, मुनिरका, आउटर रिंग रोड, ओलोफ पाल्मे मार्ग, नई दिल्ली-67, फोन : 011-41596676/568, कॉर्पोरेट पहचान संख्या : एल65920एमएच1994पीएलसी080618, वेबसाइट : www.hdfcbank.com

## ई-नीलामी बिक्री सूचना (केवल ई-बिडिंग के माध्यम से बिक्री)

**वित्तीय परिसम्पत्तियों के प्रतिभूतिकरण एवं पुनर्निर्माण और प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियम, 2002 के नियम 8 (6) के प्रावधानों के साथ पठित प्रतिभूति हित अधिनियम, 2002 के प्रवर्तन के अंतर्गत अचल परिसम्पत्तियों की बिक्री के लिए बिक्री सूचना**

कॉलम (क) में वर्णित कर्जदार (रों) और गारंटर (रों) और आम जनता को एतद्द्वारा सूचित किया जाता है कि कॉलम (ग) में दर्शाई गई प्रतिभूत लेनदार के पास बंधक/प्रभारित अचल सम्पत्ति (यों) जिनका **एचडीएफसी बैंक लिमिटेड** (इससे पूर्व एचडीएफसी लिमिटेड जिसका माननीय एनसीएलटी-मुंबई के 17 मार्च 2023 दिनांकित आदेश से अनुमोदित समामेलन की एक योजना के तहत एचडीएफसी बैंक लिमिटेड में विलय हो गया है) **(एचडीएफसी)**, प्रतिभूत लेनदार के प्राधिकृत अधिकारी द्वारा कॉलम (घ) में वर्णित अनुसार रचनात्मक/भौतिक कब्जा लिया था, उन्हें नीचे दिये गये विवरणों के अनुसार **"जैसा है जहां है", "जो है जैसा है" एवं "जो भी वहां है" आधार पर बेचा जाएगा:**

प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियम, 2002 के नियम 8 (6) के अंतर्गत **कॉलम (क)** में वर्णित कर्जदार/बंधककर्ता (ओं)/कानूनी उत्तराधिकारी, विधिक प्रतिनिधियों (चाहे ज्ञात या अज्ञात), निष्पादक (कों), प्रशासक (कों), सबंधित कर्जदार (रों)/बंधककर्ता (ओं) (अब मृतक) के उत्तराधिकारी और वारिस, जैसा भी मामला हो, को एतद्द्वारा सूचित किया जाता है।

बिक्री के विस्तृत नियम व शर्तों के लिए कृपया एचडीएफसी प्रतिभूत लेनदार की वेबसाइट, यानी, www.HDFCBANK.Com पर दिये गये लिंक को देखें।

| (क) | (ख) | (ग) | (घ) | (ङ) | (च) | (छ) | (ज) | (झ) | (ञ) |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| कर्जदार (रों)/गारंटरों का नाम | वसूल की जाने वाली बकाया राशि (प्रतिभूत ऋण) (₹)* | अचल सम्पत्ति/प्रतिभूत परिसम्पत्ति का विवरण | अधिग्रहण का प्रकार | निरीक्षण की तिथि एवं समय | आरक्षित मूल्य (रु.) | बोलियाँ जमा करने की अंतिम तिथि | अग्रिम जमा राशि (रु.) | बोली बढ़ोत्तरी दर (रु.) | नीलामी की तिथि एवं समय |
| 1) श्री निखिल भारद्वाज (कर्जदार), श्री विवेक भारद्वाज (सह-कर्जदार) और श्रीमती प्रभा शर्मा (सह-कर्जदार) | 31-अगस्त-2021 को बकाया रु. 27,48,551/- (सत्ताईस लाख अड़तालीस हजार पांच सौ इक्यावन रुपये मात्र) | यूनिट नंबर एस-05(जी+2), दूसरी मंजिल पर स्थित है, जिसमें 3 कमरे, 1 किचन, 2 टॉयलेट, 1 ड्राइंग रूम, 1 लॉबी और 3 बालकनी हैं जो रुबी हाइट्स, यूरोपियन एस्टेट्स कॉलोनी, गांव जितोली, तहसील सरधना, जिला मेरठ, उत्तर प्रदेश में स्थित है, इसका एरिया 96.09 वर्ग मीटर (लगभग) है के साथ निचली भूमि का अविभाजित आनुपातिक हिस्सा शामिल है। | भौतिक अधिग्रहण | 15-दिसम्बर-2025 प्रातः 11:00 बजे से अप0 3:00 बजे तक | रु. 36,50,000/- (छत्तीस लाख पचास हजार रुपये मात्र) | 09-जनवरी-2026 सायं 4:00 बजे से पहले | बोली राशि का 10% | रु. 10,000/- (दस हजार रुपये मात्र) | 12-जनवरी-2026 प्रातः 11:00 से 11:30 बजे तक |

*भुगतान और/या वसूली तक लागू अतिरिक्त ब्याज, लागत, व्यय और शुल्क के साथ।

**संभावित क्रेता/बोलीदाताओं को बोली प्रस्तुत करने से पहले स्वतंत्र रूप से बिल्डर/सोसायटी या किसी अन्य वैधानिक/बिजली/पानी/संपत्ति कर/अन्य बकाया आदि की राशि का पता लगाना होगा और यदि कोई बकाया राशि है, तो उसे सफल क्रेता/बोलीदाताओं द्वारा चुकाया जाना होगा और एचडीएफसी बैंक किसी भी प्रकार का भुगतान करने के लिए उत्तरदायी नहीं होगा।**

एचडीएफसी/एचडीएफसी का अधिकृत अधिकारी सफल बोलीदाताओं/खरीदारों द्वारा बाद में जानकारी की अनुपलब्धता या अन्यथा होने वाले किसी भी नुकसान के लिए किसी भी तरह की जिम्मेदारी या दायित्व स्वीकार नहीं करता है। सफल निविदाकार / खरीदार किसी भी आधार पर एचडीएफसी के खिलाफ कोई दावा नहीं कर सकते। इसलिए, संभावित खरीदारों/बोलीदाताओं के हित में होगा कि वे निविदाएं जमा करने और/या प्रस्ताव देने से पहले उन सभी महत्वपूर्ण तथ्यों से खुद को अवगत करा लें जो उनके निर्णय को प्रभावित कर सकते हैं। लंबित मुकदमे या किसी अन्य जानकारी के बारे में विवरण के लिए, कृपया इस बिक्री नोटिस के नियम और शर्तों को देखें।

एचडीएफसी बैंक लिमिटेड के अधिकृत अधिकारी की जानकारी के अनुसार, ऊपर बताई गई अचल संपत्तियों/सिक्योर्ड एसेट्स के संबंध में सीरियल नंबर 1 पर बताई गई प्रॉपर्टी को छोड़कर कोई रुकावट नहीं है, उधार लेने वालों ने एचडीएफसी के खिलाफ निम्नलिखित केस फाइल किए हैं। मुकदमों/कार्यवाही का विवरण इस प्रकार है:

| प्रॉपर्टी सीरियल नंबर | मुकदमे का नाम | माननीय ट्रिब्यूनल का विवरण |
|---|---|---|
| 1 | एस.ए. नं0 771 ऑफ 2024 जिसका टाइटल है श्री निखिल भारद्वाज बनाम एचडीएफसी बैंक लिमिटेड | डीआरटी, लखनऊ |

बिक्री उपरोक्त मुकदमों/कार्यवाही में माननीय डीआरटी/कोर्ट द्वारा समय-समय पर पारित किए जाने वाले अंतिम परिणाम और/या आदेशों, निर्देशों आदि के अधीन होगी। सफल बोली लगाने वाले/खरीदारों को उपरोक्त अचल संपत्ति/सिक्योर्ड एसेट पर लागू सभी रुकावटों को दूर करना होगा, जिसमें उपरोक्त रुकावटें भी शामिल हैं और माननीय कोर्ट/डीआरटी के आदेशों/निर्देशों का पालन करना होगा।

एचडीएफसी ने उपरोक्त मुकदमे में आवेदकों के दावे को स्वीकार नहीं किया है और सिक्योरिटाइजेशन एंड रिकंस्ट्रक्शन ऑफ फाइनेंशियल एसेट्स एंड एनफोर्समेंट ऑफ सिक्योरिटी इंटरेस्ट एक्ट, 2002 के तहत अधिकारों का प्रयोग करते हुए प्रस्तावित बिक्री, जैसा कि नीचे बताया गया है, एचडीएफसी के अधिकारों और उपलब्ध उपायों पर कोई प्रतिकूल प्रभाव डाले बिना होगी।

आज की तारीख में एचडीएफसी/एचडीएफसी के अधिकृत अधिकारी को उपरोक्त अचल संपत्तियों/सिक्योर्ड एसेट्स को बेचने, ट्रांसफर करने और/या निपटाने से रोकने और/या उन पर रोक लगाने वाला कोई आदेश नहीं है।

एचडीएफसी उन दस्तावेजों में दी गई जानकारी की सटीकता या पूर्णता की गारंटी नहीं देता है जिन पर उपरोक्त कार्यवाही (जो अभी विचाराधीन है) में भरोसा किया गया है या आवेदकों द्वारा दलीलों में या अन्यथा बताए गए किसी अन्य तथ्य या प्रस्तुतियों के अस्तित्व के बारे में।

**मेसर्स मेटेक्स नेट प्राइवेट लिमिटेड ई-निविदा प्रक्रिया से नीलामी में प्राधिकृत अधिकारी की सहायता करेगी। संपत्ति के निरीक्षण या निविदा दस्तावेज प्राप्त करने में किसी सहायता और किसी अन्य प्रश्न के उत्तर के लिए कृपया मेसर्स नेक्सजेन सॉल्यूशंस प्राइवेट लिमिटेड, श्री विकास कुमार-9650387768, श्री विजय - 7200538774, ई-मेल: solutions@matexnet.com, श्री एस. राजू- 9150757333, ई-मेल: raju.s@matexnet.com या उनकी वेबसाइट https://assets.matexauctions.com/ देखें या (एचडीएफसी बैंक लिमिटेड के अधिकारी) सुश्री पूजा शर्मा (ईमेल -pooja.sharma78@hdfc.bank.in) और श्री ऋषभ सिंह (ईमेल - rishabh.flag10@hdfc.bank.in) से संपर्क किया जा सकता है।**

निविदा दस्तावेज एचडीएफसी बैंक लिमिटेड (एचडीएफसी): कार्यालय 'दूसरी मंजिल, द कैपिटल कोर्ट, मुनीरका, ओलोफ पाल्मे मार्ग, नई दिल्ली-110067 या सीधे मैसर्स मेटेक्स नेट प्राइवेट लिमिटेड, नंबर: 37/22, चामियर्स टावर्स, 6वीं मंजिल, चामियर्स रोड, टेयनमपेट, चेन्नई - 600018 से एकत्र/प्राप्त कर सकते हैं।

प्रतिभूत परिसंपत्ति को "जैसा है जहां है" और "जो है जैसा है" आधार पर बेचा जा रहा है।

दिनांक : 06-दिसम्बर-2025
स्थान : मेरठ

पंजीकृत कार्यालय : एचडीएफसी बैंक हाउस, सेनापति बापट मार्ग, लोअर परेल (पश्चिम), मुंबई-400013

ह0/-
प्राधिकृत अधिकारी

# डीएम व एसपी ने सुनी तहसील दिवस में जनसमस्याएं

## तहसील संपूर्ण समाधान दिवस में विशेष कैंप लगाकर योजनाओं की दी गई जानकारी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बागपत।** जिलाधिकारी अस्मिता लाल व एसपी सूरज कुमार राज ने खेकड़ा तहसील संपूर्ण समाधान दिवस में जनसामान्य की शिकायतें सुनीं और संबंधित अधिकारियों को प्राप्त शिकायतों का गुणवत्ता के साथ निस्तारण करने के निर्देश दिए। तीलो तहसीलों संपूर्ण समाधान दिवस में 75 शिकायतें प्राप्त हुईं, जिनमें से मौके पर 11 शिकायतों का निस्तारण किया गया।

तहसील संपूर्ण समाधान दिवस में सरकार द्वारा संचालित जनकल्याणकारी योजनाओं के लाभार्थियों को लाभान्वित करने के उद्देश्य से कैंप भी लगाया जाता है, जिसमें पेंशन, दिव्यांग, राशन कार्ड, आयुष्मान, आवास आदि संबंधित विभागों के स्टाल लगाए जाते हैं और संबंधित लाभाथह्ल का प्राथमिकता के आधार पर कार्य किया जाता है। जिलाधिकारी ने समस्त जिला स्तरीय अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि जनता की शिकायतों एवं समस्याओं के निराकरण को लेकर उत्तर प्रदेश सरकार एवं शासन गंभीर है। उन्होंने सभी अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश देते हुए कहा कि तहसील संपूर्ण समाधान दिवस में जिन विभागों से संबंधित जनता की शिकायतें दर्ज हो रही हैं, सभी संबंधित अधिकारीगण गंभीरता के साथ तत्काल कार्यवाही सुनिश्चित करें और मौके पर जाकर संबंधित शिकायतों का निराकरण सुनिश्चित कराएं। इस अवसर पर एसडीएम खेकड़ा, परियोजना निद.ेशक राहुल वर्मा, डिप्टी कलेक्टर ज्योति शर्मा सहित अन्य विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।



## तहसील में जिलाधिकारी की पहल पर किया नेत्रदान शिविर आयोजित

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बागपत।** खेकड़ा शनिवार को खेकड़ा तहसील परिसर में जिलाधिकारी अस्मिता लाल की पहल पर एक नेत्रदान शिविर का आयोजन किया गया। इस शिविर में उपजिलाधिकारी खेकड़ा, तहसीलदार खेकड़ा, कलेक्ट्रेट प्रभारी और पुलिस अधीक्षक सहित कई अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने नेत्रदान का संकल्प लेते हुए अपना पंजीकरण कराया।

शिविर के दौरान नेत्रदान के महत्व पर विस्तृत जानकारी प्रदान की गई। डॉक्टरों की एक विशेष टीम ने शिविर में उपस्थित सभी इच्छुक प्रतिभागियों के फॉर्म भरवाकर आवश्यक औपचारिकताएं पूरी कीं। इस अवसर पर जिलाधिकारी अस्मिता लाल ने संबोधित करते हुए कहा कि नेत्रदान एक महत्वपूर्ण कार्य है, जिससे किसी दिव्यांग व्यक्ति के जीवन में फिर से प्रकाश लौट सकता है। उन्होंने सभी नागरिकों से नेत्रदान के प्रति आगे आने की अपील की। चिकित्सकों ने बताया कि नेत्रदान की प्रक्रिया व्यक्ति की मृत्यु के बाद पूरी की जाती है। मृत्यु के 5 से 6 घंटे के भीतर डॉक्टरों को सूचित करना आवश्यक होता है, ताकि नेत्रों को सुरक्षित रूप से प्राप्त कर जरूरतम.ंदों तक पहुंचाया जा सके। शिविर में मौजूद सभी अधिकारियों और कर्मचारियों ने नेत्रदान महादान की भावना को समझते हुए पंजीकरण कराया और समाज सेवा का संकल्प लिया। यह शिविर नेत्रदान के प्रति जागरूकता बढ़ाने और लोगों को प्रेरित करने की दिशा में एक प्रभावी कदम साबित हुआ।

## एसपी ने किया 25 पुलिसकर्मियों का फेरबदल

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बागपत।** एसपी सूरज कुमार राय को तबादला एक्सप्रेस चली जिसमें एक इंस्पेक्टर और 24 दरोगा सवार हुए सुरक्षा व्यवस्था को मजबूत करने के लिए सभी कार्य क्षेत्र में बदलाव किया गया है। वहीं सभी को नवीनतम तैनाती पर तत्काल आमद करने के निर्देश दिए गए हैं। इंस्पेक्टर रामचंद्र को पुलिसलाइन से थाना चांदीनगर में अपराध निरीक्षक बनाया गया है। वही दारोगा विकुल कुमार को धोली पियाऊ चौकी से छपरौली थाने भेजा गया है। दारोगा कृपानंद को लाइन से थाना खेकड़ा भेजा गया है। दारोगा कृपेंद्र को ककड़ीपुर चौकी प्रभारी बनाया गया है। दारोगा सतेंद्र सिंह सिद्धू को महिला थाना भेजा गया है। दारोगा शिव सिंह को सीओ पेशी से थाना एएचटी भेजा गया। दारोगा अशोक कुमार को थाना बड़ौत से धौली प्याऊ चौकी प्रभारी बनाया गया है। दारोगा आरिफ अली को तेडा चौकी हिंडन चौकी बालेनी भेजा गया है। दारोगा महेंद्र सिंह और टांडा चौकी प्रभारी बनाया गया है। महिला दरोगा शीलेश को थाना बिनौली से महिला थाना भेजा गया। दारोगा कुंवर पाल सिंह पुंडीर को डायल 112 से अभिसूचना इकाई भेजा गया। दारा.ेगा अजीत सिंह को थाना एएचटी से रिट सेल भेज गया है। दारोगा अमित कुमार को ललियाना चौकी प्रभारी बनाया गया। दारोगा विजयपाल सिंह को लाइन से प्रभारी सदर हवालात बनाया गया। दारोगा अनुज कुमार को लाइन से थाना सिंघावली अहीर भेजा गया। दारोगा दुर्गेश सिंह और मुकेश कुमार को लाइन से थाना छपरौली भेजा गया। दारोगा दलजीत सिंह को चौकी बाबा भेड़ीनाथ बनाया गया है। दारोगा युद्धवीर सिंह चौकी प्रभारी ग्वालिखेड़ा बनाया गया है। दारोगा संजीव कुमार को थाना बड़ौत से थाना एएचटी भेजा गया है। महिला दरोगा पारुल वर्मा को थाना बड़ौत से थाना रमाला भेजा गया। दारोगा नकुल राठी को चौकी प्रभारी तेडा बनाया गया है। दारोगा रामकुमार को थाना रमाला से न्यायिक सम्मान सेल भेज गया है। बरनावा चौकी प्रभारी राहुल यादव को बिनौली थाना भेजा गया है। दरोगा बिरजू शर्मा को थाना दोघट से साइबर सेल भेजा गया है। एसपी ने सभी पुलिसकर्मियों को नवीनतम तैनाती पर तत्काल अलामत करने के लिए निर्देशित किया है।

## चोरों ने की 13 नलकूपों से हजारों की चोरी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रटौल।** भागौट गांव के जंगल में चोरो ने 13 नलकूपों पर धावा बोल हजारो की चोरी कर ले गये। पीड़ित किसानो ने चोरी के खुलासे की मांग की है।

पिछले दो वर्षो से चोर लगातार नलकूपों को निशाना बना रहे है अभी ढिकोली क्षैत्र तो कभी रटौल क्षैत्र के जंगल मे चोर लगातार चोरी की घटनाओं को अंजाम दे रहे है। रात्रि भी चोरो ने भागौट गांव के जंगल से सोना, टीकाराम, रामपाल, जोगन, रजिले, सुखबीर, ओमबीर, प्रकाश, ओमी, करणी, नीता, ज्ञानी, बाबू के नलकूपों पर धावा बोल हजारो की कीमत के केवल काट ले गये। सुबह जब किसान नलकूपों पर पहुंचे तो चोरी की घटना का पता चला लगातार बढ़ती चोरी की घटनाओं को लेकर किसानो में आक्रोश बना हुआ है जिससे लेकर भारतीय किसान यूनियन (अम्बावता) के कार्यकर्ताओं ने चेतावनी देते हुए कहा है अगर पांच दिन में चोरी की घटनाओं का खुलासा नही हुआ तो वह थाना चांदीनगर में धरना प्रदर्शन करेगे।



## भूमि हस्तांतरण में गंभीर अनियमितताओं की शिकायत

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बागपत।** खेकड़ा तहसील क्षेत्र के रटौल गांव निवासी नसीम ने जिला.धिकारी अस्मिता लाल से गांव में भूमि हस्तांतरण में गंभीर अनियमितताओं की शिकायत की है। उन्होंने शनिवार को इस संबंध में एक शिकायती पत्र सौंपा।

नसीम ने आरोप लगाया है कि गांव के कुछ व्यक्ति यों ने फर्जी दस्तावेज तैयार कर संबंधित भूमि को अपने नाम करवा लिया है। इससे वास्तविक भूमि मालिकों के अधिकार प्रभावित हो रहे हैं। शिकायतकर्ता ने मामले की निष्पक्ष जांच और दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की है। जिला.धिकारी अस्मिता लाल ने इस प्रकरण को गंभीरता से लिया है। उन्होंने संबंधित विभागीय अधिकारियों को प्राथमिकता के आधार पर मामले की जांच करने के निर्देश दिए हैं। जिलाधिकारी ने आश्वासन दिया कि यदि शिकायत सही पाई जाती है, तो दोषियों के खिलाफ कड़ी कानूनी कार्रवाई की जाएगी। यह मामला सामने आने के बाद रटौल गांव के ग्रामीणों में भी भूमि प्रकरण को लेकर चर्चा बनी हुई है। प्रशासन ने अब दस्तावेजों की जांच और सत्यापन की प्रक्रिया शुरू कर दी है।



## एक नजर

### भारत रत्न डा.भीमराव अम्बेडकर का किया भावपूर्ण स्मरण



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बडौत।** नगर में शहर कांग्रेस कमेटी के तत्वावधान में दिल्ली रोड पर स्थित कार्यालय पर निष्ठावान व कांग्रेस समर्पित कार्यकर्ताओं ने भारतीय संविधान के शिल्पकार महान शिक्षा विद समाज सुधारक महान कानूनविद भारत रत्न डा.भीमराव अम्बेडकर की पुण्यतिथि बडे गर्व के साथ मनायी। उनकी तशवीर पर श्रद्धा सुमन अर्पित कर श्रदाँजलि अर्पित की। भावपूर्ण स्मरण करते हुए शत-शत नमन किया। विचार गोष्ठी का आयोजन किया गया उनके महान जीवन पर देशहित में किये गये। महान संवेधानिक कार्यो को याद करते हुए प्रकाश डाला गया। गोष्ठी की अध्यक्षता करते हुए शहर कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष रामहरी पंवार ने कहा डा.भीमराव अम्बेडकर ने दुनिया के सबसे सर्वश्रेष्ठ सविंधान का निर्माण किया। बाबा साहब ने भारत का संविधान बनाकर सभी को एक साथ जोडकर चलने का नारा दिया था। हमे उनके आदर्शो पर चलना चाहिए। सभी को समानता का अधिकार दिलाया भारतीय समाज को भिन्न भिन्न फूलों से एक गुलदस्ते मे सजोया समाजिक भेदभाव छुआ छूत को मिटाने मे अनूठा योगदान रहा। उन्होंने असहाय गरीब दलितो शोषित तबके के लोगों किसान मजदूर महिलाओं को समान अधिकार सम्मान से फलीभूत किया। उनके स्थापित किये कानूनी प्रावधान एतिहासिक है देश उनका सदैव रीणी रहेगा तथा 14 दिसम्बर 25 को दिल्ली रामलीला मैदान में होने वाली रैली को जोर शोर से सफल बनाने के लिए बढ चढ़ कर भाग लेने का आहवान किया। इसके लिए वरिष्ठजनो मार्गदर्शको से मशविरा कर रणनीति पर विचार किया जिम्मेदारी सौंपी गई। संचालन करते हुए पूर्व पीसीसी सदस्य देवेन्द्र चौहान ने बताया कि अम्बेडकर ने शिक्षित बनो संगठित बनो सघर्ष करो का जो सपना देखा था। आज धरातल पर दिखाई देता है यह नारा सामाजिक सुधार और सशक्तिकरण के लिए उनके द्रष्टिकोण को दर्शाता है। इस अवसर पर पूर्व पीसी क्रष्ण हरि पंवार डा.सुभाष शर्मा रामरंग पंवार बिजेन्द्र शर्मा प्रवेज चहीराम शोकेन्द्र तोमर औमबीर दुहण रविन्द्र तोमर औकार दत्त पप्पू कश्यप फारूक़ श्रीपाल आदि रहे।

## महापरिनिर्वाण दिवस पर बाबा साहेब को किया नमन, एसआईआर कार्यक्रम आयोजित





**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बागपत।** शनिवार को समाजवादी पार्टी कार्यालय पर संविधान निर्माता, विधिवेत्ता और ज्ञान के प्रतीक बाबा साहेब भीमराव अंबेडकर के महापरिनिर्वाण दिवस के अवसर पर समाजवादियों द्वारा श्रद्धा सुमन अर्पित किए गए।

इस अवसर पर सपा जिलाध्यक्ष रविंद्र देव यादव ने बाबा साहेब को नमन करते हुए कहा कि बाबा साहेब को संविधान निर्माण और सामाजिक न्याय के कार्यो के लिए सदियों तक याद किया जाता रहेगा। इस दौरान उत्तर प्रदेश में चल रहे मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण कार्यक्रम की जिले में प्रगति की समीक्षा की गई और समा.जवादी पार्टी के नेताओं, संगठन पदाधिकारीयों कार्यकर्ताओं को प्रत्येक मतदाता का नामांकन करने के कार्य के संबंध में सचेत रहकर आमजन के वोट के अधिकार को संरक्षित करने के लिए पूरी जिम्मेदारी से कार्य करने के निर्देश और जिम्मेदारी दी गई। सिंगोली तगा निवासी पंडित रविशंकर शर्मा को समाजवादी प्रबुद्ध सभा बागपत के जिलाध्यक्ष का दायित्व सौपा गया। इस मौके पर पूर्व जिलाध्यक्ष बिल्लू प्रधान, सपा प्रदेश सचिव संजीव त्यागी, जिला उपाध्यक्ष जितेन्द्र सिंह गुर्जर, संजय डीलर, राहुल यादव, मगन कश्यप आदि मौजूद रहे।

## गन्ने के खेत में पड़ा मिला व्यक्ति का शव

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**छपरौली।** कस्बे के बड़ौत मार्ग पर स्थित रॉबिन फार्म हाउस के पास गन्ने के खेत में एक व्यक्ति का शव पड़ा मिला। सुबह करीब 8:30 बजे राहगीरों ने सड़क किनारे खेत में शव देखकर इसकी सूचना तुरंत पुलिस को दी। सूचना पाकर पुलिस मौके पर पहुंची और मामले की जांच शुरू की।

पुलिस ने शव को अपने कब्जे मे लेकर पहचान कराई जिससे पता चला कि शव बागपत कोर्ट रोड निवासी 50 वर्षीय देवेंद्र कुमार उर्फ पप्पू पुत्र जगदीश शर्मा का है। जानकारी के अनुसार मृतक अपने परिवार के साथ कोर्ट रोड बागपत में रहता था। देवेंद्र कुमार टांडा गांव के जूनियर हाई स्कूल में लगभग 25 वर्षो से चपरासी के पद पर कार्यरत था। शनिवार सुबह खेत में शव मिलने की खबर सुनते ही परिजन मौके पर पहुंचे। शव को देखकर परिवार के लोगों में कोहराम मच गया। छपरौली इंस्पेक्टर आशीष पुंडीर ने बताया कि शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। उन्होंने कहा कि गन्ने के खेत के आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज की बारीकी से जांच की जा रही है, ताकि यह पता लगाया जा सके कि मृतक खेत तक कैसे पहुंचा और उसके साथ क्या हुआ। प्रारंभिक जांच में कोई स्पष्ट कारण नहीं मिल पाया है। उन्होंने कहा कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही मौत का वास्तविक कारण सामने आएगा।



## बिल्लू प्रधान ने एसआईआर जागरूकता को लेकर ई-रिक्शा को दिखाई हरी झंडी




**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बागपत।** शनिवार को समाजवादी पार्टी के पूर्व जिलाध्यक्ष बिल्लू प्रधान ने मेरठ रोड स्थित अपने कार्यालय से एसआईआर जागरूकता को लेकर ई-रिक्शा को हरी झंडी दिख ाकर रवाना किया। यह रिक्शा बागपत विधानसभा क्षेत्र में प्रत्येक गांव, गली और मौहल्लों में जाकर एसआईआर अभियान के तहत मतदाताओं को गणना पत्र भरने के लिए जागरूक करने की अपील करेगी। इस दौरान पूर्व जिलाध्यक्ष बिल्लू प्रधान ने कहा कि आज हम सभी समाजवादी साथी बाबा साहेब के महापरिनिर्वाण दिवस पर उनको नमन करते हुए लोकतांत्रिक मूल्य की रक्षा का संकल्प लेते हैं और उनके द्वारा निर्मित संविधान के अंतर्गत मिले सरकार चुनने के अधिकार से किसी को वंचित नहीं रहने देंगे। इस मौके पर सपा जिलाध्यक्ष रविंद्र यादव, अंतर्राष्ट्रीय पहलवान अर्जुन आवर्डी सुभाष तोमर, मनोज चौधरी, पवन गोठड़ा, काला विधूड़ी, ओमवीर विश्वकर्मा आदि मौजूद रहे।

## ग्रामीणों ने लगाया भूमि पर अवैध निर्माण का आरोप

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बागपत।** जनपद की खेकड़ा तहसील में आयोजित समाधान दिवस में नूरपुर गांव के ग्रामीण पहुंचे। उन्होंने रास्ते की भूमि पर अवैध निर्माण का आरोप लगाते हुए कार्रवाई की मांग की। ग्रामीणों का कहना है कि इस निर्माण से राहगीरों और स्थानीय लोगों को भविष्य में समस्याओं का सामना करना पड़ेगा।

ग्रामीणों ने जिलाधिकारी से शिकायत में बताया कि मसूरी गांव का मोहनलाल नामक व्यक्ति रास्ते की भूमि पर अवैध निर्माण कर रहा है। आरोप है कि एक फुट से अधिक रास्ते की जगह पर निर्माण किया जा रहा है, जिससे मार्ग अवरुद्ध हो रहा है। ग्रामीणों ने यह भी बताया कि कई बार शिकायत करने के बावजूद अवैध निर्माण करने वाले व्यक्ति पर कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई, जिसके कारण निर्माण कार्य निरंतर जारी रहा। अधिकारियों ने पूरे मामले की जांच कर कार्रवाई का आश्वासन दिया है। इस दौरान संजय आनंद, धर्म, सुभाष, दयानंद सहित अन्य ग्रामीण मौजूद रहे।



## बुधवार साप्ताहिक मार्केट बंदी आदेश को प्रभावी ढंग से लागू करने की मांग

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बडौत।** तीन जन मुद्दों की समस्या पर वार्ड नंबर 21 बावली रोड चीफ़ गन हाउस के बराबर की गली को कांग्रेस नेता सत्यपाल सिंह पथौलिया के मकान तक गली को सीसी रोड निर्माण हेतु एक साल पूर्व उखाडी गई गली में सीसी रोड का निर्माण कार्य शुरू कराने, जिस पर एडीएम महोदय ने ईओ नगरपालिका प्रशासन बड़ौत को शीघ्र सीसी रोड़ का निर्माण कराने के आदेश दिए। सालो से बंद पडी घरौनी की वैबसाइट को खुलवानें, विदित हो जनपद में ग्रामीण इलाकों में मकानों की वास्तविक स्थिति का आंकलन करने हेतु राज्स्व विभाग द्वारा सर्वें कराया गया था तथा इसके बाद इस सर्वे को राजस्व अभिलेखों में दर्ज किया गया था। इस राजस्व अभिलेखों को घरौनी प्रपत्र नाम दिया था। उस समय इस प्रपत्र को वितरित भी किया था। ग्रामिणो में कुछ को यह प्रपत्र मिल गया। कुछ रह गए। वैबसाइट पर इसे डाला गया। वैसाईड बाद में बंद कर दी गई। वैवसाईड बंद होने से यह घरौनी प्रपत्र आन लाइन मिल नहीं रहा है जो मकान मालिक होने का महत्व पूर्ण दस्तावेज है। इस वैबसाइट को खुलवाने की मांग की। तीसरी शिकायत बुधवार साप्ताहिक मार्केट बंदी आदेश को प्रभावी ढंग से लागू करा कर श्रमिकों को साप्ताहिक अवकाश दिलाने की मांग की। इस पर एडीएम ने सहायक श्रमायुक्त बागपत को आदेश किए। शिकायत कर्ता जितेन्द्र तोमर ने चेतावनी दी की यदी गली का सी सी रोड निर्माण कार्य शुरू नहीं हुआ तो धरना देंगे।

## चोरों ने चार दुकानों में कुंबल कर की लाखों की चोरी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बागपत।** मेरठ-बागपत राष्ट्रीय राजमार्ग स्थित सराय मोड़ पर शुक्रवार देर रात चोरों ने चार दुकानों में कुंबल कर लाखों रुपए के सामान और नकदी चुरा ली। घटना का खुलासा शनिवार सुबह दुकानदारों के दुकान खोलने पर हुआ, जिसके बाद व्यापारियों ने नाराजगी व्यक्त की। यह चोरी सिंघावली अहीर थाने से मात्र 200 मीटर की दूरी पर स्थित दुकानों में हुई। चोरों ने छत में कुंबल कर दुकानों में प्रवेश किया और कीमती सामान व नकदी पर हाथ साफ किया। पीड़ित दुकानदार अवनीश (निवासी कस्बा सराय) ने बताया कि उसकी दुकान से सामान और नकदी चोरी हुई है। इसी तरह इरफान (निवासी रोशनगढ़), सलीम (निवासी सिंघावली अहीर) और गुलबहार (निवासी दौलतपुर) की दुकानों से भी लाखों रुपए का सामान और नकदी चुराई गई। चोरी की घटनाओं से नाराज व्यापारियों ने सराय मोड़ पर सड़क जाम कर पुलिस के खिलाफ प्रदर्शन किया। उन्होंने घटना के शीघ्र खुलासे और सुरक्षा व्यवस्था मजबूत करने की मांग की। व्यापारियों ने चेतावनी दी कि जब तक चोरों का खुलासा और गिरफ्तारी नहीं होगी, तब तक वे दुकानें बंद रखेंगे। पुलिस आसपास के सीसीटीवी कैमरों की जांच कर रही है और अज्ञात चोरों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। एडिशनल एसपी प्रवीण सिंह चौहान का कहना है कि मामले की छानबीन कराई जा रही है जल्दी ही घटना का खुलासा किया जाएगा।

## पंचकल्याणक प्रतिष्ठा महोत्सव 7 से प्रारंभ

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बडौत।** नगर में जैन समाज संस्कारप्रणेता, ज्ञानयोगी, आचार्य श्री 108 सौरभ सागर महाराज के सानिध्य एवं मुनिसुव्रतनाथ दिगंबर जैन मंदिर कमेटी के तत्वावधान में दिगंबर जैन कॉलेज ए फील्ड में पंच कल्याणक प्रतिष्ठा महोत्सव 7 दिसंबर से प्रारंभ हो रहा है। जो कि 12 दिसंबर को मोक्ष कल्याणक के साथ संपन्न होगा। मीडिया प्रभारी वरदान जैन ने बताया कि कार्यक्रम हेतु दिगंबर जैन कॉलेज में भव्य पांडाल के निर्माण पूरा हो चुका है। नगर के सभी जैन मंदिर एवं मुख्य मार्ग सजा दिए गए हैं। पंडित हंसमुख राय धरियावद के निर्देशन में 7 दिसंबर को सुबह घटयात्रा के साथ पंच कल्याणक का शुभारंभ होगा। ध्वजारोहण प्रवीण जैन और मनोज जैन द्वारा तथा मंडप उद्घाटन धनपाल जैन द्वारा किया जाएगा। चित्र अनावरण जितेंद्र कुमार संदीप जैन द्वारा और दीप प्रज्वलन अजय जैन मनीष जैन द्वारा होगा। समारोह गौरव धनेंद्र जैन सचिव दिगंबर जैन कॉलेज होंगे। मंडप शुद्धि, याज्ञमंडल पूजन, सकलीकरण आदि की धार्मिक क्रियाएं संपन्न होंगी।शाम को आरती एवं गर्भ कल्याणक के अंतर्गत सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन होगा। आज अतिथि भवन में आयोजित धर्मसभा में मंगल प्रवचन देते हुए कहा आचार्य सौरभ सागर महाराज ने कहा कि शास्त्र पढ़ने से ज्ञान की वृद्धि होती है। और सन्त समागम से अज्ञान का नाश होता है। अज्ञान का नाश होने के उपरान्त व्यक्ति आचरण को अंगीकार कर लेता है। इसलिए जैन दर्शन में आचार्य उसी को माना गया है, जो ज्ञान व आचरण दोनों से युक्त है।

## अंबेडकर भवन में भीम राव अम्बेडकर का महापरिनिर्वाण दिवस मनाया

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बड़ौत।** क्षेत्र के किशनपुर बिराल गांव में अंबेडकर भवन में महापरिनिर्वाण दिवस के अवसर पर सर्व समाज द्वारा श्रद्धांजलि अर्पित की गई कार्यक्रम के अध्यक्षता वीर सेन तथा संचालन अ.भा.वा. नवयुवक संघ के जिला अध्यक्ष अजय कुमार द्वारा किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ हरेंद्र तोमर एवं मनीष के द्वारा बाबा साहब के चरणों में पुष्प एवं दीप प्रज्वलित करके किया गया।

इस अवसर पर भीम आर्मी के जिला अध्यक्ष चमन सिंह एवं राज.कुमार एडवोकेट ने बाबा साहब के सिद्धांतों को विस्तार से बताया तथा मदन तेजान एडवोकेट ने बाबा साहब के चरणों में सादर नमन किया तथा श्रद्धांजलि अर्पित की। जयपाल सिंह एवं राम मेहर सिंह ने समाज को बाबा साहब के सिद्धांतों पर चलने पर बल दिया। सत्य प्रकाश एवं चरण दास ने समाज को संगठित करने पर बोल दिया डा. हिमांशु ने बाबा साहब की विच.ारधारा पर चलने का आहवान किया। प्रेम सिंह व चंद्रपाल ने सामा.जिक कटुता दूर करने पर बोल दिया। अजय कुमार बहोत ने संविधान के जनक समाज सुधारक समाज के अंतिम पायदान पर खड़े व्यक्ति को सशक्त बनाने वाले भारत रत्न बाबा भीमराव अंबेडकर के चरणों में पुष्प अर्पित कर भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की तथा उनकी महान विचारधारा पर प्रकाश डाला। जिला सचिव रविंद्र बाबा साहब को कोटि-कोटि नमन किया तथा सभी अतिथियों का सादर आभार प्रकट कर प्रसाद का वितरण किया। इस अवसर पर हरेंद्र तोमर मनीष मोहन सत्य प्रकाश सुद.ेश धर्मवीर सिंह सतवीर बलधारी मा सुधीर ईश्वर सिंह अनिल कपिल सुनील जैंथ, मुकेश अंकित सत्येंद्र दीपक अंबेडकर नरेश अमित जैंथ हाजी इस्लाम आजाद शहजाद इनाम मोमिन कंवरपाल संजीव कश्यप मोहित सुमित राजू चंद्रपाल सैनी आदि उपस्थित रहे।



# संपूर्ण समाधान दिवस में हुई फरियादियों की सुनवाई

## डीएम व एसपी ने फरियादियों की सुनवाई कर समयबद्ध निस्तारण के दिए कड़े निर्देश

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हापुड़।** प्रदेश सरकार के निर्देशानुसार नगर पालिका सभागार में संपूर्ण समाधान दिवस का आयोजन डीएम अभिषेक पांडेय एवं एसपी कुंवर ज्ञानंजय सिंह की संयुक्त अध्यक्षता में सम्पन्न हुआ।

इस दौरान जनपदभर से पहुंचे फरियादियों की समस्याओं को गंभीरता से सुना गया। अधिकारियों ने संबंधित विभागीय अधिकारियों को समयबद्ध, प्रभावी और संतोषजनक निस्तारण सुनिश्चित करने के स्पष्ट निर्देश दिए। डीएम अभिषेक पांडेय ने कहा कि सभी शिकायतों को प्राथमिकता से लेते हुए धरातल पर समाधान सुनिश्चित किया जाए। आईजीआरएस एवं मुख्यमंत्री हेल्पलाइन की शिकायतों के निस्तारण में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

उन्होंने निर्देश दिया कि छोटी हो या बड़ी, प्रत्येक समस्या को गंभीरता से सुना जाए और निर्धारित समय सीमा के भीतर कार्रवाई पूरी की जाए। वहीं एसपी कुंवर ज्ञानंजय सिंह ने पुलिस विभाग से संबंधित फरियादियों की शिकायतों पर त्वरित कार्रवाई करने को कहते हुए क्षेत्राधिकारियों व थानाध्यक्षों को निर्देशित किया कि प्रत्येक शिकायत का गंभीरता से संज्ञान लिया जाए और समय से




निस्तारण सुनिश्चित हो। कार्यक्रम में सदर एसडीएम इला प्रकाश, सीओ वरुण मिश्रा, तहसीलदार सहित जिले के विभिन्न विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।

# मामूली विवाद में अधिवक्ता पर हमला, अधिवक्ता गगन घायल

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हापुड़।** कोतवाली देहात क्षेत्र के असौड़ा गांव में शुक्रवार को एक अधिवक्ता पर हुए हमले की घटना ने क्षेत्र में सनसनी फैला दी। मामूली कहासुनी से शुरू हुआ विवाद अचानक मारपीट में बदल गया, जिसमें अधिवक्ता गगन घायल हो गए। फिलहाल पुलिस मामले की जांच कर रही है।

जानकारी के अनुसार, अधिवक्ता गगन किसी काम से असौड़ा गांव पहुंचे थे। इसी दौरान उनका एक स्थानीय युवक से किसी मुद्दे को लेकर तीखी बहस हो गई। थोड़ी ही देर में विवाद इतना बढ़ गया कि दूसरे पक्ष के लोगों ने अधिवक्ता पर हमला कर दिया। अचानक हुई मारपीट से मौके पर हड़कंप मच गया। स्थानीय ग्रामीणों ने तत्काल बीच-बचाव कर झगड़े



को शांत कराया। घायल अधिवक्ता को तुरंत नजदीकी अस्पताल पहुंचाया गया, जहां डॉक्टरों ने प्राथमिक उपचार के बाद उनकी हालत को स्थिर बताया। घटना की सूचना पर कोतवाली देहात पुलिस तुरंत गांव पहुंची और दोनों पक्षों से पूछताछ करते हुए पूरे मामले का विवरण जुटाया। घटना के बाद स्थानीय अधिवक्ता समुदाय में नाराजगी देखी जा रही है। अधिवक्ताओं ने दोषियों पर सख्त कार्रवाई की मांग की है। कोतवाली देहात प्रभारी पटनीश कुमार ने बताया कि प्रारंभिक जांच जारी है। उन्होंने कहा कि तहरीर प्राप्त होते ही मुकदमा दर्ज कर कानूनी कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी।

# समाजवादीयों ने डा. भीमराव अंबेडकर के परिनिर्वाण दिवस पर दी श्रद्धांजलि

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हापुड़।** समाजवादी पार्टी कार्यालय हापुड़ में जिला अध्यक्ष आनंद गुर्जर की अध्यक्षता में संविधान निर्माता डॉ. भीमराव अंबेडकर के परिनिर्वाण दिवस पर श्रद्धांजलि कार्यक्रम एवं मासिक सभा का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत बाबा साहेब की प्रतिमा पर माल्यार्पण और कैंडल जलाकर श्रद्धांजलि अर्पित करने के साथ हुई। सभा का संच. ालन एडवोकेट पुरुषोत्तम वर्मा ने किया।

जिला अध्यक्ष आनंद गुर्जर ने अपने संबोधन में कहा कि बाबा साहेब ने भारतीय संविधान का निर्माण कर देश की जनता को सर्वश्रेष्ठ अधिकार मतदान का अधिकार प्रदान किया। उन्होंने




नागरिकों को शिक्षा, स्वास्थ्य, सुरक्षा और स्वतंत्र आवाजाही जैसे मौलिक अधिकार देकर समाज के समग्र विकास का मार्ग प्रशस्त किया। उन्होंने कहा कि 36 भाषाओं के ज्ञाता डा. अंबेडकर को सिंबल आफ नॉलेज कहा जाता है। दलित, शोषित, पिछड़े एवं वंचित समाज के अधिकारों की रक्षा के लिए उन्होंने जीवनभर संघर्ष किया। जिला अध्यक्ष ने आरोप लगाया कि सामंतवादी सोच रखने वाले लोग अंग्रेजों की 'बांटो और राज करो' नीति पर चलते हुए वंचित समाज के राजनीतिक वर्चस्व को कमजोर करने का प्रयास करते रहे। वर्ष 2014 के बाद इस प्रवृत्ति में और तेजी आई है। उन्होंने कहा कि समा. जवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव बाबा साहेब के सपनों को साकार करने के लिए निरंतर प्रयासरत हैं और लोकतांत्रिक अधिकारों की रक्षा में अग्रणी भूमिका निभा रहे हैं। शिक्षित बनो, संगठित रहो, संघर्ष करो के महान संदेश को आधार बनाकर समा. जवादी पार्टी जनता की आवाज को मजबूत कर रही है। सभा के दौरान पूर्व मंत्री भूषण त्यागी, अय्यूब सिद्दीकी, राजेश यादव, अख्तर मलिक, आदेश गोस्वामी, अफसर, शिवकुमार यादव सहित पार्टी के कई पदाधिकारी व कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# गांव अक्खापुर में कृषि चौपाल का हुआ आयोजन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हापुड़।** गढ़ कोतवाली क्षेत्र के अक्खापुर गांव के खेतों में शनिवार को आयोजित 'कृषि चौपाल' में किसानों की अभूतपूर्व भागीदारी देखने को मिली। करीब 450 किसानों की मौजूदगी में आयोजित इस चौपाल में अन्नदाताओं ने न केवल अपनी समस्याओं पर खुलकर बात की बल्कि प्रदेश सरकार की नीतियों से आए सकारात्मक बदलावों को भी साझा किया। चौपाल का संचालन और आयोजन पूरी तरह किसानों द्वारा किया गया, जो इस आयोजन की सबसे बड़ी विशेषता रही।

किसानों ने एक स्वर में कहा कि योगी सरकार द्वारा प्रदेश में बनाए गए सुरक्षित माहौल, बिजली व्यवस्था में सुधार और कृषि क्षेत्र में



निरंतर दी जा रही सुविधाओं ने उनके जीवन में क्रांतिकारी परिवर्तन किए हैं।

खेतों में बैठकर किसान एक-दूसरे से अनुभव साझा करते दिखे, जिससे चौपाल का माहौल बेहद उत्साहपूर्ण रहा। सरकार द्वारा हाल ही में गन्ना मूल्य में 30 रुपये प्रति क्विंटल की ऐतिहासिक बढ़ोतरी ने चौपाल का माहौल और भी उत्साहित कर दिया। अगेती प्रजाति के गन्ने का मूल्य 370 से बढ़ाकर 400 रुपये व सामान्य प्रजाति का मूल्य 360 से बढ़ाकर 390 रुपये किया गया है। किसानों के अनुसार, इससे करीब 3000 करोड़ रुपये अतिरिक्त सीधे अन्नदाताओं की जेब में जाएंगे। किसानों राजेंद्र सिंह और महिपाल सिंह ने बताया कि अब चीनी मिलों से समय पर भुगतान मिल रहा है, फसल की लागत निकल रही है और मेहनत का उचित दाम मिल रहा है। दानबीर सिंह और जोगिंदर सिंह ने कहा कि 2017 के बाद प्रदेश में अपराध का ग्राफ गिरा है और कानून का राज स्थापित हुआ, जिससे हर नागरिक और किसान सुरक्षित महसूस करता है। बागपत और हापुड़ के बाद अब 7 दिसंबर को गेहरनी गांव और 8 दिसंबर को शामली जनपद के बुच्चाखेड़ी गांव में 'कृषि चौपाल' का आयोजन होगा। इसके बाद 10-11 दिसंबर को मुजफ्फरनगर के यहियापुर और दाहोद गांव में भी चौपालें आयोजित की जाएंगी। इन चौपालों में किसानों से मिले सुझाव सीधे सरकार तक पहुंचाए जाएंगे, जिन्हें भविष्य की नीतियों में शामिल किया जाएगा।

# जीएस यूनिवर्सिटी में आज परफॉर्म करेंगी बॉलीवुड सिंगर सुनिधि चौहान

**शाह टाइम्स संवाददाता**



**हापुड़।** जीएस यूनिवर्सिटी परिसर में उत्साह, उमंग और जोश से सराबोर रहा, जहां प्रतिवर्ष आयोजित किए जाने वाले स्पोर्ट्स फेस्ट सर्ज 2025 का भव्य आयोजन अत्यंत गरिमा और उत्साह के साथ संपन्न हुआ। विश्वविद्यालय प्रशासन द्वारा खेल भावना, प्रतिभा और टीम स्पिरिट को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से आयोजित यह महोत्सव इस वर्ष भी छात्रों के लिए एक यादगार अवसर लेकर आया।

कार्यक्रम का विधिवत शुभारंभ दीप प्रज्वलन से मुख्य अतिथि डीएम अभिषेक पांडे, चांसलर गंगा शरण शर्मा, वाइस चांसलर डा. यतीश अग्रवाल, प्रो. चांसलर अंकुर शर्मा आदि ने संयुक्त रूप से किया। जीएस मेडिकल कॉलेज को एनएबीएच एवं एनएबीएल प्रमाणन प्राप्त करने पर मुख्य चिकित्सा अधीक्षक डा. एस कुमार को सम्मानित किया गया। एमबीबीएस में बेहतरीन परिणाम के लिए डा. वनिता परीक्षा नियंत्रक को सम्मान मिला। इसके अतिरिक्त पिछले वर्ष एमबीबीएस, एमएस, बीएएमएस, बीएससी नर्सिंग जीएनएम में प्रथम स्थान प्राप्त करने वाले छात्र-छात्राओं को धनराशि और प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम के दौरान छात्र-छात्राओं द्वारा प्रस्तुत किए गए विविध सांस्कृतिक कार्यक्रमों ने पूरे परिसर में उत्सव का माहौल बना दिया। सर्ज 2025 के आकर्षण में और इजाफा करते हुए आज बॉलीवुड की मशहूर सिंगर सुनिधि चौहान मंच पर अपनी प्रस्तुति देंगी, जिसका छात्रों और स्टाफ में जबरदस्त उत्साह देखा जा रहा है। यह महोत्सव न केवल स्पर्धाओं का आयोजन है बल्कि विद्यार्थियों में नेतृत्व क्षमता, अनुशासन, खेल भावना और आत्मविश्वास का निर्माण करने का महत्वपूर्ण मंच भी है।

# धौलाना तहसील में अधिकारियों ने सुनीं जनता की समस्याएँ

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हापुड़।** तहसील धौलाना में आयोजित सम्पूर्ण समाधान दिवस पर अपर जिलाधिकारी हापुड़ एवं अपर पुलिस अधीक्षक ने आमजन की शिकायतें व समस्याएँ गंभीरता से सुनीं। कार्यक्रम में सुबह से ही लोग अपनी विभिन्न शिकायतों को लेकर पहुंचे, जिनमें राजस्व, पुलिस, बिजली, आवास, पेंशन, सामाजिक सुरक्षा, भूमि विवाद तथा अन्य विभागों से संबंधित मामले प्रमुख रहे।

अधिकारियों ने प्रत्येक फरियादी से व्यक्तिगत रूप से वार्ता कर समस्याओं का विवरण समझा और संबंधित विभागीय अधिकारियों को समयबद्ध, पारदर्शी एवं वास्तविक समाधान सुनिश्चित करने के स्पष्ट निर्देश दिए। वहीं अपर पुलिस अधीक्षक विनीत भटनागर ने पुलिस



से संबंधित शिकायतों को तुरंत दर्ज करने, जांच कर समाधान देने और पीड़ितों के साथ संवेदनशील व्यवहार रखने के निर्देश दिए। समाधान दिवस के दौरान काफी संख्या में ग्रामीण, महिलाएँ, वरिष्ठ नागरिक और किसान अपनी समस्याएँ लेकर पहुँचे। कई मामलों में मौके पर ही निस्तारण कराया गया, जबकि शेष शिकायतें अधिकारियों ने संबंधित विभागों को सौंपते हुए तय समय सीमा में निपटारे का आश्वासन दिया।

## एक नजर

### अवैध हथियार के साथ संदिग्ध युवक गिरफ्तार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हापुड़।** ऑपरेशन शस्त्र अभियान के अन्तर्गत थाना बहादुरगढ़ पुलिस ने चैकिंग के दौरान एक संदिग्ध को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से अवैध हथियार बरामद किया है। बहादुरगढ़ थाना प्रभारी धीरज मलिक ने बताया कि थाना बहादुरगढ़ पुलिस द्वारा चैकिंग के दौरान किसी आपरा. धिक घटना को अंजाम देने की फिराक में घूम रहे एक संदिग्ध को ग्राम जखेड़ा की ओर जाने वाले रास्ते से गिरफ्तार किया गया है, जिसके कब्जे से एक अवैध तमंचा मय एक जिन्दा कारतूस बरामद हुआ है। पुलिस के मुताबिक संदिग्ध युवक की पहचान देवा पुत्र धर्मेन्द्र निवासी ग्राम जखेड़ा रहमतपुर थाना बहादुरगढ़ जनपद हापुड के रूप में हुई है। थाना प्रभारी ने बताया कि आरोपी की गिरफ्तारी एवं बरामदगी के सम्बन्ध में थाना बहादुरगढ़ पुलिस द्वारा मुकदमा दर्ज कर अग्रिम विधिक कार्यवाही की जा रही है।

### गंदे पानी की आपूर्ति से हाहाकार हफ्तों बाद भी नहीं हुआ समाधान

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हापुड़।** नगर पालिका परिषद क्षेत्र के वार्ड नंबर 40, रफीक नगर की गली नंबर 6 में पिछले कई दिनों से दूषित पानी की गंभीर समस्या ने स्थानीय निवासियों का जीवन अस्त-व्यस्त कर दिया है। क्षेत्र में बिछी 4 इंची पाइपलाइन से लगातार बदबूदार और गंदा पानी आने से लोग राहत की सांस तक नहीं ले पा रहे हैं।

स्थानीय निवासी वसीम खान ने बताया कि उन्होंने लगभग 20 से 25 दिन पहले नगर पालिका में इस समस्या को लेकर औपचारिक शिकायत दर्ज कराई थी, लेकिन लंबा समय बीत जाने के बाद भी कोई कार्रवाई नहीं हुई। उनका कहना है कि शिकायतों पर ध्यान न देना नगर पालिका की लापरवाही को स्पष्ट रूप से दर्शाता है। गंदे पानी की वजह से क्षेत्रवासियों को पीने, भोजन बनाने और रोजमर्रा के कामों में भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। कई घरों में लोग मजबूरी में बाहर से पानी खरीदकर उपयोग करने को विवश हैं। निवासियों ने नगर पालि. का प्रशासन से पाइपलाइन की तत्काल मरम्मत कर स्वच्छ पेयजल की आपूर्ति बहाल करने की मांग की है। क्षेत्रवासियों ने चेतावनी दी है कि यदि समस्या का समाधान जल्द नहीं किया गया, तो वे सामूहिक रूप से उच्च अधिकारियों एवं जनप्रतिनिधियों से शिकायत करने को बाध्य होंगे। लोगों का कहना है कि साफ पानी जैसी बुनियादी सुविधा में लाप. रवाही किसी भी स्थिति में बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

### पुलिस उपनिरीक्षको को फोरेसिंग किट इस्तेमाल करने की जानकारी दी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**गढ़मुक्तेश्वर।** कोतवाली में फोरेंसिक विशेषज्ञों की एक टीम ने पुलिसकर्मियों को घटनास्थल पर फॉरेंसिक किट के इस्तेमाल का प्रशिक्षण दिया। इस सत्र का उद्देश्य पुलिस को अपराध स्थल से साक्ष्य जुटाने के तरीकों से अवगत कराना था।प्रशिक्षण के दौरान, विशेषज्ञों ने बताया कि घटनास्थल से फिंगरप्रिंट कैसे उठाए जाएं, रक्त के नमूनों का बेंजीन टेस्ट कैसे किया जाए और फुटप्रिंट कैसे एकत्र किए जाएं। उन्होंने यह भी सिखाया कि विशेषज्ञ टीम के पहुंचने से पहले भी थाना पुलिस फॉरेंसिक किट का उपयोग करके हर तरह के नमूने उठा सकती है। इस दौरान वरिष्ठ उपनिरीक्षक सुरेश कुमार, द्विजेंद्र सिंह, अंजली सिंह, राजीव कुमार, हरि शंकर, सचिन कुमार आदि मौजूद रहें।

### नाबालिग से दुष्कर्म का आरोपी गिरफ्तार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हापुड़।** थाना धौलाना पुलिस ने त्वरित कार्यवाही करते हुए नाबालिग बच्ची से दुष्कर्म करने वाले आरोपी को गिरफ्तार कर सलाखों के पीछे भेज दिया है। थाना प्रभारी मनीष चौहाने बताया कि थाना धौलाना पुलिस द्वारा त्वरित कार्यवाही करते हुए नाबालिग बच्ची से दुष्कर्म करने वाले मुख्य आरोपी फिरोज उर्फ अनीस पुत्र दिलशाद निवासी ग्राम देहरा थाना धौलाना जनपद हापुड को देहराझाल से मसूरी गंगनहर पटरी के रास्ते से गिरफ्तार किया गया है। थाना प्रभारी ने बताया कि नाबालिक बच्ची के परिजनों द्वारा थाने पर आरोपी के खिलाफ दुष्कर्म करने का मामला दर्ज कराया गया था। संबंधित मामले में मुकदमा दर्ज कर पुलिस आरोपी की तलाश में जुट गई थी। शनिवार को पुलिस ने नाबालिग बच्ची से दुष्कर्म के आरोपी को गिरफ्तार कर सलाखों के पीछे भेज दिया। आरोपी को गिरफ्तार कर पुलिस द्वारा आगे की कार्रवाई की जा रही है।

# हार्ट अटैक आने से ग्राम विकास अधिकारी की मौत

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**गढ़मुक्तेश्वर।** सिंभावली खंड विकास में तैनात ग्राम विकास अधिकारी की हार्ट अटैक से मौत हो गई। उनकी मौत के बाद उनके परिवार समेत ब्लाक अधिकारियों में शोक की लहर दौड़ गई है। मूल रूप से जनपद बुलंदशहर के गांव अहमदानगर निवासी सुमित कुमार पिछले काफी समय से अपने छोटे भाई और बहन तथा चाचा के साथ हापुड़ में रह रहे थे। उनके पिता और मां की मौत हो चुकी है। करीब एक वर्ष पूर्व वह ग्राम विकास अधिकारी की पोस्ट पर स्थानांतरण होकर सिंभावली ब्लाक में आए थे। शनिवार की सुबह को अचानक उनके सीने में दर्द की शिकायत हुई तो परिवार के लोग उनको अस्पताल लेकर पहुंच जहां चिकित्सक द्वारा उनको मृत घोषित कर दिया गया।



उनकी मौत के बाद परिवार के लोगों का रो-रो कर बुरा हाल हो गया। वहीं सूचना मिलने पर खंड विकास अधिकारी सुधीर कुमार, सहायक पंचायत अधिकारी संजय कुमार, ग्राम विकास अधिकारी अवनीश चौधरी, अमित त्यागी, उदयवीर सिंह, खालिद चौधरी समेत अन्य उनके घर पहुंचे और परिवार के लोगों को सांत्वना दी।

# बाबा साहब की पुण्यतिथि पर हापुड़ पहुंचे मंत्री कपिल देव

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हापुड़।** डा. भीमराव आंबेडकर की पुण्यतिथि पर शनिवार को हापुड़ में श्रद्धांजलि कार्यक्रमों का सिलसिला पूरे दिन चला। इसी क्रम में प्रदेश के राज्य मंत्री स्वतंत्र प्रभार कपिल देव अग्रवाल विशेष रूप से हापुड़ पहुंचे। शहर में उनके आगमन के साथ ही माहौल में अनुशासन, सम्मान और सामाजिक जागरूकता का संदेश गूंजता दिखाई दिया।

मंत्री अग्रवाल का स्वागत स्थानीय जनप्रतिनिधियों, भाजपा कार्यकर्ताओं, सामाजिक संगठनों के पदाधिकारियों और शहर के प्रतिष्ठित नागरिकों ने किया। भारी संख्या में मौजूद लोगों ने नारे लगाकर उनका अभिनंदन किया। उन्होंने बाबा साहब की प्रतिमा पर



माल्यार्पण किया, पुष्पांजलि अर्पित की और दो मिनट का मौन रखकर उनके आदर्शों को नमन किया। कार्यक्रम स्थल जय भीम और बाबा साहब अमर रहें के नारों से गूंज उठा। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मंत्री अग्रवाल ने कहा कि डा. भीमराव आंबेडकर ने भारतीय लो. कतंत्र, समानता और सामाजिक न्याय की नींव रखी। आज उनका जीवन आदर्श देश की हर युवा पीढ़ी के लिए प्रेरणा है। कार्यक्रम में शहर भर से लोग पहुंचे। सामाजिक संगठनों, दलित समुदाय, महिलाओं, युवाओं, व्यापारियों और कई संस्थाओं के प्रतिनिधियों ने बाबा साहब के चित्र पर पुष्प अर्पित किए। जब हम अधिकारों के साथ कर्तव्यों का पालन करेंगे, तभी भारत मजबूत और वैभवशाली बनेगा। उन्होंने समाज में समरसता, सद्भाव और विकास के लिए नागरिकों से एकजुट होकर कार्य करने की अपील की। पुलिस प्रशासन ने सुरक्षा के कड़े इंतजाम किए थे। कार्यक्रम के दौरान यातायात नियंत्रण, बैरिकेडिंग और भीड़ प्रबंधन की व्यवस्था जगह-जगह दिखाई दी। पूरे कार्यक्रम में अनुशासन, शांति और बाबा साहब के प्रति गहरा सम्मान देखने को मिला। अंत में मंत्री अग्रवाल ने सभी उपस्थित लोगों का धन्यवाद करते हुए बाबा साहब के सपनों के अनुरूप समाज बनाने की प्रतिबद्धता दोहराई।

# रोहिंग्या-बांग्लादेशी खोजबीन पर फोकस, चला सत्यापन अभियान

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हापुड़।** शुक्रवार को नगर में सुरक्षा व्यवस्था को मजबूत करने और अवैध रूप से रह रहे व्यक्तियों की पहचान सुनिश्चित करने के उद्देश्य से हापुड़ पुलिस ने एक बड़े स्तर पर सत्यापन अभियान चलाया। अभियान के दौरान पुलिस टीमों ने विभिन्न क्षेत्रों में जाकर निवासियों के पहचान पत्रों एवं दस्तावेजों की सूक्ष्म जांच-पड़ताल की।

अभियान की शुरुआत मेरठ रोड और बुलंदशहर रोड स्थित झुग्गी बस्तियों से की गई, जहां पुलिस कर्मियों ने घर-घर पहुंचकर आधार कार्ड, वोटर कार्ड सहित अन्य पहचान दस्तावेजों का मिलान किया। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि सुरक्षा की दृष्टि से यह अभियान अत्यंत महत्वपूर्ण है, क्योंकि झुग्गी बस्तियों में बाहरी राज्यों और देशों से आने वाले कई लोग बिना पंजीकरण के रह जाते हैं, जिससे निगरानी रखना चुनौतीपूर्ण हो जाता है। पुलिस ने अभियान के दौरान अवैध रूप से रह रहे रोहिंग्या और बांग्लादेशी नागरिकों की पहचान पर विशेष ध्यान केंद्रित किया। अधिकारियों ने कहा कि जिले में किसी भी प्रकार की अवैध घुसपैठ रोकना तथा संदिग्ध गति. विधियों पर अंकुश लगाना उनकी प्राथमिकता है। सत्यापन प्रक्रिया से असामाजिक तत्वों की पहचान में भी मदद मिलेगी, जो फर्जी पहचान के सहारे झुग्गियों में छिपकर रहते हैं। पुलिस टीमों ने स्थानीय निवासियों से अपने पहचान दस्तावेज अद्यतन रखने और आवश्यक जानकारी उपलब्ध कराने की अपील की। लोगों को यह भी बताया गया कि यह अभियान उनकी सुरक्षा सुनिश्चित करने तथा कानून-व्यवस्था को मजबूत बनाने के लिए चलाया जा रहा है। सीओ वरुण मिश्रा ने बताया कि सत्यापन अभियान आगामी दिनों में भी चरणबद्ध तरीके से नगर के अन्य क्षेत्रों में जारी रहेगा। उनका कहना है कि शहर को सुरक्षित, व्यवस्थित और अपराध-मुक्त बनाने के लिए पुलिस की यह पहल निरंतर चलती रहेगी। पुलिस ने नागरिकों से इस अभियान में पूर्ण सहयोग की अपेक्षा की है।



# नाबालिग से दुष्कर्म के आरोपी को 10 वर्ष का कारावास व 15,000 का जुर्माना

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हापुड़।** हापुड़ पुलिस द्वारा न्यायालय में प्रभावी, सशद्रक्तपैरवी करते हुए नाबालिग के साथ दुष्कर्म करने के मामले में एक आरोपी को 10 वर्ष का सश्रम कारावास व 15,000 रुपये के जुर्माने की सज़ा सुनाई गई है।

एएसपी विनीत भटनागर ने बताया कि प्रभावी पैरवी करते हुए शनिवार को न्यायालय द्वारा नाबालिग लड़की के साथ दुष्कर्म करने के मामले में एक आरोपी को सज़ा दिलाई गई है। जानकारी के मुता. बिक 18 मई 2017 को शाहरूख उर्फ रिहान पुत्र शाकिर निवासी मौहल्ला आदर्श नगर कस्बा व थाना गढ़मुक्तेश्वर जनपद हापुड़ द्वारा नाबालिग लड़की के साथ दुष्कर्म करने की वारदात को अंजाम दिया गया था। जिसके सम्बन्ध में थाना गढ़मुक्तेश्वर पर मुकदमा दर्ज किया गया था और दिनांक 19 जून 2017 को आरोप पत्र न्यायालय प्रेषित किया गया। शनिवार को आरोपी को न्यायालय एडीजे/स्पेशल पॉक्सो एक्ट प्रथम हापुड़ द्वारा 10 वर्ष का सश्रम कारावास व 15,000 रुपये के अर्थदण्ड की सजा सुनाई गई।

# खिलवाई के मुख्य मार्ग पर हो रहे अतिक्रमण को हटवाने की मांग की

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**गढ़मुक्तेश्वर।** क्षेत्र के गांव खिलवाई के निवासी लोगों ने तहसील दिवस में पहुंचकर गांव के मुख्य द्वार पर हुए अतिक्रमण को हटवाने की मांग को लेकर अधिकारियों को प्रार्थना पत्र सौंपा है।

ग्रामीण पिंटू त्यागी ने बताया कि गांव के मुख्य मार्ग पर अतिक्रमण फैला हुआ है। इसको लेकर उन्होंने 24 जून को भी इसी मामले में शिकायत दी थी । 27 सितंबर को गांव दोताई एवं खिलवाई के सम्मानित लोगों की मौजूदगी में थाने पर दोनों पक्षों का समझौता कराया गया था। समझौते के व्यक्ति ने स्वयं अपना अतिक्रमण हटाने की बात कहीं, लेकिन तय समय बीत जाने के बाद भी अतिक्रमण नहीं हटाया गया।

पिंटू त्यागी ने प्रशासन से मांग की है कि समझौते का पालन सुनिश्चित कराते हुए अवैध अतिक्रमण को हटवाया जाए।

# सामूहिक विवाह में 564 जोड़ों ने थामा एक दूजे का हाथ

## अधिकारियों व जनप्रतिनिधियों ने दिया नव दम्पतियों को आशीर्वाद

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**अमरोहा।** मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना के तहत परिणय सूत्र में 564 जोड़ो को बांधा गया। प्रत्येक जोड़े को सरकार की ओर से एक लाख रूपये की आर्थिक मद्द भी दी गयी है।

शनिवार को मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना के तहत महाराजा अग्रसेन कॉलेज ऑफ इंजीनियरिंग ग्राम बागड़पुर माफी में आयोजित सामूहिक विवाह समारोह में सांसद चौधरी कंवर सिंह तंवर, विधायक धनौरा राजीव तरारा, विधायक हसनपुर महेंद्र सिंह खड़गवंशी, जिलाध्यक्ष भाजपा उदयगिरी गोस्वामी, जिलाधिकारी श्रीमती निधि गुप्ता वत्स, पुलिस अधीक्षक अमित कुमार आनंद, ब्लॉक प्रमुख, भाजपा पदाधिकारियो प्रशासनिक व जिलास्तरीय अधिकारियों द्वारा नव दंपतियों को पुष्पवर्षा करते हुए आशीर्वाद प्रदान कर उनके सुखमय वैवाहिक जीवन की कामना की। सांसद कंवर सिंह तंवर जी ने कहा कि इस समारोह में जिनकी बेटियों की शादी हो रही है



उनके लिए यह बड़ा भावुक पल है। बेटियां दो कुलों का गौरव होती है। उन्होंने एक अभिभावक की तरह सभी बेटियों से आह्वान करते हुए कहा कि आज से आप अपने गृहस्थ जीवन में प्रवेश कर रही हो। दोनों परिवारों की जिम्मेदारी आप पर है। विधायक धनौरा राजीव तरारा ने कहा कि मुख्यमंत्री सामूहिक आयोजन स्थल पर हमारे समाज की समरसता और समभाव का उदाहरण देखने को मिल रहा है। विधायक महेंद्र सिंह खड़गवंशी ने मुख्यमंत्री का आभार प्रकट करते हुए कहा कि आज सामूहिक विवाह समारोह के रूप में भव्य आयोजन कर एक ही पंडाल के

### नवदम्पति को एक लाख रूपये की आर्थिक मद्द दी गयी

नीचे विभिन्न रीत रिवाज से विवाह सम्पन्न हो रहे हैं। 200 मुस्लिम युवक युवतियों के काजी द्वारा निकाह पढ़ाया गया। इस अवसर पर पालिकाध्यक्ष श्रीमती शशि जैन ने नव विवाहित युगल को उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं देते हुए सुखमय वैवाहिक जीवन की कामना की। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी अश्वनी कुमार मिश्र, अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व श्रीमती गरिमा सिंह, जिला महामंत्री भाजपा अभिनव कौशिक, ब्लॉक प्रमुख गुरिंद्र सिंह ढिल्लो, ब्लॉक प्रमुख ममता गुर्जर, जिला विकास अधिकारी श्रीमती सरिता द्विवेदी मौजूद रहे।

# हाइवे पार करते श्रमिक की हादसे में मौत

## फैक्ट्री में काम कर लौट रहे थे घर

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**जोया।** फैक्ट्री में ड्युटी कर हाइवे पार करते श्रमिक को अज्ञात वाहन ने रौंद दिया। परिजन अस्पताल लेकर पहुंचे जहां डाक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया।



डिडौली कोतवाली क्षेत्र के मूंढ़ा इम्मा निवासी 58 वर्षीय भूरा उर्फ मुनाजिर नीलीखेड़ी स्थित एक फैक्ट्री में मजदूरी करते थे। उनके परिवार में पत्नी के अलावा दो बेटे और एक बेटी है। परिजनों के मुताबिक शुक्रवार रात वह फैक्ट्री से ड्यूटी कर घर लौट रहे थे। वह पैदल सड़क पार कर रहे थे उसी दौरान जोया की तरफ से आ रहे तेज रफ्तार अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दी। हादसे में भूरा उर्फ मुनाजिर गंभीर घायल हो गए। सूचना मिलते परिजन मौके पर पहुंच गए, घायल भूरा उर्फ मुनाजिर को तुंरत मुरादाबाद के निजी अस्पताल ले गए, जहां डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। इसके बाद परिजन शव घर ले आए और शनिवार को सुपुर्देखाक कर दिया। प्रभारी निरीक्षक हरीश वर्धन सिंह ने बताया कि परिजनों ने पोस्टमार्टम कराने से इनकार कर दिया था लिहाजा मामले में कोई कार्रवाई नहीं की गई है।

# महिला के बैंक एकाउंट से 99 हजार उड़ाये

## साइबर ठगों ने बनाया निशाना

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**जोया।** साइबर ठगों ने महिला के बैंक एकाउंट से 99 हजार 600 रूपये निकाल लिये। मैसेज मिलते ही महिला के होश उड़ गये। घटना की सूचना पुलिस को दे दी गयी है।

मामला डिडौली कोतवाली क्षेत्र के गांव श्यौनाली से जुड़ा है। यहां पर किसान रिजवान अहमद का परिवार रहता है। उनकी पत्नी तबस्सुम का खाता गांव में ही स्थित कैनरा बैंक की शाखा में है। जिसमें एक लाख 37 हजार 600 रुपये जमा थे। तबस्सुम का मोबाइल नंबर भी खाते से लिंक है। शुक्रवार रात 12 बजे तबस्सुम के खाते से पांच बार में 99 हजार 600 रुपये निकाल लिए गए। हैरानी की बात ये है कि न तो उनके पास कोई ओटीपी भेजा गया और न ही कोई लिंक आया। शनिवार सुबह तबस्सुम के बेटे आजम ने जब मोबाइल देखा तो उसमें खाते से पैसे निकाले जाने का अलर्ट मैसेज देख होश उड़ गए। इसके बाद तबस्सुम तुरंत ही बैंक पहुंचीं और खाते से लेनदेन पर रोक लगवाई। शाखा प्रबंधक राजीव कुमार ने जांच की तो पता चला कि पैसे साइबर अपराधियों द्वारा निकाले गए हैं। पीड़िता ने कोतवाली जाकर रिपोर्ट दर्ज कराने के लिए तहरीर दे दी है। प्रभारी निरीक्षक हरीशवर्धन सिंह ने बताया कि मामले की जांच की जा रही है। इसके बाद मुकदमा दर्ज कर अग्रिम कार्रवाई की जाएगी।

# फैक्ट्री कर्मी के साथ हुई लूट का खुलासा

**शाह टाइम्स संवाददाता,**

**गजरौला।** फैक्ट्री कर्मी के साथ हुई लूट का खुलासा करते हुए पुलिस ने तीन आरोपियों को गिरफ्तार करके उनकी निशानदेही पर मोटर साईकिल व मोबाइल फोन बरामद कर लिया है।

जानकारी के अनुसार 30 नवम्बर की रात को थाना क्षेत्र के गांव भारापुर निवासी महिलाल सिंह

### तीन आरोपी गिरफ्तार, बाइक व मोबाइल बरामद

का पुत्र राजू सिंह फैक्ट्री में नाइट शिफ्ट की डयूटी करने जा रहा था। लगभग रात साढ़े नौ बजे दूसरी बाइक से आए तीन बदमाशों ने उसे रोककर डरा धमकाकर बाइक और वनप्लस कंपनी का मोबाइल लूट लिया था। अगले दिन राजू ने थाने पहुंचकर घटना की रिपोर्ट दर्ज कराई थी। पुलिस और सर्विलांस की टीम उसी दिन से घटना के खुलासे में जुटी हुई थी। शनिवार को दोनों टीमों ने वाहन चैकिंग के दौरान घटना में शामिल तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया और इनकी



निशानदेही पर लूटी गई बाइक और मोबाइल फोन भी बरामद किया। सीओ अंजलि कटारिया ने बताया कि घटना में शामिल थाना गजरौला के गांव मझौला निवासी कुनाल उर्फ वंश, थाना रजबपुर के गांव जलालपुर कला निवासी सत्यम उर्फ सुन्दर व थाना हसनपुर के गांव अल्लीपुर खादर निवासी मोन्टी हैं। तीनों को चालान करके न्यायालय में प्रस्तुत किया गया। गिरफ्तार करने वाली टीम में कोतवाली पुलिस के साथ साथ सर्विलांस टीम भी शामिल रही।

# स्कार्पियो सवार दो भाईयों को लाठी डंडों से पीटा

## दो नामजद समेत चार आरोपियों पर रिपोर्ट

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**अमरोहा।** जमीनी रंजिश को लेकर स्कार्पियो सवार दो भाईयों को घेरकर मारपीट की। लाठी-डंडों से पीटकर दोनों को घायल कर दिया। पुलिस ने मामले में दो नामजद समेत चार आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

दो दिसंबर की शाम की घटना नारंगपुर चौराहे की है। क्षेत्र के गांव सरकड़ी अजीज निवासी हिमांक अपने भाई दीपांक के साथ स्कार्पियो में पेट्रोल डलवाने के लिए जा रहा था। आरोप है कि रास्ते में नारंगपुर चौराहे से गुजरते समय प्रेमनगर के रहने वाले ललित और गांव नारंगपुर के रहने वाले विपिन ने अपने दो साथियों के साथ मिलकर घेर लिया। हिमांक और दीपांक का इन लोगों से जमीन को लेकर विवाद चल रहा है। इसी बात को लेकर आरोपियों ने दोनों भाईयों को गाड़ी से बाहर खींच लिया और लाठी-डंडों से दोनों की बेरहमी से पिटाई की। हमले में दोनों भाई गंभीर घायल हो गए वहीं राहगीरों को जमा होते देख आरोपी जान से मारने की धमकी देते हुए चले गए। प्रभारी निरीक्षक हरीश वर्धन सिंह ने बताया कि मामले में दो नामजद समेत दो अज्ञात के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली गई है। घटना की जांच की जा रही है।




गजरौला। नोबल स्कूल के वार्षिक समारोह में बच्चों को पुरस्कृत करतीं प्रधानाचार्या व प्रबंधक।

# वार्षिक खेलों में नन्हें मुन्हें बच्चों ने किया प्रतिभाग

**शाह टाइम्स, संवाददाता**

**गजरौला।** नोबल पब्लिक स्कूल के वार्षिक खेल समारोह में छोटे छोटे बच्चों और अभिभावकों ने प्रतिभाग किया। विजयी प्रतिभागियों को पुरस्कार एवं प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया।

शनिवार को समारोह का शुभारम्भ प्रधानाचार्या एवं प्रबंधक ने ध्वजारोहण, मार्च पास्ट निरीक्षण, दीप प्रज्वलन, राष्ट्रगान तथा शांति के प्रतीक कबूतर उड़ाकर किया। प्राथमिक वर्ग के लिए उठाओ और छोड़ो दौड़, बाधा दौड़, अभिभावकों की बोरी दौड़, संख्या के अनुसार गेंदें इकट्ठा करो दौड़, अभिभावकों के लिए टायर खेल तथा स्कूल जाने के लिए बैग पैक करो आकर्षण का केन्द्र

### नोबल पब्लिक स्कूल में हुआ आयोजन

बने रहे। कक्षा 1 एवं 2 के छात्रों ने पुस्तक संतुलन दौड़, शंकु उठाओ दौड़, 50 मीटर दौड़, नींबू चम्मच दौड़ तथा माता पिता द्वारा आयोजित रस्साकशी जैसे रोमांचक मुकाबलों में उत्कृष्ट खेल भावना और कौशल का प्रदर्शन किया। इसी के साथ ही रंगारंग पीटी ड्रिल, योग प्रदर्शन, तथा स्काउट्स एवं गाइड्स का सटीक, आकर्षक एवं अनुशासित मार्च पास्ट आकर्षण का केन्द्र बना रहा। प्रबंधक राजीव उपाध्याय ने अपने संदेश में कहा कि, खेल विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास की आधारशिला हैं। खेल अनुशासन, टीमवर्क, नेतृत्व क्षमता तथा आत्मविश्वास विकसित करते हैं। प्रधानाचार्या नवनीत उपाध्याय ने कहा कि समय समय पर छोटे बच्चों की खेल प्रतियोगिता आयोजित की जाती है, जिससे बच्चों का सर्वांगीण और शारिरिक विकास हो सके। उन्होंने अभिभावकों से आह्वान किया कि वे अपने बच्चों को मोबाइल कम से कम देने का प्रयास करें, ताकि उनके स्वास्थ्य पर प्रतिकूल प्रभाव न पड़े। समारोह का समापन राष्ट्रीय गीत के साथ हुआ। इस मौके पर शालिनी सिंह, सोनम, प्रीती, रेखा सिंह, ज्योति, अदिति, अनुषा, अनवर अमहद, लविराज, आकिब, ऋतिक, शिखा, भूमि, नेंसी आदि मौजूद रहे।

# हार्टअटैक से बीटेक के छात्र की मौत

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हसनपुर।** बीटेक के छात्र की हार्ट अटैक से मौत होने से परिवार में कोहराम मच गया। छात्र का अंतिम संस्कार कर दिया गया है।



नगर की अग्रवाल धर्मशाला के समीप रहने वाले स्वर्गीय नितिन गुप्ता का पुत्र नैतिक गुप्ता नोएडा के कॉलेज में बीटेक कर रहा था। शुक्रवार की शाम करीब 5:00 बजे कॉलेज से निकलते समय छात्र नैतिक गुप्ता को हार्ट अटैक आ गया। स्टाफ एवं कॉलेज के साथियों ने छात्र को वहां एक अस्पताल में भर्ती कराया। लेकिन चिकित्सकों ने छात्र को देखते ही मृत घोषित कर दिया। 20 वर्षीय छात्र नैतिक गुप्ता की मौत की खबर जब घर पहुंची तो वहां कोहराम मच गया। जैसे ही छात्र का शव घर पहुंचा तो परिजनों का उसे देखते ही बुरा हाल हो गया। इस समय युवाओं में हार्ट अटैक अधिक मौते हो रही है। पिछले 1 वर्ष से हार्ट अटैक के कारण काफी लोगों की मौत हो चुकी है।

# परिवार को सोता छोड़ युवती प्रेमी संग फरार

## आरोपी युवक के खिलाफ रिपोर्ट

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**अमरोहा।** परिवार की इज्जत को दांव पर लगा एक युवती प्रेमी संग फरार हो गई। बदनामी से बचने के लिए परिजनों ने शुरुआत में खामोशी से काफी तलाश किया लेकिन उसका कहीं कुछ पता नहीं चला। थक हार कर परिजनों ने अब प्रेमी के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई है। पुलिस प्रेमी जोड़े की तलाश में जुटी है।

मामला अमरोहा देहात थाना क्षेत्र के एक गांव का है। यहां पर एक किसान का परिवार रहता है। उनकी 19 वर्षीय बेटी का प्रेम-प्रसंग काफी समय से गांव के रहने वाले रोहित नाम के एक युवक के साथ चल रहा था। भनक लगने पर परिजनों ने युवती के घर से निकलने पर पाबंदी लगा दी थी लेकिन इसके बावजूद दोनों मोबाइल पर एक-दूसरे से बातचीत कर रहे थे। इसी बीच तीन दिसंबर की सुबह युवती अचानक घर से लापता हो गई। परिजनों ने काफी तलाश किया लेकिन कुछ पता नहीं चला। रोहित के घर जाकर देखा तो वो भी गायब मिला। लिहाजा, प्रेमी जोड़े के फरार होने की चर्चा पूरे गांव में हो गई। ढूंढकर परेशान परिजनों ने गुरुवार को इस संबंध में देहात थाने में तहरीर दी थी। प्रभारी निरीक्षक सनोज प्रताप सिंह ने मामले में आरोपी रोहित के खिलाफ बहला-फुसलाकर ले जाने के आरोप में रिपोर्ट दर्ज कर ली गई है। युवती को जल्दी बरामद कर आरोपी को गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

## बाबा साहेब एक व्यक्ति नहीं बल्कि एक विचारधारा थेः महेन्द्र

# श्रद्धा व सम्मान के साथ मनाया परिनिर्वाण दिवस

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हसनपुर।** अंबेडकर विकास मंच द्वारा भारत के संविधान निर्माता, भारतरत्न बाबा साहब डॉ. भीमराव अम्बेडकर का महापरिनिर्वाण दिवस श्रद्धा, सम्मान और संकल्प के साथ मनाया गया।

शनिवार को बाबा साहेब द्वारा दिये गये मूल्यों समता, शिक्षा, स्वाभिमान और संवैधानिक अधिकारों को अपने जीवन में उतारने का संकल्प लिया। इस अवसर पर अंबेडकर विकास मंच के राष्ट्रीय अध्यक्ष महेन्द्र सिंह आर्य ने कहा कि बाबा साहेब सिर्फ एक व्यक्ति नहीं, बल्कि एक विचार, एक चेतना और एक सतत प्रेरणा हैं जिसने भारतीय लोकतंत्र को मजबूत नींव दी। भाजपा नेता हेम सिंह आर्य ने कहा कि यदि हम वास्तव में डॉ. अम्बेडकर को श्रद्धांजलि देना चाहते हैं तो हमें उनके बताये मार्ग पर चलकर समाज में भेदभाव, अन्याय और अंधकार को मिटाना होगा।भाजपा जिलाध्यक्ष उदयगिरि गोस्वामी ने कहा बाबा साहेब की सोच ने हमें सिर



उठाकर चलना सिखाया। उनके संघर्ष ने हमें अधिकारों का महत्व समझाया। इस अवसर पर पूर्व चेयरमैन राकेश बंसल उर्फ कालू, सुशील भगत, ललित सिंह उर्फ लकी, धर्मपाल सिंह, दीपक सागर, चंचल सागर, फतेह चंद, मीनू रानी, हिमांशु त्यागी, मीनाक्षी सिंह, निशा वर्मा, राजेंद्र उर्फ गुड्डू, अभिषेक सिंह, संजीव कुमार, राजा, बृजकिशोर उर्फ बिरजू, डॉ बबलू गौतम, डॉ अशोक कुमार, राजपाल सिंह, मोनू सागर, संजय सिंह मौजूद थे।

## एक नजर

### वाहन की टक्कर से बाइक सवार घायल

**शाह टाइम्स संवाददाता जोया।** घटना शाम तीन बजे की कोतवाली डिडौली क्षेत्र के कस्बा जोया के फ्लाईओवर के ऊपर की है बाइक सवार मुरादाबाद महानगर निवासी सुनील आर्य पुत्र आरपी आर्य बाइक पर सवार होकर गजरौला से लौट रहा था जैसे ही बाइक सवार जोया कस्बे के फ्लाईओवर के ऊपर पहुंचा तो पीछे से आ रहे वाहन ने टक्कर मार दी । जिससे सुनील आर्य गंभीर रूप से घायल हो गए। घायल को डिडौली कोतवाली पुलिस ने जोया के सी एच सी में भर्ती कराया। जहां पर डॉक्टरों ने सुनील आर्य की गंभीर हालत को देखते हुए जिला अस्पताल के लिए रेफर कर दिया जहां पर उसकी हालत गंभीर बनी हुई है।

### दबंगों ने भाई-बहन को किया घायल

**शाह टाइम्स संवाददाता हसनपुर।** पुरानी रंजिश के चलते दबंगों ने भाई बहन को लाठी डंडों से पीट कर बुरी तरह से घायल कर दिया। पुलिस ने मेडिकल के लिए भेजा है। शनिवार की शाम कोतवाली क्षेत्र के गांव लठीरा माफी में पुरानी रंजिश के तहत ग्रामीणों के दो पक्ष आपस में भिड़ गये। देखते ही देखते दबंगो के हाथों में लाठी डंडे आ गये। दबंगो ने रिंकू पुत्र विजय वह उसकी बहन राखी को लाठी डंडों से पीट-पीट कर अधमरा कर दिया। घायल भाई बहन कोतवाली पहुंचे तथा पुलिस को मामले से अवगत कराया। पुलिस ने घायलों को मेडिकल कराने के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र को भेज दिया था।

### बाबा साहब के सिद्धान्तों को अपनाएं



**शाह टाइम्स संवाददाता, गजरौला।** नगर के सिद्धार्थ इण्टर कॉलेज में भारत रत्न डॉ.भीमराव आंबेडकर के परिनिर्वाण दिवस पर छात्र-छात्राओं ने उनके चित्र के समक्ष पुष्प अर्पित करके श्रद्धांजलि दी।संस्थापक राम सिंह बौद्ध ने छात्र-छात्राओं को डॉ.आंबेडकर के जीवन वृत्त पर विस्तार से समझाया और उनके विचारों को आत्मसात करने का आह्वान किया। प्रबंधक रविराज सिंह ने कहा कि डॉ.अम्बेडकर मानवता, सामाजिक न्याय एवं समतामूलक व्यवस्था के सबसे बड़े प्रेरणास्रोत हैं। हमें उनके बताए मार्ग पर चलना चाहिए। इस मौके पर छात्र-छात्राओं ने भी बाबा साहब के बारे में अपने विचार व्यक्त किए।

# जन्म प्रमाण पत्र बनवाने को उमड़ी भीड़

## दलाल भी हुए सक्रिय, मुंहमांगे पैसे वसूल रहे

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हसनपुर।** जन्म प्रमाण पत्र बनवाने को लेकर जनता में आपा धापी मची हुई है। जन्म प्रमाण पत्र के बढ़े हुए फार्मो की संख्या को देखकर अधिकारी भी आश्चर्य चकित है।

तहसील एवं नगर पालिका में जन्म प्रमाण पत्र बनवाने वालों की भीड़ लग गई है। क्षेत्र में यह अफवाह उड़ा दी गई है कि एसआईआर फार्म भरने व मूल निवासी वही माना जायेगा। जिसके पास जन्म प्रमाण पत्र होगा। जन्म प्रमाण पत्र बनवाने के लिए स्टांप बेचने वालों टाइप करने वालों के पास भीड़ लगी हुई है। उपजिलाधिकारी कार्यालय में भी जन्म प्रमाण पत्र बनवाने के लिए आवेदकों के फार्मों तादात बड़ी हुई है। जन्म प्रमाण पत्र को बनवाने वालों की भीड़ अधिक होने के करण दलाल भी सक्रिय हो गये है। जो जनता से मुंह मांगे पैसे वसूल कर रहे हैं। नगर पालिका में भी जन्म प्रमाण पत्र बनवाने वालों की भीड़ उमड़ रही है। जन्म प्रमाण पत्र के बड़ी संख्या में आवेदनों को देखकर अधिकारी भी आश्चर्य चकित है कि आखिर जनता बिना जरुरत के जन्म प्रमाण पत्रों को क्यों बनवा रही है।

### अवैध शराब के साथ पकड़ा

**रहरा।** जिले में अवैध शराब तस्करी के खिलाफ चलाये जा रहे अभियान को रहरा पुलिस ने एक और सफलता से मजबूत किया है। शनिवार को पुलिस ने ग्राम सिमथला निवासी सौरभ पुत्र रामौतार को 22 गत्ता देशी शराब (मार्का टॉप बॉस) के साथ रंगे हाथों पकड़ लिया। थानाध्यक्ष अतवीर सिंह चौहान के नेतृत्व में पुलिस टीम को सिमथला रोड पर एक युवक संदिग्ध अवस्था में दिखाई दिया। शक के आधार पर रोककर तलाशी लेने पर उसके पास भारी मात्रा में फ्रूटी पैक देशी शराब बरामद हो गई। सौरभ शराब को अवैध रूप से अन्य क्षेत्रों में सप्लाई करने की फिराक में था।

# ट्रक चालक पर मुकदमा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**जोया।** शुक्रवार सुबह हाईवे पर हुए हादसे के मामले में पुलिस ने ट्रक के अज्ञात चालक के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है। बस चालक की तहरीर पर कार्रवाई के बाद पुलिस ने हादसे की जांच शुरू कर दी है।

जानकारी के मुताबिक गांव नगलिया निवासी प्रह्लाद सिंह अमरोहा डिपो में परिचालक हैं। शुक्रवार तड़के वह दिल्ली से मुरादाबाद जा रही अमरोहा रोडवेज डिपो की बस में ड्यूटी पर थे। बस को चालक किरनपाल सिंह चला रहे थे। बस जब डिडौली क्षेत्र के राजाजी ढाबे के पास पहुंची थी तब आगे चल रहे ट्रक के चालक ने अचानक ब्रेक लगा दिए थे। साइड लेते समय बस ट्रक में जा भिड़ी थी, जिससे चालक व परिचालक घायल हो गए थे। हादसे की सूचना मिलते ही मौके पर पहुंची पुलिस ने घायलों को जोया सीएचसी में भर्ती कराया था। पुलिस ने क्षतिग्रस्त वाहनों को अपने कब्जे में ले लिया था। प्रभारी निरीक्षक हरीश वर्धन सिंह ने मामले में चालक किरनपाल सिंह की तहरीर पर ट्रक के अज्ञात चालक के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर हादसे की जांच शुरू करने की बात कही।

# कृषक उत्थान को तीन दिवसीय विराट किसान मेले का शुभारम्भ

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**रामपुर।** बरेली रोड नुमाइश ग्राउण्ड पनवड़िया परिसर में कृषि सूचना तंत्र के सुदढ़ीकरण एवं कृषक जागरूकता कार्यक्रम अन्तर्गत एग्रोक्लाइमेटिक जोन-1 भावर एवं तराई जोन स्तरीय तीन दिवसीय विराट किसान मेले का शुभारम्भ दीप प्रज्जवलित कर राज्य मंत्री कृषि कृषि शिक्षा एवं कृषि अनुसंधान, जिलाधिकारी अजय कुमार द्विवेदी, पुलिस अधीक्षक विद्या सागर मिश्र एवं मुख्य विकास अधिक. ारी गुलाब चन्द्र ने किया गया।




इस दौरान विराट किसान मेले में स्थापित कृषि प्रदर्शनी का अवलोकन किया गया।

कार्यक्रम में राज्य मंत्री कृषि, कृषि शिक्षा एवं कृषि अनुसंधान कहा कि उत्तर प्रदेश में 09 एग्रोक्लाइमेटिक जोन आते हैं। जनपद में एग्रोक्लाइमेटिक जोन-1 भावर एवं तराई क्षेत्र के अन्तर्गत विराट किसान मेले का आयोजन किया गया है और इसके अन्तर्गत 08 जनपद रामपुर, मुरादाबाद, बिजनौर, सहारनपुर, पीलीभीत, लखीमपुर खीरी, बहराइच एवं श्रावस्ती आते हैं। प्रधानमंत्री एवं मुख्यमंत्री के प्राथमिक बिन्दुओं में किसान आते हैं और इसी के .ष्टिगत सरकार द्वारा किसानों के हित में कार्य कर जन कल्याणकारी योजनाएं चला रही हैं। पहले किसानों को स्रोत पर बीज का पूरा मूल्य देना होता था, अब स्रोत पर ही 50 प्रतिशत छूट देकर किसानों की मॉग के अनुसार बीज उपलब्ध कराया जाता है जिससे किसानों को सीधे शत-प्रतिशत अनुदान का लाभ मिल रहा है। कृषकों की डिजीटल पहचान हेतु जनपद के 78 प्रतिशत कृषकों की फार्मर रजिस्ट्री कराई गई है जिससे अब किसानों को योजनाओं का लाभ लेने के लिए कहीं भी खतौनी नहीं देनी होगी।

उन्होंने कहा कि सरकार द्वारा प्रदेश में सोलर पम्प का लक्ष्य 15000 से बढ़ाकर 75000 कर 60 प्रतिशत का अनुदान पर देने, कृषि यंत्रों पर 50-80 प्रतिशत अनुदान देने, किसानों की टड्रबेल की बिजली फ्री करने का काम किया है। उनके द्वारा मानव स्वास्थ्य परीक्षण की तर्ज पर ही अपने खेत की मृदा परीक्षण कराने, भूमि सुधार हेतु अनुदान पर उपलब्ध जिप्सम का प्रयोग करने, एक साथ दो-दो फसलें लिए जाने, सब्जी, अमरूद अन्य फल, दलहनी व तिलहनी फसलें लगाए जाने हेतु कृषकों से आहवान किया गया। प्रगतिशील /इन्नोवेटिव फार्मरों के कार्य करने के तरीकेध्तकनीक को अन्य कृषकों के मध्य साझा कराने हेतु अधिकारियों को निर्देश दिए गए।

जिलाधिकारी ने कहा कि सभी किसानों से अपनी व अपने आस पास के किसानों की फार्मर रजिस्ट्री कराने व कृषि वैज्ञानिकों द्वारा बताई गई तकनीक अपनाकर खेती करने हेतु आहवान किया गया। उप कृषि निदेशक राम किशन सिंह द्वारा विराट किसान मेले के उद्देश्य एवं कृषि विभाग में संचालित विभिन्न योजनाओं एवं उनमें देय सुविधाओं की जानकारी दी गई। उन्होंने बताया कि जनपद के समस्त कृषक विराट किसान मेले में अधिक से अधिक संख्या में प्रतिभाग कर कृषि एवं अन्य नवीनतम जानकारी प्राप्त कर लाभ उठा सकते है।

कार्यक्रम के दौरान राज्यमंत्री, जिलाधिकारी, पुलिस अधीक्षक, मुख्य विकास अधिकारी द्वारा सतबन्त सिंह एवं इकबाल सिंह ग्राम-रहपुरा मिलक को टैक्टर, बेलर, हे-रैक, कटर, क्रॉप रीपर आदि पर रूपये 32 लाख का अनुदान देते हुए कृषकों को ट्रैक्टरों की चाबी सौंपी गई। विराट किसान मेला कृषि, उद्यान, गन्ना, मत्स्य, पशुपालन, रेशम, दुग्ध विकास, सहकारिता, बैंक, वन, पंचायती राज, बाल विकास सेवा एवं पुष्टाहार आदि विभागों तथा विभिन्न निजी कम्पनियों यथा-खाद, बीज, कीटनाशी, एफ.पी.ओ. आदि के लगभग 65 स्टॉलो तथा संगीतक. ारध्कलाकारों द्वारा कृषि पर आधारित कठपुतली, जादू, कृषि गीत के माध्यम से उन्नत तकनीक की जानकारी दी गई। कार्यक्रम में जीवन प्रकाश संयुक्त कृषि निदेशक मुरादाबाद मण्डल मुरादाबाद, नीरजा सिंह उप कृषि निद. ेशक द्धभूमि संरक्षणत्र बरेली मण्डल बरेली, डा. नरेन्द्र कुमार वरिष्ठ कृषि वैज्ञानिक कृषि विज्ञान केन्द्र धमोरा, कुलदीप सिंह राणा जिला कृषि अधिकारी, डा। भगवत सरन भूमि संरक्षण अधिकारी, जिला गन्ना अधिकारी, सहायक निबन्धक सहकारी समितियॉ, हसीब अहमद प्रदेश महासचिव भारतीय किसान यूनियन द्धटिकैतत्र, आईवीआरआई बरेली व सरदार वल्लभ भाई पटेल कृषि एवं प्रौद्योगिकी विश्व विद्यालय मेरठ के वरिष्ठ कृषि वैज्ञानिकों तथा रामपुर, मुरादाबाद, बिजनौर, सहारनपुर, पीलीभीत, लखीमपुर खीरी, बहराइच एवं श्रावस्ती 08 जनपदों के लगभग 1400 कृषकों तथा विभिन्न विभागों के अधिकारियोंध्कर्मचारियों द्वारा प्रतिभाग किया गया।

## बाबा साहेब अम्बेडकर थे मानवीय मूल्यों के संरक्षकः लोकेश राही




**मथुरा।** समता फाउंडेशन द्वारा कैंप कार्यालय कृष्णा नगर बिजली घर मथुरा पर शनिवार की पूर्वाह्न में बृजलाल कामरेड की अध्यक्षता में संविधान निर्माता बाबासाहेब भीम राव अंबेडकर के 69 वें परिनिर्माण दिवस को आत्म समीक्षा दिवस के रूप में मनाकर फाउंडेशन के सदस्य व पदाधिकारियों ने श्रद्धांजलि अर्पित की। श्रद्धांजलि सभा में सर्वप्रथम बाबा साहेब के प्रतीकात्मक चित्र पर श्रद्धा सुमन अर्पित किए।भारतीय किसान यूनियन सुनील के राष्ट्रीय प्रवक्ता पवन चतुर्वेदी एवं लोक जनशक्ति पार्टी के वरिष्ठ नेता कृष्ण गोपाल कर्दम ने कहा कि संविधान निर्माता बाबा साहेब अंबेडकर द्वारा मानवीय मूल्यों के संरक्षक एवं भारत के उपेक्षित वर्ग के लोगों को राष्ट्र की मुख्य धारा से जोड़ने में जो महत्वपूर्ण योगदान दिया।

# रामपुर के ग्राम मोमिनपुर अहमदाबाद में ग्राम चौपाल आयोजित

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**रामपुर।** विकास खण्ड चमरौआ के ग्राम पंचायत मोमिनपुर अहमदाबाद में मुख्य विकास अधिकारी गुलाब चन्द्र की अध्यक्षता में ग्राम चौपाल का आयोजन किया गया। चौपाल के दौरान जनहित से संबंधित विभिन्न समस्याओं, शिकायतों एवं मांगों को गंभीरता से सुना गया तथा मौके पर ही अनेक मामलों का निस्तारण कराया गया। चौपाल के दौरान ग्रामीणों की समस्याओं एवं आवश्यकताओं को प्रत्यक्ष रूप से सुनते हुए उनके त्वरित समाधान हेतु संबंधित विभागीय अधिकारियों को निर्देशित किया गया। चौपाल में ग्रामीणों से पेयजल व्यवस्था, निराश्रित महिला पेंशन, दिव्यांग पेंशन, वृद्धावस्था पेंशन, राशन कार्ड एवं अंत्योदय राशन कार्ड से संबंधित जानकारी ली गई तथा पात्र लाभार्थियों को योजनाओं से जोड़ने हेतु आवश्यक कार्यवाही सुनिश्चित की गई।



मुख्य विकास अधिकारी ने ग्रामीणों को संबोधित करते हुए कहा कि सरकार द्वारा संचालित कल्याणकारी योजनाओं का उद्देश्य अंतिम व्यक्ति तक लाभ पहुंचाना है।

## जनपद में विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण अभियान ने पकड़ी गति

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मथुरा।** जनपद में विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण अभियान पूरी गति से चल रहा है। डीईओ/डीएम चंद्र प्रकाश सिंह ने सभी प्रधानाचार्य शिक्षकों से अपील करी कि वह कॉलेज के छात्र-छात्राओं के अभिभावकों को प्रेरित करें कि वह सभी विशेष प्रकार पुनरीक्षण अभियान के अंतर्गत दिए गए गणना प्रपत्रों को ससमय भर कर बीएलओ को उपलब्ध कराएं और अपने-अपने क्षेत्र के बूथ लेवल ऑफिसर से समन्वय स्थापित करते हुए एस आई आर के कार्यों में सहयोग प्रदान करें।

इस कार्य में काफी दिनों से बीएलओ के साथ सहयोग कर रहे शिक्षक मनीष दयाल, डीएलएमटी स्वीप ने कहा कि विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण अभियान शुद्ध मतदाता सूची प्राप्त करने के लिए एक बहुत ही महत्वपूर्ण कार्य है जिसमें हम सभी को जिम्मेदारी के साथ अपने दायित्व का निर्वाह करना होगा।

## डॉ भीमराव अम्बेडकर जी के परिनिर्माण दिवस पर भावाधस ने श्रद्धाजंलि दी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**स्वार।** बाबासाहब डा.भीमराव अम्बेडकर जी के 69 वे परिनिर्माण दिवस पर भावाधस ने दी श्रद्धांजलि

भारतीय वाल्मीकि धर्म समाज भावाधस ने नगर पलिका परिषद के सभागार भावाधस द्वारा श्रद्धांजलि सभा का आयोजन कर डाद्रभीमराव अम्बेडकर जी के चित्र पर पुष्पांजलि कर श्रद्धा सुमन अर्पित की इस मौके पर भावाधस के राष्ट्रीय संयुक्त मंत्री दीप सिंह राही ने कहा कि दलित समाज बाबा साहब डा. भीमराव अम्बेडकर जी का आजीवन ऋणी रहेगा क्योकि अम्बेडकर जी ने आजीवन दबे कुचले दलितो पिछडो के अधिकारो के लिए संघर्ष कर उनके अधिकार दिलाकर ससम्मान जीने का रास्ता दिखाया अम्बेडकर जी की कुर्बानियो को भुलाया नही जा सकता अम्बेडकर जी को सच्ची श्रध्दांजलि तभी होगी जब हम उनके बताए मूलमंत्र, शिक्षित बनो, संगठित हो, संघर्ष करो।


## कार्यालय ग्राम पंचायत चन्देरू, वि0ख0-सि0बाद

पत्रांक / राज्य वित्त /15 वां / निविदा/2025-26 दिनांक 02/12/2025

**निविदा सूचना**

एतद्द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि राज्य वित्त /15 वां वित्त आयोग योजना के अन्तर्गत ग्राम पंचायत चन्देरू में निम्नलिखित कार्य को करने के लिए प्रतिशत दर पर मोहरबन्द निविदाएं आमंत्रित की जाती है। निविदायें दिनांक 04/12/2025 से 11/12/2025 अपरान्ह 1:00 बजे तक कार्यालय ग्राम पंचायत के टेण्डर बॉक्स में डाली जायेगी जो दिनांक 11/12/2025 को सांय 3:00 बजे उपस्थित निविदा दाताओं के समक्ष अधोहस्ताक्षरी द्वारा खोली जायेगी। किसी भी निविदा को बिना कारण बताये रदद् करने का अधिकार अधोहस्ताक्षरी में निहित है।

| क्र0 सं0 | कार्य का नाम | स्वीकृत प्राकलन धनराशि (रू.में) | 2% धारोहर राशि | निविदा शुल्क | कार्य पूर्ण करने की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | रणबीर के मकान से बबलू के मकान तक इ0ल0 व नाली निर्माण | 478600 | 9572 | 400 | 10 दिन |
| 2 | विरेन्द्र से चरणसिंह के मकान तक इ0ल0 व नाली निर्माण | 139800 | 2796 | 130 | 10 दिन |
| 3 | रामबीर से सहेन्द्र तक इ0ल0 व नाली निर्माण | 444800 | 8896 | 400 | 10 दिन |
| 4 | अलीमुद्दीन के मकान से सब्बीर के मकान तथा इ0ल0 व नाली निर्माण | 463052 | 9261 | 450 | 10 दिन |
| 5 | लाईट का कार्य | 230400 | 4608 | 200 | 10 दिन |
| 6 | देवेन्द्र के मकान से कमरूदीन के मकान तक व सलीम वाली गली में इ0ल0 व नाली निर्माण | 748900 | 14978 | 750 | 15 दिन |
| 7 | विभिन्न स्थानो पर पुलिया निर्माण | 240450 | 4809 | 250 | 15 दिन |
| 8 | विभिन्न स्थानो पर नाली मरम्मत कार्य | 90850 | 1817 | 100 | 15 दिन |
| 9 | स्कूलो में शौचालय मरम्मत आदि कार्य | 180300 | 3606 | 200 | 15 दिन |
| 10 | आंगनबाडी में शौचालय निर्माण | 180450 | 3609 | 200 | 15 दिन |
| 11 | आसिफ के घर से पानी की टंकी तक यू टाईप नाली निर्माण | 310480 | 6210 | 300 | 15 दिन |
| 12 | हबीब के घेर से शाहिद के प्लाट तक इ0ल0 व नाली निर्माण | 480400 | 9608 | 500 | 15 दिन |
| 13 | अबरार के घर से नाजीम के घर तक इ0ल0 व नाली निर्माण | 420400 | 8408 | 450 | 15 दिन |
| 14 | शमशान घाट में मिट्टी कार्य | 180300 | 3606 | 200 | 15 दिन |

**नियम व शर्ते :-**
1. सशर्त निविदायें मान्य नहीं होगी, स्वत: ही निरस्त समझी जाये।
2. निविदा दाता आयकर, GST (SGST व CGST) एवं ग्राम पंचायत में पंजीकृत हो।
3 निविदा के साथ 2% धरोहर राशि नगद अथवा एफ0डी0आर0 ग्राम पंचायत में से बंधक होगी। जमा करानी होगी।
4. निविदादाता नियम व शर्तो की जानकारी किसी भी कार्य दिवस में कार्यालय से प्राप्त कर सकते है।

ग्राम प्रधान ग्राम सचिव


# उद्योग व्यापार मंडल की मासिक बैठक आहूत हुई

**शाह टाइम्स संवाददाता**




**स्वार।** उद्योग व्यापार प्रतिनिधि मंडल के मेन कार्यालय मोहल्ला खास स्वार में मंथली मीटिंग का आयोजन किया गया जिसमें नगर व तहसील अध्यक्ष अनवर अली ने व्यापारियों को संबो. धित करते हुए बताया की स्वार के सरकारी अस्पताल में सर्जन डॉ ना होने के कारण आम जनता का बुरा हाल है जिससे कि जनता पित्ते का ऑपरेशन पथरी का ऑपरेशन हर्निया का ऑपरेशन कराने के लिए प्राइवेट अस्पतालों का शिकार हो रहे हैं आम जनता को लूटा जा रहा है अगर सरक. ारी अस्पताल स्वार में सर्जन डॉक्टर की तैनाती हो जाती है तो स्वार की गरीब जनता को बड़ी राहत मिलेगी और स्वार के सरकारी अस्पताल में अल्ट्रासाउंड मशीन का भी होना बहुत जरूरी है क्योंकि छोटी-छोटी बीमारी के लिए भी डॉक्टर अल्ट्रासाउंड के लिए लिखते हैं जिससे कि लोगों से हजार,1200रु लेकर प्राइवेट डॉक्टर अल्ट्रासाउंड कर रहे हैं जिससे कि लोगों का टाइम भी खर्च हो रहा है और पैसा भी जाया हो रहा है अगर यह दोनों सुविधा स्वार के सरकारी अस्पताल में मुहैया हो जाए तो स्वार की गरीब जनता की खुशहाली बढ़ जाएगी और राहत भरी सांस लेगी नगर व तहसील अध्यक्ष अनवर अली ने जिला अधिकारी महोदय रामपुर से भी फोन पर स्वार के सरकारी अस्पताल की समस्या रखी है जिलाधिकारी महोदय रामपुर ने भी आश्वासन दिया है कि स्वार के सरक. ारी अस्पताल में जल्द से जल्द अल्ट्रासाउंड मशीन की तैनाती की जाएगी चालू कराई जाएगी जिससे जनता को राहत भरी सांस मिल पाएगी। इस मौके पर उपस्थित नगर व तहसील अध्यक्ष अनवर अली, शिव ओतार सक्सेना उर्फ मन्नू भैया, हाशिम शान, फुरकान अली, गुड्डू हाफिज जी, अजीज मियां, मतलूब, फराज मेंबर, कदीर, शकील सलमानी, इरफान अली, रईस, इरफान आदि मौजूद रहे।

## धूमधाम के साथ मनाया गया संविधान निर्माता भीमराव अंबेडकर का महापरिनिर्माण दिवस



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मसवासी।** नगर पंचायत मसवासी के मोहल्ला चाऊपुरा वार्ड नंबर 1 में संविधान के रचयिता बाबा साहब का महापरिनिर्वाण दिवस बड़ी ही धूमधाम और हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। संविधान निर्माता के चित्र पर जगह-जगह माल्यार्पण कर याद किया गया। शनिवार को मसवासी के मोहल्ला चाऊपुरा मे अंबेडकर पार्क मे युवक संघ के तमाम कार्य करता एकत्र हुए और संविधान निर्माता बाबा भीमराव अंबेडकर के परी निर्माण दिवस पर उनकी प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उन्हें नमन किया। इस मौके पर अखिल भारतीय अंबेडकर युवक संघ के अध्यक्ष विजयपाल सागर। महामंत्री बृजनंदन सागर। कोष अध्यक्ष अनिल सागर, पूर्व सभासद ब्रह्मपाल सागर, खुशीराम सागर, रामपाल सागर, करतार सिंह, रामप्रसाद मास्टर महेंद्र लाल, हरकेश लाल, राम सिंह, वार्ड चार के सभासद अनिल सागर , ज्ञानी सागर, अर्जुन सागर, बिट्टू सागर जय सिंह सागर तिलक सिंह प्रशांत हरिओम सागर ऋषि सागर अमन सागर विपिन सागर राहुल सागर विक्की सागर आदि लोग शामिल रहे।

# आंगनबाड़ी चयन में अनियमितता का आरोप ग्रामीणों ने समाधान दिवस में दोबारा लगाई गुहार



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**टांडा।** ग्राम बैजनी के ग्रामीणों ने समाधान दिवस में आंगनबाड़ी कार्यकत्री शबाना पत्नी शाहवेज अली के चयन पर गंभीर सवाल उठाते हुए पुनः शिकायत दर्ज कराई। ग्रामीणों का कहना है कि चयन प्रक्रिया में पारदर्शिता नहीं बरती गई और कम आय का संदिग्ध प्रमाण पत्र प्रस्तुत कर चयन कराया गया, जबकि परिवार की वास्तविक आर्थिक स्थिति इससे कहीं बेहतर है। ग्रामीणों के अनुसार शबाना के पति शाहवेज अली एमबीए पास हैं, दिल्ली में नौकरी कर चुके हैं और वर्तमान में गांव में जनसेवा केंद्र भी संचालित करते हैं। ऐसे में कम आय का प्रमाण पत्र बनना स्वाभाविक नहीं लगता। ग्रामीणों ने आरोप लगाया कि बिना सही जांच किए विभाग ने चयन को मंजूरी दे दी।

ग्रामीणों का कहना है कि वे 2 अगस्त 2025 को भी इसी विषय पर समाधान दिवस में शिकायत कर चुके थे, लेकिन अब तक कोई ठोस कार्रवाई न होने पर उन्हें दोबारा आवे. दन देना पड़ा है। उन्होंने पूरे प्रकरण की निष्पक्ष जांच कर दोषियों पर कार्रवाई की मांग की। शिकायत दर्ज कराने वालों में मो0 अहमद, हनीफ, रफीक, शकील खां, दानिश, नौमान अली, नईम, तारिक, आसिफ अली, वसीम अम्बर सहित कई ग्रामीण मौजूद रहे।

## वेटरनरी विवि के 6 छात्रों का हुआ कैंपस प्लेसमेंट

**मथुरा।** उत्तर प्रदेश पंडित दीन दयाल उपाध्याय पशु चिकित्सा विज्ञान विश्वविद्यालय एवं गौ अनुसंधान संस्थान, मथुरा में गत दिवस कुलपति डॉ अभिजित मित्र के मार्गदर्शन में निदेशक नियोजन एवं प्रशिक्षण डॉ. अतुल प्रकाश द्वारा एक सफल कैंपस प्लेसमेंट कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें सहज मिल्क प्रोड्यूसर कंपनी लिमिटेड के सीईओ डॉ. प्रफुल्ल भानवाड़िया एवं अन्य अधिकारी उपस्थित रहे। इस अवसर पर विश्वविद्यालय के 28 छात्रों एवं छात्राओं द्वारा प्रतिभाग किया गया। इसमें से 6 छात्रों का चयन वेटरनरी एग्जीक्यूटिव एवं कृत्रिम गर्भाधान अधिकारी के रूप में हुआ। इसके लिए विवि प्रशासन ने सहज मिल्क प्रोड्यूसर कंपनी की इस पहल की सराहना करते हुए भविष्य में इस प्रकार के सहयोग की अपेक्षा व्यक्त की है।

# संस्कृति विवि में एनसीसी कैडेट ने दिखाया जोश और जुनून

मथुरा। संस्कृति विश्वविद्यालय में 78वां एनसीसी डे बड़े गर्व और जोश के साथ मनाया गया। इस अवसर पर एनसीसी कैडेट ने एनसीसी का झंडा फहराया और मार्च पास्ट करते हुए गार्ड आफ आनर दिया। कार्यक्रम के दौरान एनसीसी के प्रभारी और अन्य अधिकारियों के अलावा संस्कृति विवि की एनसीसी यूनिट ने भाग लिया।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि संस्कृति विवि के कुलपति प्रो. डॉ. एम. बी. चेट्टी का एनसीसी के जवानों ने गर्मजोशी से स्वागत किया। कैडेट्स ने अनुशासन, सहयोग और मार्चपास्ट की महारत दिखाते हुए शानदार गार्ड ऑफ ऑनर दिया। गार्ड ऑफ ऑनर के बाद सम्मान, ड्यूटी और एकता के प्रतीक झंडा फहराया गया। कुलपति प्रो. चेट्टी ने कैडेट्स के परिश्रम की तारीफ करते हुए उन्हें समर्पण के साथ सेवा करते रहने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि आपकी लगन और समर्पण की मैं प्रशंसा करता हूं। मेहनत हम सभी को समृद्ध बनाती है और हमारी नींव को मजबूत बनाती है। एनसीसी कैडेट्स को अपनी मेहनत के फल के लिए कहीं और नहीं जाना पड़ेगा। एनसीसी के जवानों ने पूरे जोश के साथ, कई मौकों पर देश का नाम रोशन किया है। इस मौके पर सांस्कृति गतिविधियों का भी आयोजन किया गया। देशभक्ति और एनसीसी के मूल्यों जुड़ी हुई गतिविधियां देशभक्ति से ओतप्रोत थीं। कैडेट्स के बीच एक फ्रेंडली लेकिन कॉम्पिटिटिव कबड्डी मैच भी ऑर्गनाइज किया गया, जिससे इस मौके पर स्पोर्ट्समैनशिप और टीमवर्क की भावना समाविष्ट थी। कार्यक्रम के दौरान, चुने हुए कैडेट्स को उनके अनुशासन, नेतृत्व की क्षमता और शानदार प्रदर्शन के आधार पर रैंक्स दिए गए। इस मौके पर अतिथियों के अलावा स्टूडेंट वेलफेयर के डीन डा. डीएस तोमर, रजिस्ट्रार मिश्रा, एडमिनिस्ट्रेशन रामपाल आदि मौजूद रहे।


**शाह टाइम्स**

स्वामी शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक **एस.एन. राना** द्वारा शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. सुजडू चुंगी, मेरठ रोड, मुजफ्फरनगर से मुद्रित एवं 77/3 गर्ग कॉम्पलेक्स ई.के. रोड निकट एन.ए.एस. कालिज, मेरठ (उप्र) से प्रकाशित।

**सम्पादकः**
**एस.एन. राना**
*कार्यकारी सम्पादक
**आनन्द बत्रा 'सुमन'**
☎0121-4005303, 4007303
**मुख्यालयः**
मोबाइल-9720007290
UPHIN/2007/20661
**www.shahtimesnews.com**
email:shahtimes2015@gmail.com

*इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु PRB एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी। समस्त विवाद मुजफ्फरनगर न्यायालय के अधीन ही होंगे।



## कार्यालय सचिव ग्राम पंचायत जलालपुर वि.ख. बड़ौत ( बागपत )

**पत्रांकः मीमो /पं.रा.वित्त/15वॉ वित्त/एसबीएम/अन्य मद** / 2025-26 **दिनांक**-06.12.2025

### अल्पकालीन निविदा/कुटेशन सूचना

ग्राम पंचायत द्वारा स्वीकृत कार्ययोजना के अर्न्तगत राज्य वित्त / केंद्रीय वित्त आयोग/एसबीएम तथा अन्य मद की धनराशि से निम्नलिखित कार्यो को कराने हेतु इच्छुक पंजीकृत ठेकेदारों से सीलबंद निविदायें/कुटेशन दिनांक- 11.12.2025 समय 01.00 बजें अपराह्न तक ग्राम पंचायत कार्यालय में रखे टेण्डर बॉक्स में निम्नलिखित शर्तो सहित आमंत्रित की जाती है। निविदायें/कुटेशन दिनांक- 11.12.2025 को समय 2.00 बजें अपराह्न ठेकेदारों के समक्ष खोली जायेंगी। निविदा/कुटेशन प्रपत्र ग्राम पंचायत के कार्यालय से निविदा/कुटेशन मूल्य देकर प्राप्त की जा सकती है। धरोहर राशि 10 प्रतिशत में से 02 प्रतिशत धनराशि निविदा/कुटेशन के साथ शेष धनराशि 08 प्रतिशत का कार्य आदेश पर एन.एस.सी./एफ.डी. के रूप में प्राप्त की जायेगी जो सचिव, ग्राम पंचायत के नाम बंधक होगी। अपेक्षित जानकारी किसी भी कार्य दिवस में अधोहस्ताक्षरी कार्यालय से प्राप्त की जा सकती है। कार्यो का विवरण निम्न प्रकार है-

| क्र. स. | योजना का नाम | स्वीकृत कार्य का विवरण | स्वीकृत लागत ( रूपये में ) | निविदा मूल्य | धरोहर राशि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | पं.रा.वि./ 15 वां वि. | रामवीर के घर से रामकिशन के घर तक व सहायक गली में सीसी रोड़ का निर्माण कार्य। | 415000 | 500 | 2% |
| 2 | पं.रा.वि./ 15 वां वि. | मदरसे से हास्टल तक सीसी रोड़ का निर्माण कार्य। | 667500 | 500 | 2% |

**नोट- अनुबन्ध आदि की कार्यवाही कार्यो की तकनीकी, वित्तीय एवं प्रशासनिक स्वीकृति के प्राप्त होने के उपरान्त ही सम्पादित की जायेगी। प्राक्कलन की धनराशि घटाई/बढ़ाई जा सकती है। किसी कारणवश उक्त स्वीकृति प्राप्त न होने की दशा में यह निविदा/कुटेशन स्वतः निरस्त समझी जायेगी।**
1. बिना कोई कारण बताये निविदा/कुटेशन निरस्त करने का अधिकार अधोहस्ताक्षरी को होगा।
2. कोई भी सशर्त निविंदा/कुटेशन स्वीकार नही की जायेगी। समस्त कार्य निर्धारित अवधि **तीन माह** में पूर्ण करने होगें।
3. निविदायें/कुटेशन दरें स्पष्ट भरी जायें, कटिंग/ओवर राईटिंग मान्य नही होंगी।
4. प्रत्येक कार्य की अलग-अलग निविदा/कुटेशन देनी अनिवार्य है।
5. प्राप्त निविदाओं की समीक्षा उपरान्त सबसे कम दरों वाली निविदा/कुटेशन को ही स्वीकृती प्रदान की जायेगी।
6.प्रत्येक निविदा के साथ ठेकेदार को 10रू. के स्टाम्प पेपर पर नोटरी द्वारा सत्यापित करना अनिवार्य है।
7. भुगतान के पूर्व कार्य के बिल से सभी देय कर एंव जामनत राशि की कटौती नियमानुसार की जायेगी।

**प्रधान**
**ग्राम पंचायत जलालपुर**
**विकास खण्ड- बड़ौत ( बागपत )**

**सचिव**
**ग्राम पंचायत जलालपुर**
**विकास खण्ड- बड़ौत ( बागपत )**

# अफीम तस्करी रैकेट पर एएनटीएफ का बड़ा प्रहार, 52 लाख की खेप जब्त

■ एएनटीएफ ने पकड़ी 5.2 किलो अफीम, तस्कर गिरफ्तार



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बरेली।** एंटी नारकोटिक्स टास्क फोर्स (एएनटीएफ) ने एक बड़ी कार्रवाई करते हुए 5.2 किलोग्राम अवैध अफीम बरामद की है। अंत. रराष्ट्रीय बाजार में इसकी अनुमानित कीमत 52 लाख रुपये बताई जा रही है। इस मामले में एक तस्कर को गिरफ्तार किया गया है।

सुभाषनगर थाना पुलिस की मदद से एएनटीएफ टीम ने संदिग्ध रामौतार को त्रिशूल तिराहा, महेश. पुरा फाटक के पास एक यात्री शेड के सामने से हिरासत में लिया। रामौतार अलीगंज थाना क्षेत्र के ढकिया गांव का निवासी है। उसके पास से अफीम के अलावा एक मोबाइल फोन भी बरामद हुआ है।

सुभाषनगर थाने में रामौतार के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट की धारा 8/18/29 के तहत मामला दर्ज किया गया है। प्रारंभिक पूछताछ में रामौतार ने स्वीकार किया है कि वह एक सक्रिय तस्करी नेटवर्क का हिस्सा है। उसने बताया कि वह लंबे समय से झारखंड से अफीम लाकर विभिन्न जिलों में सप्लाई कर रहा था। जानकारी के अनुसार, हाल ही में उसे डेविड नामक व्यक्ति अफीम सप्लाई कर रहा था, जो रांची के खादखेड़ा बस स्टैंड क्षेत्र का निवासी है। अधिकारियों ने बताया कि डेविड के खिलाफ बदायूं जिले में भी एक मामला दर्ज है। रामौतार ने यह भी बताया कि पिछले महीने 11 या 12 नवंबर के आसपास अदालत में पेशी के लिए आते समय डेविड ने उसे देवचरा क्षेत्र में अफीम सौंपी थी।

गिरफ्तारी के समय रामौतार पंजाब की एक पार्टी को यह माल देने का इंतजार कर रहा था। अधिकारियों का मानना है कि यह गिरफ्तारी बरेली और आसपास के इलाकों में सक्रिय मादक पदार्थ तस्करी नेटवर्क के लिए एक बड़ा झटका है। एएनटीएफ अब इस सप्लाई चेन से जुड़े अन्य लोगों की पहचान कर उन्हें पकड़ने की दिशा में आगे की कार्रवाई कर रही है।

## बेहतर नेटवर्क से नशे के माफियाओं की कमर तोड़ रहे हैं प्रभारी उपनिरीक्षक विकास यादव

प्रभारी उपनिरीक्षक विकास यादव एएनटीएफ में शानदार काम कर रहे हैं ने अपने बेहतरीन नेतृत्व, खूफिया कार्य और टीमवर्क के जरिए एक अनोखी मिसाल पेश की है।

उनकी त्वरित और साहसिक कार्रवाई से न केवल तस्करी की बड़ी खेप पकड़ी गई, बल्कि क्षेत्र में अवैध मादक पदार्थों पर रोक लगाने में भी बड़ी मदद मिली है। स्थानीय लोगों ने भी एएनटीएफ पुलिस टीम, विशेषकर विकास यादव की इस सफलता की प्रशंसा की और इसे समाज के लिए एक सुरक्षित माहौल सुनिश्चित करने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम बताया।

# 2027 में कांग्रेस मजबूत भूमिका निभाएगी: अजय राय



■ प्रदेश अध्यक्ष ने ग्राम पंचायत चुनाव की तैयारियां पूरी होने की भी कही बात

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बहेड़ी।** कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष अजय राय ने कांग्रेस नेता सलीम अख्तर के कार्यालय पर कार्यकर्ताओं से मुलाकात की। इस दौरान उन्होंने मीडिया से बातचीत के दौरान कहा कि उत्तर प्रदेश में होने वाले ग्राम पंचायत चुनाव को लेकर कांग्रेस पूरी तरह तैयार है। उन्होंने यह भी दावा किया कि 2027 के विधानसभा चुनाव में भी कांग्रेस मजबूत और निर्णायक भूमिका निभाने जा रही है। एसआईआर पर अजय राय ने कहा कि सरकार ने कम समय देकर लोगों को भारी परेशानियों में डाल दिया है।

कांग्रेसी नेता सलीम अख्तर के यहां पहुंचे कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष अजय राय ने कहा कि जब 2003 में सर्वे हुआ था, तब भाजपा की ही सरकार थी, और लोगों को पूरा 6-7 महीने का समय दिया गया था। तब सब कुछ सुकून से हुआ था, लेकिन वर्तमान सरकार ने पूरी व्यवस्था चौपट कर दी है। उन्होंने कहा कि एसआईआर प्रक्रिया में अव्यवस्थाओं के कारण कई लोगों की जान तक चली गई है, जो कि सरकार की नाकामी को उजागर करता है। अंत में उन्होंने कहा कि ग्राम पंचायत चुनाव हो या 2027 का महासंग्राम कांग्रेस पूरी तैयारी के साथ मैदान में है और बेहतर प्रदर्शन करेगी।

## एक नजर

# अंबेडकर की पुण्यतिथि पर सेंथल में श्रद्धांजलि



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**सेंथल।** नगर में संविधान रचयिता डॉक्टर भीमराव की पुण्यतिथि उनकी प्रतिमा पर पुष्प अर्पित कर मनाई गई। इस अवसर पर भाजपा नेता विनय चौधरी ने कहा कि उनके आचरण को आत्मसात करें और उनसे प्रेरणा लें, कहा कि डॉक्टर भीमराव अंबेडकर ने सबको एक समान सम्मान दिलाने का काम किया है, उनके कार्यों को रहते जीवन भुलाया नहीं जा सकता है। कार्यक्रम में मुकेश शर्मा, नीतीश उपाध्याय, सेवाराम मौर्य, हसन मियां, मोहद्दिस मेहदी, सलीम हैदर गुड्डू, असगर अली आदि मुख्य रूप से उपस्थित रहे।

# खादी वस्त्रों की खरीदारी पर 20-25 प्रतिशत तक की छूट का उठा सकते हैं लाभ

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बरेली।** विशप मण्डल इण्टर कॉलेज ग्राउण्ड में आयोजित खादी एवं स्वावलम्बन उत्सव-2025 में खादी वस्त्रों की खरीद पर 20 से 25 प्रतिशत तक की छूट मिल रही है। इस उत्सव में विभिन्न खादी एवं ग्रामोद्योग उत्पादों की बिक्री जारी है, जिसके समापन में अब केवल चार दिन शेष हैं।



उत्सव में विशाल पाल मुजफ्फरनगर के स्टॉल पर वी गले के कोट और सदरी 38 से 44 नंबर के साइज में उपलब्ध हैं। इसके अतिरिक्त, कुल्लू मनाली के शॉल और विभिन्न प्रकार के फैंसी लेडीज स्टॉल भी बिक्री के लिए मौजूद हैं। माँ गायत्री चूर्ण उद्योग, जयपुर राजस्थान के स्टॉल पर कई स्वास्थ्यवर्धक उत्पाद उपलब्ध हैं। इनमें पेट की गर्मी और आंखों की रोशनी के लिए आंवला कैंडी, कोलेस्ट्रॉल संतुलित करने और मोटापा कम करने के लिए रोस्टेड अलसी, गैस के लिए हरण वटी, हाजमे के लिए अनार दाना शामिल हैं। जोड़ों के दर्द और शुगर के लिए मद्रासी मेथी, हाजमे के लिए मीठी सौंफ, नजला-खांसी के लिए मीठा अदरक और कब्ज-एसिडिटी के लिए हींग पेड़ा भी खूब पसंद किए जा रहे हैं। प्रदर्शनी में खादी और ग्रामोद्योग उत्पादों को प्राथमिकता देने वाले आगंतुकों द्वारा जमकर खरीदारी की जा रही है। परिक्षेत्रीय ग्रामोद्योग अधिकारी ने यह जानकारी दी है।

# राज्य महिला आयोग सदस्य ने वन स्टॉप सेंटर का किया औचक निरीक्षण

■ काउंसलिंग से अधिक केसों में समझौता कराने पर दिया जोर



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बरेली।** राज्य महिला आयोग की सदस्य पुष्पा पांडे ने शनिवार को वन स्टॉप सेंटर का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान केंद्र प्रबंधक ने बताया कि वर्तमान में 09 पीड़िताएं केंद्र पर रह रही हैं, जबकि नवंबर माह में कुल 118 नए प्रकरण सामने आए हैं।

पांडे ने केंद्र में रह रही पीड़िताओं से बातचीत की और उन्हें दी जा रही सुविधाओं के बारे में जानकारी ली। पीड़िताओं ने बताया कि उन्हें किसी प्रकार की समस्या नहीं है और आवश्यकतानुसार सहायता उपलब्ध कराई जा रही है। निरीक्षण के दौरान, आयोग सदस्य ने उन पीड़िताओं के मामलों में देरी का कारण पूछा जिन्हें केंद्र में रहते हुए पांच दिन से अधिक हो गए थे। उन्हें बताया गया कि आयु संबंधी परीक्षण की चिकित्सा रिपोर्ट मिलने में समय लगने के कारण मामलों के निस्तारण में विलंब हो रहा है। इसी दौरान, मनोसामाजिक परामर्शदाता अमरीन हुसैन द्वारा एक विवाहेत्तर संबंध के मामले में काउंसलिंग की जा रही थी। काउंसलिंग के बाद दोनों पक्षों के बीच आपसी सहमति से समझौता हो गया। इस पर आयोग सदस्य ने वन स्टॉप सेंटर की कार्यप्रणाली की सराहना की। उन्होंने निर्देश दिया कि अधिक से अधिक मामलों में काउंसलिंग के माध्यम से समझौता कराने का प्रयास किया जाए, ताकि टूटे हुए परिवारों को फिर से जोड़ा जा सके। निरीक्षण के समय केंद्र प्रबंधक चंचल गंगवार, जिला मिशन कोऑर्डिनेटर रिंकी सैनी और ड्यूटी रोस्टर के अनुसार सभी स्टाफ सदस्य उपस्थित रहे।

# व्यापारी नेता आशीष अग्रवाल पर दर्ज मुकदमे के विरोध में व्यापारियों ने की बैठक

■ दो दिन में कार्रवाई ना होने पर बाजार बंद करने की चेतावनी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**फतेहगंज पश्चिमी।** नगर के प्रांतीय उद्योग व्यापार मंडल के अध्यक्ष एवं भाजपा नेता आशीष अग्रवाल पर दर्ज किए गए कथित झूठे मुकदमे के विरोध में व्यापारी सुरक्षा फोरम के नेतृत्व में व्यापारियों की एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक में आंदोलन की रणनीति तय की गई और सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि यदि दो दिनों के भीतर आशीष अग्रवाल के खिलाफ दर्ज मुकदमा वापस नहीं लिया गया तथा ईओ के खिलाफ दी गई तहरीर पर मुकदमा दर्ज नहीं हुआ, तो सभी व्यापारिक संगठन एकजुट होकर बाजार बंद कर धरना-प्रदर्शन करेंगे।

बैठक की अध्यक्षता कर रहे व्यापारी सुरक्षा फोरम के अध्यक्ष शोभित अग्रवाल ने कहा कि नगर पंचायत के अधिशासी अधिकारी द्वारा बिना किसी नोटिस के व्यापारी राहुल गुप्ता की नवनिर्मित दुकान तोड़ने की कार्रवाई शुरू की गई, जो पालिका अधिनियम के विरुद्ध है। इसी अन्याय के खिलाफ वार्ता करने गए व्यापारी नेता आशीष अग्रवाल को राजनीतिक षड्यंत्र के तहत झूठे मुकदमे में फंसाया गया है, जिसे नगर का व्यापारी समाज किसी भी हाल में स्वीकार नहीं करेगा।

उन्होंने चेतावनी दी कि यदि जिला प्रशासन ने दो दिन में संतोषजनक कार्रवाई नहीं की, तो व्यापारी सड़कों पर उतरकर बड़ा आंदोलन करेंगे, जो बरेली जिले के हर कस्बे से होते हुए बरेली शहर तक पहुंचेगा।

पूरा व्यापारी समाज आशीष अग्रवाल के साथ खड़ा है।व्यापारियों ने निर्णय लिया कि कल मुख्यमंत्री को ज्ञापन भेजकर पूरे प्रकरण की निष्पक्ष जांच और कार्रवाई की मांग की जाएगी।

बैठक में प्रमुख रूप से सक्षम अग्रवाल, जतिन अग्रवाल, शुभम अग्रवाल, प्रेमपाल गंगवार, राजीव शर्मा, अजय कुदेशिया, गोविंद गुप्ता, ताहिर रजा नूरी, नदीम अंसारी, अनुज भारद्वाज, दीपक गोयल, मयंक अग्रवाल, राजेश गुप्ता, श्याम सुंदर गुप्ता, सतीश गुप्ता, राकेश गुप्ता, इंद्रेश गुप्ता, अंशुल सक्सेना, शाकिर अंसारी, अजय श्रीवास्तव, अमित गोयल, फईम अंसारी, हसनैन अंसारी, दीपक गुप्ता, गौरव गुप्ता, पंकज गुप्ता, संजीव गोयल, नितिन गुप्ता, अनमोल गुप्ता, कमल गुप्ता, शशांक गुप्ता सहित तमाम व्यापारी मौजूद रहे।

# गन्ना भुगतान की मांग को लेकर किसानों ने दिया धरना



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नवाबगंज।** भारतीय किसान यूनियन (हरपालगुट) ने शनिवार को गन्ना किसानों के करोड़ों रुपए के भुगतान की मांग को लेकर समिति कार्यालय पर धरना दिया। धरना स्थल पर पहुंचे तहसीलदार ने किसानों को कार्यवाही का भरोसा दिलाया।

यूनियन की हुई मासिक पंचायत में शनिवार को यूनियन के जिला अध्यक्ष महेन्द्र पाल गंगवार, जिला सचिव छेदा लाल गंगवार, बुद्धसेन गंग. वार, तहसील अध्यक्ष धर्मेन्द्र कुमार, खेमकरन लाल, बाबू जी आदि ने क्षेत्र की ओसवाल चीनी मिल पर किसानों के दो साल के करोड़ों रुपए का भुगतान न होने पर नाराजगी जताते हुए तहसील प्रशासन से तत्काल ही भुगतान कराए जाने की मांग की। इस दौरान धरना स्थल पर पहुंचे तहस. ीलदार दुष्यन्त प्रताप सिंह ने किसानों से 12 दिसंबर को ओसवाल चीनी मिल की नीलामी कराए जाने की बात कहकर किसानों को शान्त करने का प्रयास किया। तहसीलदार दुष्यन्त प्रताप सिंह को किसानों ने अपना मांगपत्र सौंपकर भुगतान कराए जाने की मांग की। इसमें सतीश गंगवार, टंडन बाबू, ओमप्रकाश, बाबू राम, भगवान दास मौर्य, सेवा सिंह, रामौतार, चंद्रपाल, धर्मपाल सहित बड़ी संख्या में किसानों ने भाग लिया।

# पशु आहार गोदाम में लगी आग, लाखों का नुकसान



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नवाबगंज।** कस्बे के बरखन रोड स्थित एक पशु आहार गोदाम में शार्ट सर्किट से आग लग गई। जिससे लाखों के नुकसान होने का अनुमान है। गोदाम में लगी इस भीषड़ आग पर अग्नि शमन कर्मियों ने व मुश्किल काबू पाया।

नगर की कहारान बस्ती के रहने वाले जुम्मा के पुत्र रियाज अहमद का बरखन रोड स्थित इकरा पशु आहार नाम से गोदाम है। शनिवार को सुबह करीब साढ़े दस बजे गोदाम में शर्ति सर्किट से आग लग गई। धीरे-धीरे आग ने विकराल रूप ले लिया, आग लगने की सूचना फायर बिग्रेड को दी गई, बताया जाता है कि सूचना देने के काफी देर बाद फायर बिग्रेड की गाड़ी स्थल पर पहुंची, और आग पर काबू पाया। फायर बिग्रेड की गाड़ी पहुंचने से पहले आसपास के लोगों ने इस भीषड़ आग पर काबू पाने का भरसक प्रयास किया। इस आग से गोदाम में रखे कई हजार कट्टे पशु आहार, केविल, मशीन मोटर, करीब 200 कुंतल माल के साथ ही भवन क्षतिग्रस्त हो गया। बताया जाता है कि इस आग से पशु आहार स्वामी को कई लाख रुपए का नुकसान होने का अनुमान है। स्वामी रियाज अहमद ने तहसील प्रशासन को प्रार्थना पत्र देकर मुआवजे की मांग की है।

# सीएम योगी का रोहिंग्या-बांग्लादेशी घुसपैठियों पर शिकंजा

■ यूपी में संदिग्ध इलाकों में सर्च ऑपरेशन, बरेली में डीएम-एसएसपी मैदान में उतरे



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बरेली।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के निर्देश पर पूरे उत्तर प्रदेश में अवैध रूप से रह रहे बांग्लादेशी और रोहिंग्या घुसपैठियों की पहचान के लिए घर-घर सर्वे अभियान शुरू किया गया है। इस अभियान के तहत संदिग्ध लोगों को चिन्हित कर डिटेंशन सेंटर भेजने की तैयारी है।

इसी कड़ी में शनिवार को बरेली प्रशासन एक्शन मोड में दिखा। बारादरी थाना क्षेत्र में तड़के से ही बड़े पैमाने पर तलाशी अभियान चलाया गया। इस कार्रवाई की खास बात यह रही कि किसी अधीनस्थ अधिकारी के बजाय स्वयं डीएम अविनाश सिंह, एसएसपी अनुराग आर्य और एसपी सिटी मानुष पारीक ने मोर्चा संभाला। अधिकारियों का काफिला पीलीभीत बाईपास किनारे बनी झुग्गी-बस्तियों, अस्थायी ठिकानों, दुकानों और निर्माण स्थलों पर पहुंचा। इंटेलिजेंस, एटीएस और पुलिस की कई यूनिटें मौके पर मौजूद रहकर गहन छानबीन कर रही थीं। वहां रहने वाले लोगों के पहचान पत्र, आधार कार्ड और स्थायी निवास प्रमाणपत्रों की जांच की गई।

अभियान के दौरान राहगीरों, मजदूरों, बाहरी और अन्य संदिग्ध लोगों से भी गहन पूछताछ की गई। डीएम अविनाश सिंह ने मौके पर अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिए कि जिले भर में अवैध रूप से रहने वालों पर किसी तरह की ढिलाई न बरती जाए।

एसएसपी अनुराग आर्य ने कहा कि शहर में संदिग्ध लोगों की पहचान कर सुरक्षा व्यवस्था को और मजबूत करना ही सरकार का लक्ष्य है। एसपी सिटी मानुष पारीक लगातार बस्तियों में टीमों के साथ जांच में जुटे रहे। अचानक चले इस अभियान से लोगों में कौतूहल रहा, लेकिन स्थानीय लोगों ने इसे स्वागत योग्य बताया। उनका कहना था कि कड़ी जांच से अपराध और सुरक्षा दोनों पर नियंत्रण मिलेगा और घुसपैठियों को जिले, प्रदेश और देश से बाहर खदेड़ा जा सकेगा। डीएम ने बताया कि यह सिर्फ शुरुआत है, आगे भी चरणबद्ध तरीके से वेरिफिकेशन अभियान चलाया जाएगा और संदिग्ध गतिविधि मिलने पर तत्काल कार्रवाई की जाएगी।

## पुरानी जेल को डिटेंशन सेंटर बनाने की तैयारी, डीएम-एसएसपी ने किया निरीक्षण

बरेली प्रशासन पुरानी जिला जेल को डिटेंशन सेंटर बनाने की तैयारी कर रहा है। इसी क्रम में मुख्यमंत्री के निर्देश पर डीएम अविनाश सिंह और एसएसपी अनुराग आर्य ने जेल का निरीक्षण किया। अधिकारियों ने झुग्गी-झोपड़ियों और खानाबदोश इलाकों में संदिग्ध व्यक्तियों की पहचान की प्रक्रिया तेज कर दी है। इस दौरान बांग्ला भाषा बोलने वाले कुछ स्थानीय लोगों की भी मदद ली गई, ताकि संदिग्धों की सही पहचान सुनिश्चित की जा सके। चौपला बगिया, पीलीभीत बाईपास और सुभाषनगर सहित उन सभी स्थानों पर जांच पड़ताल की जाएगी, जहां संदिग्ध लोगों के होने की आशंका है।

निरीक्षण के दौरान अपर जिलाधिकारी नगर सौरभ दुबे, पुलिस अधीक्षक नगर मानुष पारीक, पुलिस अधीक्षक यातायात अकमल खान, सीओ सिटी और सीओ एलआईयू सहित अन्य संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

# लालता प्रसाद स्कूल में हुआ सप्त संगम कार्यक्रम

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नवाबगंज।** कस्बे के लालता प्रसाद सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज में शनिवार को सप्त संगम कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें शामिल हुई महिलाओं ने छात्राओं को जागरुक किया। कार्यक्रम का शुभारम्भ दीप प्रज्चल्लित कर किया। कार्यक्रम में भाजपा महिला मोर्चा की जिला महामंत्री डॉ. मीनाक्षी गंगवार, नगर पालिका अध्यक्ष प्रेमलता राठौर ने कहा कि अब महिलाएं किसी भी क्षेत्र में पीछे नहीं हैं, उन्होंने छात्राओं से कहा कि वह मन लगाकर पढाई करें और अपने परिवार के साथ ही क्षेत्र का नाम रोशन करें। इस दौरान छात्राओं ने विभिन्न कार्यक्रम प्रस्तुत किए। इसमें विद्यालय के प्रधानाचार्य सौरभ अग्रवाल, क्षेमकरन, सीमा आदि थे।



# योगी सरकार बदल रही कामकाजी बच्चों का जीवन, बरेली में 500 लाभान्वित

**शाह टाइम्स ब्यूरो (मो० इरफान मुनीम)**


**बरेली।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के निर्देश पर उत्तर प्रदेश में मुख्यमंत्री बाल श्रमिक विद्या योजना के तहत कामकाजी बच्चों को शिक्षा और आर्थिक सहयोग प्रदान किया जा रहा है। इस योजना का उद्देश्य ऐसे बच्चों को मुख्यधारा से जोड़ना है जो पारिवारिक मजबूरियों के कारण ढाबों, होटलों, फैक्टरियों या अन्य प्रतिष्ठानों पर काम करते हैं। बरेली में अब तक 500 बच्चों को इस योजना का लाभ मिल चुका है।

**मुख्यमंत्री बाल श्रमिक विद्या योजना से मिल रही आर्थिक मदद और शिक्षा**

श्रम विभाग ने योजना के लिए श्रेणीवार प्राथमिकताएं तय की हैं। सहायक श्रमायुक्त बाल गोविंद ने बताया कि योजना का मुख्य उद्देश्य यह सुनिश्चित करना है कि किसी भी बच्चे को मजबूरी में मजदूरी न करनी पड़े और उसे शिक्षा व सुरक्षा दोनों मिल सकें। योजना के पहले चरण में प्रदेश के 20 जिलों का चयन किया गया है, जिसमें बरेली भी शामिल है। प्रत्येक जिले में 100 बच्चों को लाभान्वित करने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है।

बच्चों के चयन के लिए शासन ने नौ प्राथमिकता श्रेणियां निर्धारित की हैं। इनमें सबसे पहले उन बच्चों को प्राथमिकता दी जाती है जिनके माता-पिता दोनों नहीं हैं और परिवार की पूरी आय उन्हीं के काम पर निर्भर करती है। अन्य श्रेणियों में ऐसे बच्चे शामिल हैं जिनके पिता की मृत्यु हो गई हो, माता-पिता स्थायी रूप से दिव्यांग हों, माता-पिता गंभीर रोग से ग्रसित हों, परिवार की मुखिया विधवा या तलाकशुदा महिला हो, माता की मृत्यु या गंभीर बीमारी हो, और भूमिहीन परिवारों के बच्चे हों। सभी श्रेणियों में उन्हीं बच्चों को चिन्हित किया गया है जो सर्वेक्षण में कामकाजी पाए गए हैं।

योजना के पहले चरण में आगरा, प्रयागराज, कानपुर नगर, बलिया, लखनऊ, बाराबंकी, बरेली, बदायूं, गाजियाबाद, गोरखपुर, गोंडा, श्रावस्ती, बलरामपुर, बहराइच, मुरादाबाद, सोनभद्र, मिर्जापुर, जौनपुर, वाराणसी और गाजीपुर जिले शामिल हैं। इन 20 जिलों में प्रति जिले 100 लाभार्थी के हिसाब से प्रथम चरण में कुल 2000 बच्चों को सहायता प्रदान की जानी है।




योजना के तहत बच्चों को मासिक आर्थिक सहायता दी जाती है। बालकों को 1000 रुपये और बालिकाओं को 1200 रुपये प्रति माह मिलते हैं। यदि लाभार्थी बच्चा लगातार पढ़ाई जारी रखता है और कक्षा 8, 9 या 10 उत्तीर्ण करता है, तो उसे प्रत्येक कक्षा पास करने पर 6000 रुपये की प्रोत्साहन राशि भी प्रदान की जाती है।

# परिवहन विभाग का सख्त अभियान शुरू

■ बिना रिफ्लेक्टिव टेप वाहनों पर लगेगा जुर्माना

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बरेली।** कोहरे के मौसम से पहले परिवहन विभाग ने सड़क सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए एक सख्त अभियान शुरू किया है। इस अभियान के तहत बिना रेट्रो-रिफ्लेक्टिव टेप वाले व्यावसायिक वाहनों पर कड़ी कार्रवाई की जा रही है, जिसमें 10 हजार रुपये तक का जुर्माना शामिल है।

यह विशेष अभियान 5 दिसंबर 2025 से 11 जनवरी 2026 तक चलेगा। इसमें रातभर हाईवे पर चेकिंग, चालान और लगातार निगरानी की जा रही है। आरटीओ पंकज सिंह के अनुसार, बरेली, बदायूं, पीलीभीत और शाहजहाँपुर जिलों में चौकसी बढ़ा दी गई है।



रात में घना कोहरा होने पर रेट्रो-रिफ्लेक्टिव टेप के बिना वाहन सड़कों पर मुश्किल से दिखाई देते हैं, जिससे गंभीर दुर्घटनाओं का खतरा बढ़ जाता है। कई ट्रक, बसें, ई-रिक्शा और कृषि वाहन अभी भी इन सुरक्षा मानकों का पालन नहीं कर रहे थे, जिन्हें अब लक्षित किया जा रहा है।

परिवहन विभाग ने रिफ्लेक्टिव टेप के लिए स्पष्ट नियम निर्धारित किए हैं। वाहनों के आगे सफेद और पीछे लाल टेप अनिवार्य है। भारी वाहनों (एन-3) पर 50 मिमी साइड मार्किंग होनी चाहिए। बसों पर आगे, पीछे और साइड में 50 मिमी टेप लगाना आवश्यक है। ई-रिक्शा/ई-कार्ट पर 20 मिमी सफेद व लाल टेप और ट्रैक्टर पर दो लाल रिफ्लेक्टर अनिवार्य हैं।

मानक टेप न लगे होने पर वाहन का फिटनेस सर्टिफिकेट सीधे रद्द कर दिया जाएगा, जिससे वह सड़क पर नहीं चल पाएगा। नियमों का उल्लंघन करने वालों पर 10 हजार रुपये का जुर्माना, लाइसेंस निलंबन और आवश्यकता पड़ने पर जेल तक की कार्रवाई भी की जा सकती है। आरटीओ ने स्पष्ट संदेश दिया है कि कोहरा शुरू होने से पहले वाहन दुरुस्त करवा लें। इस अभियान के बाद से वाहन चालकों में जागरूकता बढ़ी है और वर्कशॉप तथा टेप लगाने वाली दुकानों पर भीड़ देखी जा रही है।

# तीसरा वनडे: भारत ने द. अफ्रीका को हराया

## यशस्वी जायसवाल की सेंचुरी, कुलदीप-प्रसिद्ध ने 4-4 विकेट लिए, सीरीज 2-1 से जीती






**विशाखापट्टनम, वार्ता।** भारत ने साउथ अफ्रीका को तीसरे वनडे में 9 विकेट से हरा दिया। विशाखापट्टनम में टीम इंडिया ने टॉस जीतकर बॉलिंग चुनी। साउथ अफ्रीका 270 रन ही बना सका। भारत ने 40वें ओवर में महज एक विकेट खोकर टारगेट हासिल कर लिया। विराट कोहली ने लुंगी एनगिडी की बाल पर लगातार दो चौके मारकर टीम इंडिया को जीत दिला दी। डा. वाई. राजशेखर रेड्डी स्टेडियम में मेहमान टीम के लिए क्विंटन डी काक ने शतक लगाया। कप्तान टेम्बा बावुमा ने 48, डेवावाईड ब्रेविस ने 29 और मैथ्यू ब्रीट्जकी ने 24 रन बनाकर टीम को 270 तक पहुंचाया। भारत से कुलदीप यादव और प्रसिद्ध कृष्णा ने 4-4 विकेट लिए। 271 रन के टारगेट के सामने यशस्वी जायसवाल और रोहित शर्मा ने भारत को मजबूत शुरुआत दिलाई। दोनों ने 155 रन की पार्टनरशिप की। रोहित 75 रन बनाकर आउट हुए, यह सीरीज में उनकी पहली फिफ्टी रही। यशस्वी ने फिर 111 गेंद पर अपने वनडे करियर का पहला शतक लगाया।

उनके सामने विराट कोहली ने महज 40 गेंद पर फिफ्टी लगा दी। दोनों ने 40वें ओवर में टीम को जीत दिला दी। साउथ अफ्रीका से केशव महाराज ने इकलौता विकेट लिया। तीसरे वनडे में नतीजे के साथ होम टीम ने 3 मैचों की सीरीज 2-1 से जीत ली। साउथ अफ्रीका ने दूसरे मुकाबले में 359 रन चेज किए थे। दोनों टीमों के बीच 5 टी-20 की सीरीज 9 दिसम्बर से शुरू होगी। साउथ अफ्रीका ने टेस्ट सीरीज 2-0 से जीती है। रोहित के 20 हजार इंटरनेशनल रन रोहित के इंटरनेशनल क्रिकेट में 20 हजार रन पूरे हो गए हैं। वे ऐसा करने वाले भारत के चौथे बैटर बने हैं। उनसे पहले सचिन तेंदुलकर, विराट कोहली, राहुल द्रविड़ यह कारनामा कर चुके हैं।प्लेयर ऑफ द मैच यशस्वी जायसवाल ने कहा कि मैं बहुत खुश हूं। रोहित और मैंने इस बारे में बहुत बात की है कि हमें कैसे खेलना है और किस तेजी से आगे बढ़ना है। शुरू में मैं ज्यादा तेजी से रन नहीं बना पा रहा था। मैं सोच रहा था कि पारी को बैलेंस कैसे करूं। जब विराट पाजी आए, तो उन्होंने कई शक्ट खेले। उन्होंने मुझे टारगेट सेट करने में भी मदद की। साउथ अफ्रीकी कप्तान टेम्बा बावुमा बोले हम इस मैच को और अधिक रोमांचक बनाना चाहते थे। हमारे पास पर्याप्त रन नहीं थे। लाइट्स में बैटिंग आसान भी हो जाती है। पहले 10 ओवर में हमने गेंद से हमने कंट्रोल किया, लेकिन ऊपर स्कोरबोर्ड का कोई दबाव नहीं था। भारतीयों की बैटिंग काबिल ए तारीफ रही।

### संक्षिप्त खेल समाचार

### एएफसी गोवा की नजरें खिताब बचाने पर

**फातोर्दा, वार्ता।** कोलकाता की बड़ी टीम ईस्ट बंगाल रविवार को फातोर्दा के जेएलएन स्टेडियम में एआईएफएफ सुपर कप 2025-26 के फाइनल में डिफेंडिंग चैंपियन एफसी गोवा से भिड़ेगी। ईस्ट बंगाल बनाम एफसी गोवा का फाइनल रविवार शाम 7:30 बजे शुरू होगा। 2018 में फेडरेशन कप के बाद शुरू हुआ सुपर कप, इंडियन फुटबॉल का टॉप-टियर डोमेस्टिक कप कॉम्पिटिशन है और जीतने वालों को 2026-27 एएफसी चैंपियंस लीग टू प्ले-ऑफ में जगह मिलेगी। ईस्ट बंगाल एफसी गोवा के खिलाफ बिना हारे फाइनल में पहुंचा है। उन्होंने सेमीफाइनल में पंजाब एफसी को 3-1 से हराने से पहले ग्रुप ए में एक जीत और दो ड्रॉ के साथ टॉप किया था।

### भारत सेमीफाइनल में जर्मनी से भिड़ेगा

**चेन्नई, वार्ता।** मेजबान भारत रविवार को सेमीफाइनल में सात बार की चैंपियन जर्मनी से भिड़ेगा। भारत ने जूनियर हॉकी वर्ल्ड कप दो बार जीता है, और उसकी आखिरी जीत 2016 में हुई थी, जब यह टूर्नामेंट लखनऊ में उसके घर पर हुआ था। मंगलवार को मदुरै इंटरनेशनल हॉकी स्टेडियम में पुरुषों के रोमांचक क्वार्टरफाइनल मुक. ाबले में जोश से भरे भारत ने अपना धैर्य बनाए रखते हुए शूट-आउट में बेल्जियम को 4-3 से हराया। प्रिसदीप सिंह ने शूटआउट में भारतीय हॉकी टीम के लिए शानदार बचाव किया। प्लेयर ऑफ द मैच चुने गए प्रिसदीप ने कहा कि (कोच) पीआर श्रीजेश से बहुत कुछ सीखा है और उन्हें देखकर, उनसे सीखकर आत्मविश्वास बढ़ा है। यह एक शानदार मैच था और चेन्नई में दर्शकों का समर्थन अविश्वसनीय था। शारदा नंद तिवारी भी भारत के शूटआउट में डटे रहे, उनके पेनल्टी स्ट्रोक्स ने भारत को मुकाबले में बनाए रखा।

## द. अफ्रीका: टी-20 सीरीज में गिल को जगह

**● शुभमन गिल रिकवरी प्रक्रिया पर बारीकी से नजर रखी गई है और परिणामों को सफल और संतोष जनक बताया गया है**




**नई दिल्ली, वार्ता।** भारतीय टेस्ट और वनडे टीम के कप्तान शुभमन गिल को बीसीसीआई सेंटर ऑफ एक्सीलेंस (सीओई) में रिहैब सफलतापूर्वक पूरा करने के बाद पूरी तरह से फिट घोषित कर दिया गया है और वह सभी प्रारूपों में चयन के लिए उपलब्ध हैं। चिकित्सा अधिकारियों के अनुसार, गिल ने न केवल अपना रिहैब पूरा कर लिया है, बल्कि प्रतिस्पर्धी क्रिकेट में वापसी के लिए आवश्यक सभी फिटनेस और प्रदर्शन मानदंडों को भी पूरा कर लिया है। गिल की रिकवरी प्रक्रिया पर बारीकी से नजर रखी गई है और परिणामों को फल और संतोषजनक बताया गया है। गिल को औपचारिक रूप से सीओई से छुट्टी दे दी जाएगी। गिल को नौ दिसम्बर से शुरू होने वाली दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ आगामी पांच मैचों की टी-20 सीरीज के लिए भारतीय टीम में चुना गया है। बीसीसीआई ने टीम का एलान करते वक्त बताया था कि गिल की उपलब्धता सीओई से फिटनेस मंजूरी पर निर्भर थी, लेकिन मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार, अब वह फिट घोषित हो गए हैं। गिल को दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ कोलकाता टेस्ट के दौरान पहली पारी में बल्लेबाजी करते वक्त चोट लगी थी। वह रिटायर्ड हर्ट होकर मैदान से बाहर चले गए थे और फिर मैच में हिस्सा नहीं ले पाए थे। गिल दूसरे टेस्ट में खेलने के लिए फिट नहीं हुए और वनडे सीरीज से भी उन्हें बाहर रखा गया। गिल रिहैब के लिए इस सप्ताह बीसीसीआई के सेंटर ऑफ एक्सीलेंस पहुंचे थे। भारत और दक्षिण अफ्रीका के बीच फिलहाल तीन वनडे मैचों की सीरीज खेली जा रही है। रांची में भारत और रायपुर में दक्षिण अफ्रीका की जीत के साथ सीरीज 1-1 की बराबरी पर पहुंच गई है। आज विशाखापत्तनम में आखिरी मुकाबला खेला जा रहा है। भारत की नजरें निर्णायक मुकाबला जीतकर सीरीज जीतने पर होंगी। इसके बाद दोनों टीमें पांच मैचों की टी-20 सीरीज भी खेलेंगी, जिसकी शुरुआत 9 दिसम्बर से होगी। पहला मुकाबला कटक में खेला जाएगा, जबकि दूसरा मैच 11 दिसम्बर को न्यू चंडीगढ़ में होगा। इस सीरीज के बाकी तीन मुकाबले क्रमशरू 14 दिसम्बर, 17 दिसम्बर और 19 दिसम्बर को धर्मशाला, लखनऊ और अहमदाबाद में खेले जाएंगे।

## गूगल ट्रेड्स में वैभव सूर्यवंशी भारत के नंबर-1 क्रिकेटर

**● प्रियांश आर्या दूसरे, टॉप-10 में जेमिमाह रोड्रिग्स और स्मृति मंधाना भी शामिल**

**नई दिल्ली, वार्ता।** भारत के 14 साल के बल्लेबाज वैभव सूर्यवंशी साल 2025 में देश में सबसे ज्यादा सर्च किए जाने वाले पर्सनैलिटी बन गए हैं। वहीं, दुनिया भर में वह छठे सबसे ज्यादा सर्च किए जाने वाले पर्सनैलिटी रहे। आईपीएल, अंडर-19 और टी-20 में लगातार रिकार्ड तोड़ प्रदर्शन के कारण पिछले एक साल में उनकी लोक. प्रियता तेजी से बढ़ी है। वैभव मूल रूप से बिहार से आते हैं। पिछले साल मात्र 14 साल की उम्र में राजस्थान रायल्स ने उन्हें 1.1 करोड़ रुपये में खरीदा था। यह आईपीएल इतिहास में सबसे कम उम्र में मिला कान्ट्रैक्ट है। इस साल वैभव ने आईपीएल में डेब्यू किया। वह लेफ्ट-हैंडेड बल्लेबाज हैं और टी-20 में सबसे कम उम्र में शतक लगाने वाले खिलाड़ी बने। उन्होंने यह उपलब्धि आईपीएल 2025 में राजस्थान रॉयल्स की ओर से गुजरात टाइटंस के खिलाफ हासिल की। राइजिंग स्टार्स एशिया कप में भी धमाल वैभव राइजिंग स्टार्स एशिया कप भी खेल चुके हैं। यूएई के खिलाफ उन्होंने सिर्फ 32 गेंदों में शतक जड़ा था। इस पारी में उनके 15 छक्के और 11 चौके शामिल थे। प्रियांश आर्य दूसरे नंबर पर गूगल ट्रेंड्स 2025 की सर्च लिस्ट में वैभव सूर्यवंशी के बाद प्रियांश आर्य दूसरे नंबर पर रहे। प्रियांश दिल्ली की ओर से खेलते हैं और आईपीएल में पंजाब किंग्स का हिस्सा हैं। अपने पहले ही आईपीएल सीजन में उन्होंने 17 मैचों में 475 रन बनाए। तीसरे स्थान पर अभिषेक शर्मा रहे। अभिषेक ने हाल ही में सैयद मुश्ताक अली ट्राफी में सिर्फ 12 गेंदों में फिफ्टी लगाकर इतिहास रचा था। हैरानी की बात यह रही कि टॉप-5 में आंध्र प्रदेश के गुन्टूर के 21 वर्षीय शेख रशीद भी शामिल रहे। टॉप-10 में महिला वर्ल्ड कप जीतने वाली जेमिमा रोड्रिग्स और स्मृति मांधना के नाम भी शामिल हैं। इसके अलावा करुण नायर, भारत अंडर-19 टीम के कप्तान और चेन्नई सुपर किंग्स के युवा ओपनर आयुष म्हात्रे (17 वर्ष) भी लिस्ट में रहे। आयुष ने 48 गेंदों पर 94 रनों की ताबड़तोड़ पारी खेली थी, भारत अंडर-19 की कप्तानी की और फर्स्ट क्लास क्रिकेट में 500 से ज्यादा रन बनाए।

## नोएडा में 15 जनवरी से शुरू होगी प्रो रेसलिंग लीग

**● स्पोर्ट्स और कॉरपोरेट दुनिया में जो बात धूम मचा रही वह है इस सीजन को लेकर जबरदस्त क्रेज**

**नोएडा, वार्ता।** प्रो रेसलिंग लीग (पीडब्ल्यूएल) ऑफिशियली वापस आ गई है, और इसे उम्मीद से कहीं जडादा रिस्पॉन्स मिला है। लीग 15 जनवरी 2026 को शुरू होगी, और इसका ग्रैंड फिनाले 1 फरवरी 2026 को मशहूर नोएडा इनडोर स्टेडियम में होगा, जो लीग के पूरे समय के लिए पहले ही पूरी तरह से बुक हो चुका है। स्पोर्ट्स और कॉर्पोरेट दुनिया में जो बात धूम मचा रही है, वह है इस सीजन को लेकर जबरदस्त क्रेज। कुछ ही हफ्तों में, पीडब्ल्यूएल फ्रेंचाइज स्पेस इंडियन स्पोर्ट्स में सबसे जडादा डिमांड वाली जगहों में से एक बन गया है। बड़े कॉर्पोरेट घराने, बिजनेस परिवार और स्पोर्ट्स इन्वेस्टर अब टीमों को खरीदने के लिए जोरदार मुकाबला कर रहे हैं, और अगर यही रफ्तार जारी रही, तो सभी फ्रेंचाइज 30 दिनों के अंदर बिक जाएंगे। यह एक ऐसा माइलस्टोन है जो इंडिया में बहुत कम लीग्स ने कभी हासिल किया है। यह एक्साइटमेंट सिर्फ इन्वेस्टर्स के बीच ही नहीं है। रेसलिंग की तरफ, रिस्पॉन्स और भी जबरदस्त रहा है। आने वाले प्लेयर ऑक्शन के लिए, 300 से ज्यादा प्रोफेशनल रेसलर्स ने रजिस्टर किया है, जो 20 से जडादा देशों को रिप्रेजेंट करते हैं, जिसमें ओलंपिक मेडलिस्ट, वर्ल्ड चैंपियनशिप फाइनलिस्ट और भारतीय पुरुष और महिला रेसलर्स की एक मजबूत लाइनअप शामिल है। अप्लाई करने वाले एथलीटों की डायवर्सिटी और कैलिबर इस बात का पक्का इशारा है कि ग्लोबल रेसलिंग कम्युनिटी पीडब्ल्यूएल को दुनिया के सबसे सीरियस और हाई-वैल्यू प्लेटफॉर्म में से एक मानती है।

## भूपेंद्र लाइफटाइम अचीवमेंट अवॉर्ड से सम्मानित

**नई दिल्ली, वार्ता।** ग्लोबल स्ट्रेंथ स्पोर्ट्स सेलिब्रिटी फेडरेशन (लंदन, यूके) ने द्रोणाचार्य अवार्डी भूपेंद्र धवन को पिछले 35 सालों में अंतरराष्ट्रीय स्तर पर आयरन गेम्स (बॉडीबिल्डिंग और पावरलिफ्टिंग) के क्षेत्र में उनके असाधारण योगदान के लिए प्रतिष्ठित लाइफटाइम अचीवमेंट अवॉर्ड से सम्मानित किया है। इस साल का अवॉर्ड समारोह 22 नवम्बर 2025 को लंदन में हुआ था। पहले से तय प्रोफेशनल कामों के कारण, धवन इस कार्यक्रम में शामिल नहीं हो पाए थे। आज यहां आयोजित एक खास कार्यक्रम में, फेडरेशन की प्रेसिडेंट सुश्री हैने बिगल एमबीई ने ग्लोबल स्ट्रेंथ स्पोर्ट्स सेलिब्रिटी फेडरेशन की ओर से उन्हें यह अवॉर्ड औपचारिक रूप से प्रदान किया। फेडरेशन भूपेंद्र धवन को उनके जीवन भर के समर्पण, नेतृत्व और असाधारण उपलब्धियों के लिए दिल से बधाई देता है,

## ग्रीव्स का ऐतिहासिक दोहरा शतक

**● प्लेयर ऑफ द मैच जस्टिन ग्रीव्स ने नाबाद 202 रन बनाकर टीम के लिए दो विकेट भी चटकाए**



**न्यूजीलैंड, वार्ता।** प्लेयर ऑफ द मैच जस्टिन ग्रीव्स ( दो विकेट/ नाबाद 202), शाई होप (140) और केमार रोच (नाबाद 58) की जुझारू पारियों के दम वेस्टइंडीज, न्यूजीलैंड के खिलाफ पहले टेस्ट के पांचवें दिन शनिवार को दूसरी पारी में छह विकेट पर 457 का स्कोर कर मैच को शानदार तरीके से ड्रा कराने में सफल रहा। और उसने विश्व टेस्ट चैंपियनशिप चरण के अपने छठे टेस्ट में पहला अंक हासिल किया। यहां वेस्टइंडीज ने कल दो विकेट पर 217 रनों से आगे खेलना शुरु किया। वेस्टइंडीज का पांचवां विकेट 93वें ओवर में 268 के स्कोर पर शाई होप के रूप में गिरा। शाई होप ने 234 गेंदों में 15 चौके और दो छक्के उड़ाते हुए 140 रनों की पारी खेली। कुछ देर बाद जैक फाउल्क्स ने टेविन इमलाच (चार) को आउट कर न्यूजीलैंड के मैच जीतने की उम्मीद को हवा दी। इसके बाद बल्लेबाजी करने आए केमार रोच ने जस्टिन ग्रीव्स के साथ न्यूजीलैंड के गेंदबाजों का सामना बहादुरी से किया और पिच पर टिके रहे। इसी दौरान ग्रीव्स ने पहले अपना शतक और उसके बाद दोहरा शतक पूरा किया। इसी के साथ ग्रीव्स टेस्ट की चौथी पारी में डबल सेंचुरी बनाने वाले चौथे वेस्टइंडियन और कुल मिलाकर सातवें खिलाड़ी बन गए हैं। न्यूजीलैंड के लिए जेकब डफी ने तीन विकेट लिए। माइकल ब्रेसवेल, जैकरी फॉक्स और मैट हेनरी ने एक-एक बल्लेबाज को आउट किया। जस्टिन ग्रीव्स की शानदार बल्लेबाजी की वजह से उन्हें इस एक ही पारी में अपने 12-टेस्ट करियर की आधी से अधिक गेंदों का सामना करना पड़ा, और वेस्टइंडीज ने क्राइस्टचर्च में 2025-27 वर्ल्ड टेस्ट चैंपियनशिप चरण के अपने छठे टेस्ट में पहला अंक हासिल किया। उन्होंने कुल 163-3 ओवर खेले, जो 95 सालों में वेस्टइंडीज के लिए टेस्ट में चौथी पारी में सबसे ज्यादा ओवर हैं। तीसरे दिन 92 रन पर 4 विकेट गिरने के बाद वेस्टइंडीज को बचाने वाली 196 रन की पार्टनरशिप में शाई होप का साथ देने के बाद, जब होप (140) और टेविन इमलाच जल्दी-जल्दी आउट हो गए, तो ग्रीव्स पारी की जान बन गए। उन्होंने आखिरी ओवर से ठीक पहले जैकब डफी की गेंद को बैकवर्ड पॉइंट के ऊपर से मारकर अपना पहला शानदार टेस्ट दो. हरा शतक पूरा किया। यह आखिरी सेशन में उनका सिर्फ दूसरा चौका था, और उनके साथी खिलाड़ियों ने खड़े होकर उनका तालियों से स्वागत किया। ग्रीव्स ने 388 गेंदों में 19 चौके लगाते हुए नाबाद 202 रनों की पारी खेली। उन्होंने एक ऐसी पारी खेली जो शुरू तो अपने खास कलात्मक अंदाज और जोश के साथ हुई थी, लेकिन बाद में वह मकसद और हिम्मत से भरी एक मजबूत पारी में बदल गई। ग्रीव्स को शरीर पर इतनी गेंदे लगी कि वह गिन भी नहीं सकते थे, उन्होंने अपने करियर में सबसे अधिक गेंदें खेलीं, और एक ही मकसद और पक्के इरादे के साथ अपने नेचुरल अंदाज को कंट्रोल में रखा।

## अबू धाबी नाइट राइडर्स ने 500 टी-20 विकेट पूरे करने पर रसेल को किया सम्मानित




**अबू धाबी, वार्ता।** अबू धाबी नाइट राइडर्स ने टी-20 प्रारूप में 500 विकेट लेने वाले आंद्रे रसेल को सम्मानित किया है। आंद्रे रसेल ने यह उपलब्धि डीपी वर्ल्ड आईएल टी-20 के दौरान अबू धाबी नाइट राइडर्स और डेजर्ट वाइपर्स के बीच खेले गए मुकाबले में हासिल की। इसी के साथ वह इस प्रारुप में 500 विकेट पूरे करने वाले दुनिया के कुछ ही खिलाड़ियों में से एक बन गए हैं। इस खास मौके को यादगार बनाने के लिए, अबू धाबी नाइट राइडर्स ने रसेल को एक कस्टमाइज्ड '500' जर्सी भेंट की, जो टीम और टी-20 क्रिकेट में उनके शानदार योगदान का जश्न मनाती है। अपनी तेज गति, पावर और गेम बदलने वाले प्रदर्शन के लिए जाने जाने वाले रसेल अपनी पीढ़ी के सबसे प्रभावशाली टी-20 क्रिकेटरों में से एक रहे हैं। उन्होंने दुनिया भर में नाइट राइडर्स टीमों के लिए शानदार प्रदर्शन किया है, जिसमें कोलकाता नाइट राइडर्स, अबू धाबी नाइट राइडर्स, ट्रिनबागो नाइट राइडर्स और लॉस एंजेलिस नाइट राइडर्स शामिल हैं। नाइट राइडर्स परिवार को रसेल की इस उपलब्धि पर बहुत गर्व है और इसे उनके करियर का एक खास पल और एक ऐसा मील का पत्थर मानता है जो दुनिया भर की लीगों में उनकी लंबे समय से चली आ रही बेहतरीन परफॉर्मेंस को दिखाता है।

## जोरावर को पीपल्स चॉइस पुरुष एथलीट चुना



**● दोहा में आयोजित समारोह में कुल सात एथलीटों को सम्मानित किया गया**

**कतर, वार्ता।** भारतीय निशानेबाज जोरावर सिंह संधू को आईएसएसएफ एथलीट ऑफ द ईयर अवॉर्ड्स 2025 में आईएसएसएफ पीपल्स चॉइस मेन्स एथलीट ऑफ द ईयर चुना गया। दोहा में शुक्रवार को आयोजित समारोह में कुल सात एथलीटों को सम्मानित किया गया। इसी के साथ कतर की राजधानी में आईएसएसएफ विश्व कप फाइनल 2025 का शुभारंभ भी हो गया। 48 वर्षीय भारतीय निशानेबाज ने इस साल की शुरुआत में एथेंस में शॉटगन वर्ल्ड चैंपियनशिप में कांस्य पदक जीता था। मलाकासा शूटिंग रेंज में पुरुषों के ट्रैप निशानेबाजी स्पर्धा में संधू का कांस्य पदक शॉटगन विश्व चैंपियनशिप में इस स्पर्धा में भारत का तीसरा पदक था। उनसे पहले यह कारनामा मानवजीत सिंह संधू, जगरेब (2006) में स्वर्ण पदक और करणी सिंह ने 1962 में काहिरा में रजत पदक जीता था। नॉर्वेजियन शूटर जेनेट हेग ड्यूस्टैड, जो मौजूदा 50मीटर राइफल थ्री पोजीशन वर्ल्ड चैंपियन ने डबल जीत हासिल की। उन्होंने विमेंस राइफल एथलीट ऑफ द ईयर और पीपल्स चॉइस विमेंस एथलीट अवॉर्ड दोनों जीते। ड्यूस्टैड के टीममेट जॉन-हरमन हेग (नॉर्वे) ने मेन्स राइफल एथलीट ऑफ द ईयर का खिताब जीता। चीन ने पिस्टल अवॉर्ड्स में दबदबा बनाया, जिसमें हू काई ने सभी चार आईएसएसएफ वर्ल्ड कप स्टेज में ऐतिहासिक क्लीन स्वीप के बाद पुरुषों की कैटेगरी जीती। सुन युजी ने अपने डेब्यू सीजन में तीन बार बिना हारे महिलाओं का खिताब जीता। अमे. रिकी ट्रैप लेजेंड विसेंट और सामंथा सिमोंटन को क्रमश: पुरुष और महिला शॉटगन एथलीट ऑफ द ईयर चुना गया।

## चोटिल बर्गर भारत के खिलाफ टी-20 सीरीज से बाहर




**● बाएं हाथ के गेंदबाज बर्गर दूसरे वनडे के दौरान हैमिस्ट्रिंग इंजरी के चलते मुकाबले से बाहर हो गए थे**

**विशाखापत्तनम, वार्ता।** चोट के चलते नांद्रे बर्गर और टॉनी डी जॉर्जी भारत के खलिाफ तीसरे वनडे से बाहर हो गए हैं।

बर्गर भारत के खिलाफ टी-20 सीरीज से भी बाहर हो गए हैं। बाएं हाथ के तेज गेंदबाज बर्गर दूसरे वनडे के दौरान हैमस्ट्रिंग इंजरी के चलते मुकाबले से बाहर हो गए थे जबकि डी जॉर्जी को दक्षिण अफ्रीका की चेज के दौरान 45वें ओवर में हैमस्ट्रिंग में खिचाव महसूस हुआ और वह 17 रन के निजी स्कोर पर रिटायर्ड हर्ट हो गए थे।

सीएसए के बयान में बताया गया कि दोनों खिलाड़ियों का शुक्रवार को स्कैन हुआ था और बर्गर भारत के खिलाफ मंगलवार से शुरू हो रही पांच मैचों की टी-20 सीरीज से भी बाहर हो गए हैं। हालांकि दक्षिण अफ्रीका ने टी-20 सीरीज के लिए बर्गर का रिप्लेसमेंट घोषित नहीं किया है। क्वेना मफाका का भी अभी रिहैबिलेशन पूरा नहीं हुआ है इसलिए टी-20 दल से उनका नाम भी वापस ले लिया गया है। मफाका की जगह पर लुथो सिपामला को साउथ अफ्रीका के दल में जगह दी गई है।



नई दिल्ली। इंदिरा गांधी अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे के टर्मिनल 1 (टी) पर प्रतीक्षा करते यात्री।

## इटली को 100 जेएसएसएम मिसाइलें बेचने को अमेरिका की मंजूरी

**वाशिंगटन।** अमेरिका ने आकाश से धरती पर मार करने वाली ज्वाइंट एयर-टू-सरफेस स्टैंडऑफ (जेएएसएसएस) मिसाइलों और उनसे संबंधित उपकरणों को इटली को बेचने पर सहमति जतायी। इस सौदे की अनुमानित लागत 30 करोड़ 10लाख अमेरिकी डॉलर है। अमेरिका की डिफेंस सिक्योरिटी कोऑपरेशन एजेंसी (डीएससीए) ने एक बयान में कहा कि स्टेट डिपार्टमेंट ने इटली सरकार को विस्तारित रेंज वाली जेएएसएसएस मिसाइलें और संबंधित उपकरण बेचने की संभावित विदेश सैन्य बिक्री को मंजूरी दे दी है। इस बारे में कांग्रेस को आवश्यक सूचना भेज दी गई है।

## घर में आग लगने के बाद भारतीय छात्रा की मौत

**न्यूयॉर्क।** अमेरिका में भारत की एक छात्रा की मौत हो गई। घर में आग लगने के कारण छात्रा को गंभीर चोटें आई थीं। न्यूयार्क स्थित भारतीय महावाणिज्य दूतावास ने यह जानकारी दी। सहज रेड्डी उदुमाला (24 वर्षीय) न्यूयार्क की राजधानी अल्बानी में स्नातकोत्तर की पढ़ाई कर रही थी। भारतीय महावाणिज्य दूतावास ने शुक्रवार (स्थानीय समय) को एक्स पर एक पोस्ट में कहा कि उदुमाला की आकस्मिक मृत्यु से गहरा दुख हुआ। दूतावास ने कहा इस कठिन समय में हमारे विचार और हार्दिक संवेदनाएं उनके परिवार के साथ हैं। इसने यह भी कहा कि वह उदुमाला के परिवार के संपर्क में है और हर संभव सहायता प्रदान कर रहे हैं।

# भारत को जल्द मिलेंगी 40 हजार लाइट मशीन गन

## अगले साल की शुरुआत से पहली खेप की आपूर्ति की तैयारी कर रही प्रमुख इजरायली रक्षा कंपनी

**यरूशलम।** इजरायल की एक प्रमुख रक्षा कंपनी ने कहा कि वह अगले साल की शुरुआत से भारत को 40 हजार लाइट मशीन गन (एलएमजी) की पहली खेप देना शुरू करेगी। इसके साथ ही कंपनी करीब एक लाख 70 हजार आधुनिक कार्बाइन देने के लिए एक अनुबंध पर हस्ताक्षर करने के अंतिम चरण में है।

इजरायल वेपन इंडस्ट्रीज (आईडब्ल्यूआई) के मुख्य कार्यकारी अधिकारी (सीईओ) शुकी श्वाट्र्ज ने कहा कि उनकी कंपनी भारतीय गृह मंत्रालय की कई एजेंसियों के साथ मिलकर पिस्तौल, राइफल और मशीन गन जैसे हथियारों की भारत में बिक्री पर काम कर रही है। वाट्र्ज ने कहा, हम अभी तीन बड़े कार्यक्रमों में शामिल हैं। पहला 40



**हमने सभी परीक्षण और सरकारी जांच पूरी कर ली है और हमें उत्पादन का लाइसेंस मिल गया है**

हजार लाइट मशीन गन का अनुबंध है, जिस पर पिछले साल हस्ताक्षर हुए थे। हमने सभी परीक्षण और सरकारी जांच पूरी कर ली है और हमें उत्पादन का लाइसेंस मिल गया है। हम साल की शुरुआत में पहली खेप देने की तैयारी में हैं। उन्होंने कहा कि एलएमजी की आपूर्ति पांच वर्षों तक चलेगी। उन्होंने कहा कि वह इससे जल्दी भी आपूर्ति कर सकते हैं, लेकिन पहली खेप साल की शुरुआत में दी जाएगी। श्वाट्र्ज ने कहा कि दूसरा कार्यक्रम सीक्यूबी (क्लोज क्वार्टर्स बैटल) कार्बाइन का टेंडर है। इसमें उनकी कंपनी ने दूसरी सबसे बड़ी बोली लगाई थी, जबकि 'भारत फोर्ज' मुख्य बोली लगाने वाली कंपनी है। उन्होंने कहा कि हम इस अनुबंध के 40 फीसदी हिस्से की आपूर्ति करना चाहते हैं। हम अनुबंध पर हस्ताक्षर से ठीक पहले के चरण में हैं और मुझे लगता है कि यह इस साल के अंत तक या अगले साल की शुरुआत में पूरा हो जाएगा। सीक्यूबी कार्बाइन की 60 फीसदी आपूर्ति भारत फोर्ज द्वारा की जाएगी, जबकि बाकी 40 फीसदी (170000 यूनिट) अदाणी ग्रुप की कंपनी पीएलआर सिस्टम्स द्वारा दी जाएगी। आर्बेल तकनीक के बारे में श्वाट्र्ज ने बताया कि यह एक कंप्यूटरीकृत हथियार प्रणाली है, जिसमें एक जटिल एल्गोरिदम यह पता करता है कि कब कोई सैनिक सही निशाने पर है और फिर बहुत तेजी और सटीकता से फायर करता है। उन्होंने कहा कि भारत को इस तकनीक के साथ जोड़ने पर शुरुआती बातचीत चल रही है। उन्होंने कहा कि हम अलग-अलग एजेंसियों से आर्बेल तकनीक को अपनाने को लेकर शुरुआती चर्चा में हैं। एक बार वे इसे लेने का फैसला कर लें, तो हम इसकी इजरायल और भारत में संयुक्त रूप से बनाकर आपूर्ति करेंगे।

# पुतिन के दौरे से भारत-अमेरिका रिश्ते बेअसर

## जयशंकर ने कहाः हमारी दोस्ती कोई और तय नहीं कर सकता, भारत-रूस संबंध सबसे मजबूत

**नई दिल्ली।** विदेश मंत्री एस. जयशंकर ने शनिवार को कहा कि रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन के दौरे का असर भारत-अमेरिका के रिश्तों पर नहीं पड़ेगा। जयशंकर ने एचटी लीडरशिप समिट 2025 में यह बातें कही। जयशंकर ने भारत-अमेरिका व्यापार समझौते बातचीत पर इसका असर पड़ने की अफवाहों को भी खारिज कर दिया। जयशंकर ने कहा कि भारत किस से दोस्ती करे या नहीं करे यह भारत के अलावा कोई और तय नहीं कर सकता। उन्होंने आगे कहा सभी को पता है कि भारत का दुनिया के हर बड़े देश से संबंध है। किसी भी देश के लिए यह उम्मीद करना कि भारत अपने अन्य देशों से रिश्ते कैसे बनाएगा, इस पर उसकी राय मानी जाएगी, यह उचित नहीं है। अगर हम ऐसा किया तो दूसरे देश भी हमसे यही उम्मीद करेंगे।

अमेरिका के साथ हो रहे व्यापार समझौते पर विदेश मंत्री ने कहा कि भारत अपने किसानों, मजदूरों, छोटे व्यापारियों और मध्यम वर्ग के हितों की पूरी रक्षा करेगा। वहीं, जयशंकर ने भारत-रूस संबंध दुनिया के सबसे मजबूत रिश्तों में से एक बताया। ट्रम्प ने भारत पर 25 अतिरिक्त टैरिफ लगा रखा है। अमेरिका ने इसके पीछे की वजह भारत का रूसी तेल खरीदना बताया था। इससे भारत पर कुल टैरिफ 50 फीसदी हो गया। इसके बावजूद दोनों देशों के बीच द्विपक्षीय व्यापार समझौते (बीटीए) की बातचीत जारी है। भारत-अमेरिका व्यापार समझौते पर बातचीत 10 दिसम्बर को शुरू होगी। वर्तमान में दोनों देशों के बीच सालाना व्यापार लगभग 191 अरब डालर है, जिसे 2030 तक 500 अरब डॉलर तक ले जाने का लक्ष्य है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की इस साल की शुरुआत में अमेरिका यात्रा के दौरान इस व्यापार समझौते की घोषणा हुई थी और तब से दोनों पक्ष लगातार बातचीत कर रहे हैं। विदेश मंत्री एस. जयशंकर ने भारत-रूस संबंधों को दुनिया के सबसे स्थिर, मजबूत और बड़े रिश्तों में से एक बताया। उन्होंने कहा कि रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन की दो दिवसीय भारत यात्रा का मकसद दोनों देशों के बीच के असंतुलन को दूर करना था। पुतिन की यात्रा ने पिछड़े क्षेत्रों, विशेष रूप से आर्थिक सहयोग में साझेदारी को नए तरीके से पेश किया है। जयशंकर ने कहा कि रूस का चीन, अमेरिका और यूरोप के साथ रिश्ता कई बार ऊपर-नीचे हुआ, लेकिन भारत के साथ यह रिश्ता हमेशा स्थिर और विश्वसनीय रहा। जयशंकर ने कहा कि किसी भी लंबे रिश्ते में कुछ क्षेत्र तेजी से आगे बढ़ते हैं और कुछ पीछे रह जाते हैं। भारत-रूस संबंध में रक्षा, ऊर्जा और अंतरिक्ष जैसे क्षेत्र हमेशा से बहुत मजबूत रहे, लेकिन व्यापार और आर्थिक सहयोग उतना नहीं बढ़ पाया था। उन्होंने कहा कि इसके उलट, अमेरिका और यूरोप के साथ भारत का आर्थिक रिश्ता 80, 90 और 2000 के दशक में तेजी से बढ़ा, पर रक्षा और सुरक्षा सहयोग में उतनी प्रगति नहीं हुई। विदेश मंत्री ने भारत की विदेश नीति पर भी बात की। उन्होंने कहा कि हमारे जैसे बड़े और उभरते देश के लिए, जिससे और बेहतर करने की अपेक्षा की जाती है। उन्होंने आगे कहा कि यह जरूरी है कि हमारे खास रिश्ते अच्छी स्थिति में हो। हम महत्वपूर्ण देशों के साथ सहयोग बनाए रख सकें और हमें अपने हित के अनुसार मित्र चुनने की आजादी हो। यहीं हमारी विदेश नीति है। जयशंकर ने 18 नवम्बर को मास्को में पुतिन से मुलाकात की थी। रूसी राष्ट्रपति की यात्रा का मकसद पश्चिमी देशों को मैसेज भेजना था। इस सवाल पर जयशंकर ने कहा कि मुझे नहीं लगता कि सवाल यह है कि आप उन देशों से क्या कहते हैं। सवाल यह है कि आप भारत और रूस के लिए क्या करते हैं। विदेश मंत्री ने साफ किया कि पुतिन की यात्रा पश्चिमी देशों को संदेश देने के लिए नहीं था।



**भारत किस से दोस्ती करे या नहीं करे यह भारत के अलावा कोई और तय नहीं कर सकताः विदेश मंत्री**

## पाक ने चीन के अरुणाचल पर दावे का समर्थन किया

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान ने एक बार फिर चीन के अरुणाचल प्रदेश पर दावे का खुलकर समर्थन किया है। पाकिस्तानी विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता ताहिर अंद्राबी ने 5 दिसम्बर को प्रेस ब्रीफिंग में कहा, 'चीन की संप्रभुता और क्षेत्रीय अखंडता से जुड़े हर मुद्दे पर पाकिस्तान का लगातार और पूरा समर्थन चीन के साथ है।' अरुणाचल प्रदेश पर चीनी विदेश मंत्रालय के दिए गए बयानों के सवाल पर अंद्राबी ने यह बात कही। चीन ने 25 नवम्बर को अरुणाचल प्रदेश को अपना हिस्सा बताया था। चीनी विदेश मंत्रालय की प्रवक्ता माओ निंग ने कहा था कि जांगनान (अरुणाचल प्रदेश) हमारा हिस्सा है। उन्होंने कहा कि चीन ने अरुणाचल प्रदेश को कभी भारत का हिस्सा नहीं माना। चीन का यह बयान भारतीय महिला पेम वांगजाम थांगडाक के साथ शंघाई एयरपोर्ट पर बदसलूकी के आरोपों के सवाल पर आया था। चीन ने पेम के साथ बदसलूकी के आरोपों को भी नकार दिया था। चीन ने कभी अरुणाचल प्रदेश को भारत के राज्य के तौर पर मान्यता नहीं दी है। वो अरुणाचल को 'दक्षिणी तिब्बत' का हिस्सा बताता है। उसका आरोप है कि भारत ने उसके तिब्बती इलाके पर कब्जा करके उसे अरुणाचल प्रदेश बना दिया है। चीन अरुणाचल के इलाकों के नाम क्यों बदलता है, इसका अंदाजा वहां के एक रिसर्चर के बयान से लगाया जा सकता है।

## अमेरिका में अवैध प्रवासियों पर सख्ती बढ़ी सोमालिया-मैक्सिको के 12 लोग गिरफ्तार

**वाशिंगटन।** अमेरिका के मिनियापोलिस में फेडरल एजेंट्स ने इस सप्ताह अवैध रूप से रह रहे लोगों के खिलाफ बड़े पैमाने पर छापेमारी की। इस छापेमारी में 12 लोगों को गिरफ्तार किया। इस कार्रवाई का मुख्य लक्ष्य सोमाली समुदाय के अवैध प्रवासियों पर था, लेकिन गिरफ्तार लोगों में केवल पांच सोमाली थे। बाकी में छह मेक्सिकन और एक एल साल्वाडोर का नागरिक था। बता दें कि मिनियापोलिस-सेन्ट पाल क्षेत्र में अमेरिका की सबसे बड़ी सोमाली समुदाय रहती है। ट्रम्प प्रशासन ने इससे पहले शिकागो, लास एंजिलिस और चार्लोट में भी बड़े पैमाने पर निर्वासन अभियान चलाया था। इसी तरह इस सप्ताह न्यू आरलियन्स में भी कार्रवाई की गई है, जहां अधिकारी 5000 लोगों तक को गिरफ्तार करने की योजना बना रहे हैं। मामले में डीएचएस की सहायक सचिव ट्रिशिया मैक्लागलिन ने कहा कि गिरफ्तार किए गए 12 लोगों में से अधिकांश सबसे बड़े अपराधी अवैध प्रवासी हैं। इनमें से आठ पर हिंसा, धोखाधड़ी, घरेलू हिंसा और नशे में ड्राइविंग जैसे मामले थे। वहीं मिनियापोलिस के मेयर जैकब फ्रे ने कहा कि शहर की पुलिस फेडरल इमिग्रेशन अभियान में भाग नहीं लेगी। इसके बावजूद डीएचएस की मैक्लागलिन ने फ्रे और वाल्ज़ पर आरोप लगाया कि उन्होंने इमिग्रेशन कानून लागू नहीं किया।

# नेशनल गार्ड की तैनाती को लेकर घिरे ट्रम्प

**संघीय अदालत ने उठाए सवाल, जज ने नेशनल गार्ड्स की तैनाती को अवैध करार दिया**

**वाशिंगटन।** अमेरिका के एक संघीय जज ने ट्रम्प प्रशासन के कैलिफोर्निया नेशनल गार्ड तैनात करने के फैसले पर सवाल उठाए। ट्रम्प प्रशासन ने पहले लास एंजिलिस में नेशनल गाड्र्स की तैनाती की और इसे लेकर हिंसक विरोध प्रदर्शन भी हुए। सैन फ्रांसिस्को में सुनवाई के दौरान यूएस डिस्ट्रिक्ट जज चार्ल्स ब्रेयर ने सवाल किया कि क्या प्रशासन संघीय कानून की आड़ में हमेशा के लिए स्टेट गाड्र्स को नियंत्रित कर सकती है। जज ने कहा कोई संकट हमेशा नहीं रहता। मेरा मानना है कि अनुभव हमें सिखाते हैं कि संकट आते-जाते रहते हैं और ऐसा ही चलता है।

जज ने संघीय सरकार के अटार्नी से पूछा कि क्या ऐसा कोई सबूत है, जिससे साबित हो कि राज्य सरकार सक्षम नहीं हैं या संघीय लोगों और संघीय संपत्ति की सुरक्षा नहीं कर सकती? गौरतलब है कि राष्ट्रपति ट्रम्प ने कैलिफोर्निया में हजारों नेशनल गाड्र्स की तैनाती की है। कैलिफोर्निया प्रशासन ने अदालत से अपील की कि राज्य में तैनात नेशनल गाड्र्स का नियंत्रण अब राज्य सरकार को सौंपा जाए, लेकिन अदालत ने फिलहाल ऐसा करने से इनकार कर दिया, लेकिन जज ने कैलिफोर्निया में नेशनल गाड्र्स की तैनाती को अवैध करार दिया है। कैलिफोर्निया के अटार्नी जनरल राब बोन्टा ने कहा कि नेशनल गार्ड राष्ट्रपति की कोई निजी आर्मी नहीं है, जिसे वे जहां चाहे, वहां तैनात कर दें और उसकी कोई वजह भी न बताएं। अप्रवासन कार्रवाई का विरोध होने पर राष्ट्रपति ट्रम्प ने कैलिफोर्निया में चार हजार से ज्यादा नेशनल गाड्र्स की तैनाती की थी।

हालांकि अब उनकी संख्या घटकर करीब 100 ही रह गई है। न्याय विभाग के अटार्नी एरिक हैमिल्टन ने नेशनल गाड्र्स की तैनाती के राष्ट्रपति के अधिकार का बचाव किया और कहा कि संघीय कानून राष्ट्रपति जब तक जरूरी समझें, तब तक उन्हें स्टेट गार्ड सैनिकों पर कंट्रोल बढ़ाने की पावर देता है। उन्होंने कहा कि लास एंजिलिस में बचे हुए सैनिक इमिग्रेशन एजेंटों को सुरक्षा दे रहे थे। हैमिल्टन ने कहा कि कोर्ट के पास यह रिव्यू करने का अधिकार नहीं है कि राष्ट्रपति नेशनल गार्ड मिशन को कैसे मैनेज करते हैं, लेकिन अगर वह कर भी सकता, तो उसे लास एंजिलिस में हुई हिंसा पर भी विचार करना पड़ेगा। उन्होंने कहा कि हम इस साल जून में लास एंजिल्स में जो हुआ, उसे नजरअंदाज़ नहीं कर सकते।

# पुतिन ने खाई कश्मीरी अखरोट की चटनी

**पीएम मोदी ने पुतिन को तोहफे के तौर पर असम ब्लैक टी और मुर्शिदाबाद का सिल्वर टी सेट दिया**

**नई दिल्ली।** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने राष्ट्रपति भवन में 5 दिसम्बर को रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन के सम्मान में भव्य स्टेट डिनर का आयोजन किया। यह डिनर पुतिन के दो दिवसीय भारत दौरे के अंत में हुआ। खाने का मेन्यू पूरी तरह से भारतीय क्षेत्रीय व्यंजनों से सजा था। डिनर की शुरुआत दक्षिण भारतीय मुरुंगेकाई चारू (रसम) सूप से हुई।

इसके बाद स्टार्टर में कश्मीरी गुछी दून चेटिन (कश्मीरी अखरोट की चटनी के साथ भरे हुए मशरूम), काले चने के शिकमपुरी कबाब और वेज झोल मोमोज परोसे गए। मेन कोर्स में पुतिन को वेज थाली परोसी गई, जिसमें जाफरानी पनीर रोल, पालक-मेथी-मटर साग के साथ कई किस्म की रोटियां शामिल थी। मीठे में हलवा, कुल्फी और संदेश सर्व किए गए। वहीं, मोदी ने पुतिन को चांदी का घोड़ा, मार्बल चेस समेत 6 खास गिफ्ट दिए। डिनर में भारतीय भोजन के साथ शास्त्रीय संगीत की प्रस्तुति दी गई। राष्ट्रपति भवन की नौसेना बैंड और शास्त्रीय वादकों के ग्रुप ने राग अमृतवर्षिणी, खमाज, यमन, शिवरंजिनी, नलिनकांति, भैरवी का प्रदर्शन किया। इसके साथ रूस की मशहूर धुन 'कालिंका', चौकोव्स्की की नटक्रैकर सूट के पार्ट प्रस्तुत किए गए। पुतिन ने भोज के दौरान 'फिर भी दिल है हिंदुस्तानी' गाना भी सुना। इसके बाद पुतिन रूस के लिए रवाना हुए। राष्ट्रपति मुर्मू ने पुतिन का स्वागत करते हुए कहा कि इस साल भारत-रूस रणनीतिक साझेदारी के 25 साल पूरे हो रहे हैं। यह साझेदारी शांति, स्थिरता और आपसी सामाजिक-आर्थिक और तकनीकी प्रगति पर आधारित है। 23वें भारत-रूस वार्षिक शिखर सम्मेलन का संयुक्त वक्तव्य हमारी विशेष दोस्ती को दर्शाता है और आगे का रोडमैप देता है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन को तोहफे के तौर पर असम ब्लैक टी और मुर्शिदाबाद का सिल्वर टी सेट दिया है।

## जंगल में आग लगने से कई घर जलकर खाक

**सिडनी।** आस्ट्रेलिया के न्यू साउथ वेल्स में जंगलों में आग लगने से कई घर जलकर खाक हो गए हैं। आस्ट्रेलिया की न्यू साउथ वेल्स रूरल फायर सर्विस ने पुष्टि की है कि आग से कई घर जलकर खाक हो गए हैं। ऑस्ट्रेलियन ब्रॉडकास्टिंग कॉर्पोरेशन (एबीसी) ने शनिवार दोपहर यह जानकारी दी। एबीसी ने बताया कि घरों में आग लगने की घटना तक सामने आई जब नेटवर्क के न्यूज़ हेलीकॉप्टर से चलाए गए लाइव वीडियो में निबिन रोड, कोलूवोंग के पास कम से कम छह घर आग लगने से पूरी तरह खाक हो गये थे। न्यू साउथ वेल्स रूरल फायर सर्विस ने आज दोपहर निबिन रोड के लिए एक आपातकालीन चेतावनी जारी की।

# पाक-अफगान सीमा पर फिर गोलीबारी, 4 की मौत

## पीस टॉक के 48 घंटे बाद ही हमला, एक-दूसरे पर पहले अटैक करने का लगाया आरोप

**काबुल/इस्लामाबाद।** पाकिस्तान और अफगानिस्तान की चमन-स्पिन बोल्डक बॉर्डर पर एक बार फिर भारी गोलीबारी हुई। गोलीबारी रात करीब 10 बजे शुरू हुई और देर रात तक चलती रही। दोनों देश एक-दूसरे पर हमला शुरू करने का आरोप लगा रहे हैं।

गोलीबारी में 4 अफगानी मारे गए और 4 घायल हो गए हैं। अफगान तालिबान के प्रवक्ता जबीहुल्लाह मुजाहिद ने कहा कि पाकिस्तान ने सबसे पहले कंधार प्रांत के स्पिन बोल्डक इलाके में हमला किया, जिसके जवाब में उनकी सेना ने जवाबी कार्रवाई की। दूसरी तरफ पाकिस्तानी अधिकारियों का दावा है कि अफगान सेना ने बिना उकसावे के चमन बॉर्डर पर गोलीबारी शुरू की, जिसके बाद पाकिस्तानी फोर्सेस ने मुंहतोड़ जवाब दिया। प्रधानमंत्री के प्रवक्ता मोशर्रफ जैदी ने कहा कि पाकिस्तान अपनी सरहद और लोगों की हिफाजत के लिए पूरी तरह सतर्क और तैयार है। इससे 48 घंटे पहले ही दोनों देशों के बीच शांति वार्ता हुई थी। हालांकि, यह बातचीत बेनतीजा रही। यह ताजा झड़प उस वक्त हुई है जब 2-4 दिसम्बर को सऊदी अरब में दोनों देशों के बीच तीसरे शांति वार्ता बिना किसी नतीजे के खत्म हुई थी। हालांकि, दोनों पक्षों ने युद्धविराम को बनाए रखने का वादा किया था, लेकिन तनाव कम नहीं हो रहा। सऊदी अरब से दोनों प्रतिनिधिमंडल 4 दिसम्बर अपने देश लौटे थे और 5 दिसम्बर की रात को गोलीबारी शुरू हो गई। इससे पहले कतर और तुर्की में भी बातचीत हो चुकी है। चौथा दौर कब और कहां होगा, इसकी कोई तारीख तय नहीं है। चमन-स्पिन बोल्डक बॉर्डर को पूरी तरह बंद कर दिया गया है और दोनों देशों ने तैनाती बढ़ा दी हैं। पाकिस्तान का कहना है कि अफगानिस्तान की जमीन से आतंकवादी हमले कर रहे हैं। तालिबान सरकार इन सभी आरोपों को सिरे से खारिज करती है और कहती है कि पाकिस्तान अपनी अंदरूनी नाकामी का ठीकरा अफगानिस्तान पर फोड़ रहा है। फिलहाल चमन-स्पिन बोल्डक बॉर्डर को पूरी तरह बंद कर दिया गया है और दोनों तरफ भारी संख्या में सैनिक तैनात हैं। आने वाले दिनों में तनाव और बढ़ने की आशंका जताई जा रही है।



**पाक ने सबसे पहले कंधार प्रांत के स्पिन बोल्डक इलाके में हमला किया**

# साउथ अफ्रीका के हॉस्टल में गोलीबारी, 11 की मौत

## 25 लोगों को गोली लगी, पुलिस बोलीः अवैध शराबखानों को लेकर विवाद था

**जोहान्सबर्ग।** दक्षिण अफ्रीका में प्रिटोरिया के पास एक हॉस्टल में की गई गोलीबारी में 11 लोगों की मौत हो गई और 14 घायल हो गए। पुलिस के मुताबिक कुल 25 लोगों को गोली मारी गई। यह हमला शनिवार तड़के उस वक्त हुआ, जब कुछ लोग हॉस्टल के अंदर मौजूद शराबखाने में शराब पी रहे थे।

मरने वालों में 3 साल का बच्चा, एक 12 साल का लड़का और 16 साल की लड़की शामिल हैं। 3 साल का बच्चा उसी अवैध शराबखाने के मालिक का बेटा बताया जा रहा है। पुलिस प्रवक्ता एथलेन्दा मथे ने बताया कि हमले का मकसद फिलहाल साफ नहीं है और अभी तक किसी को गिरफ्तार नहीं किया गया है। यहां अवैध शराबखाने को लेकर विवाद चल रहा था। मृतकों में 10 की मौके पर ही मौत हो गई और एक घायल बाद में अस्पताल में दम तोड़ दिया। इसके अलावा 14 लोग अभी अस्पताल में इलाज करा रहे हैं। अवैध शराबखाने का मालिक भी घायलों में शामिल है। पुलिस प्रवक्ता एथलेंडा माथे ने बताया कि पुलिस ने 11 हत्या और 14 हत्या के प्रयास के केस दर्ज कर लिए हैं। यह घटना हॉस्टल में चल रहे गैर-कानूनी शराबखाने में हुई। तीन अज्ञात हमलावर लोकल टाइम के मुताबिक सुबह करीब 4:30 बजे अंदर घुसे और लोगों पर अंधाधुंध गोलियां चलानी शुरू कर दीं। पुलिस टीम हमले वाली जगह पर मौजूद है और मामले की जांच कर रही है। पुलिस प्रवक्ता ने कहा कि देश में चल रहे अवैध शराबखाना प्रशासन के लिए चुनौती बन चुका है। माथे ने कहा- बिना लाइसेंस वाले शराबखाने हमारे लिए बड़ी परेशानी हैं, क्योंकि ज्यादातर घटनाएं यहीं होती हैं। यहां झगड़े होते हैं, गलतफहमियां बढ़ती हैं और लोग एक-दूसरे पर हमला कर देते हैं। अप्रैल से सितम्बर के बीच हमने ऐसे 11975 अवैध शराबखाने बंद किए हैं। दक्षिण अफ्रीका दुनिया में सबसे ज्यादा हत्या दर वाले देशों में से एक है। यूएन के 2023-24 के आंकड़ों के मुताबिक, यहां प्रति एक लाख लोगों पर 45 हत्याएं होती हैं। पुलिस के मुताबिक, अप्रैल से सितम्बर के बीच हर दिन औसतन 63 लोगों की हत्या हुई।



**मरने वालों में 3 साल का बच्चा, एक 12 साल का लड़का और 16 साल की लड़की शामिल हैं**

# ब्रिटेन में खालिस्तान समर्थक बिजनेसमैन पर एक्शन

**सरकार ने बैंक अकाउंट फ्रीज किए, आतंकी संगठन बब्बर खालसा को मदद देने का शक**

**लंदन।** ब्रिटेन की सरकार ने एंटी टेररिज्म कानून का इस्तेमाल करते हुए एक ब्रिटिश सिख बिजनेसमैन गुरप्रीत सिंह रेहल के सभी बैंक खाते फ्रीज कर दिए हैं। उन्हें किसी भी कंपनी के डायरेक्टर के तौर पर काम करने से रोक दिया गया है।

ब्रिटिश सरकार को रेहल पर भारत में एक्टिव खालिस्तान आतंकी संगठन बब्बर खालसा को आर्थिक मदद देने का शक हैं। सरकार ने 'बब्बर अकाली लहर' नाम के एक ग्रुप पर भी बैन लगाया है। ब्रिटेन के ट्रेजरी डिपार्टमेंट का कहना है कि यह ग्रुप भी बब्बर खालसा के लिए प्रचार करने, लोगों को जोड़ने और उसके लिए फंड जुटाने जैसी एक्टिविटीज में शामिल था। ब्रिटेन की फाइनेंस सेक्रेटरी सचिव लूसी रिग्बी ने कहा कि देश के फाइनेंस सिस्टम का इस्तेमाल आतंकवाद के लिए करना बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।

उन्होंने कहा कि सरकार हर तरह के कदम उठाने को तैयार है ताकि आतंकवादी किसी भी तरह से फंड इकट्ठा न कर सकें। सरकार का कहना है कि इस तरह की कार्रवाई से ब्रिटेन की सुरक्षा को मजबूत करने में मदद मिलेगी। उन्होंने बताया कि रेहल इन संगठनों के लिए भर्ती कराने, आर्थिक लेन-देन संभालने और यहां तक कि हथियार खरीदने जैसी एक्टिविटी में भी शामिल थे। ब्रिटेन के साथ-साथ खालिस्तानी आतंकी दुनिया भर के कई देशों में एक्टिव हैं। ये अफवाहें फैलाने, लोगों को भड़काने और विदेशों से मदद लेने की कोशिश करते हैं। इन्होंने भारत में भी कई आतंकी घटनाओं को अंजाम दिया है। सरकार की कार्रवाई के बाद अब ब्रिटेन का कोई भी इंसान या कंपनी रेहल या उनके जुड़े संगठनों को पैसा नहीं दे सकेगी।



# संदीपा धर ने अपने नए प्रोजेक्ट की शुरुआत की

**मुंबई।** अभिनेत्री संदीपा धर ने अपने नए प्रोजेक्ट की शुरुआत कर दी है। संदीपा ने इस प्रोजेक्ट के बारे में बिना ज्यादा खुलासा किए, अपने फैंस को इसकी पहली झलक भी दिखा दी है। संदीपा ने अपनी वैनिटी वैन से कुछ बिहाइंड-द-सीन्स तस्वीरें शेयर कीं, जिनके कैप्शन में उन्होंने लिखा, फोकस से शुरू हुआ, अंत ऐसे हुआ पहला कदम मुझे शुभकामनाएं दें। तस्वीरों में संदीपा स्क्रिप्ट हाथ में लिए नजर आ रही हैं। वहीं फ्रेम में रखा एक नोट है, आज के लिए आपका सीन तैयार है। सेट पर मिलते हैं। जिससे साफ है कि शूट का पहला दिन काफी एनर्जेटिक रहा। हालांकि संदीपा ने शो का नाम अभी तक रिवील नहीं किया है, लेकिन यह पोस्ट आते ही फैंस में कई तरह के कयास लगने लगे हैं।

कई लोग अंदाजा लगा रहे हैं कि यह उनकी अगली लंबी फॉर्मेट वाली ओटीटी सीरीज हो सकती है। अभय और माई जैसे प्रोजेक्ट्स के बाद डिजिटल स्पेस में संदीपा की पकड़ लगातार मजबूत हुई है, और यह नई झलक 2025 में आने वाली किसी रोमांचक सीरीज की ओर इशारा करती दिखती है।नए साल के करीब आने के साथ ही ऐसा लगता है कि संदीपा का कैलेंडर पहले से ही काफी व्यस्त है। इस सीक्रेट प्रोजेक्ट के अलावा, वह दो दीवाने शहर में में भी नजर आने वाली हैं, जिससे उनकी लाइन. अप और भी दिलचस्प हो गई है।

## माही-गोल्डी का भोजपुरी गाना मेहरी के नखरा ने 20 मिलियन व्यूज किए पार

**मुंबई।** भोजपुरी सिनेमा की जानीमानी अभिनेत्री माही श्रीवास्तव और गायिका गोल्डी यादव का भोजपुरी गाना मेहरी के नखरा ने 20 मिलियन व्यूज पार कर लिया है। माही श्रीवास्तव और गोल्डी यादव की सुपरहिट जोड़ी ने एक बार फिर बड़ा धमाका कर दिया है। माही श्रीवास्तव की मनमोहक अदायगी से भरपूर और गोल्डी यादव मधुर आवाज में गाया हुआ भोजपुरी लोकगीत मेहरी के नखरा दर्शकों के बीच वायरल हो गया है।

यह गाना 20 मिलियन व्यूज यूट्यूब पर पार करके धमाल मचा रहा है। इस गाने को वर्ल्डवाइड रिकॉर्ड्स भोजपुरी के ऑफिसियल यूट्यूब चैनल पर रिलीज किया गया है। इस गाने को आशुतोष तिवारी ने लिखा है, जबकि प्रियांशु सिंह ने संगीत दिया है। वीडियो डायरेक्टर सुनील बाबा, डीओपी गौरव एंड रंजन, कोरियोग्राफर एम के गुप्ता जॉय, एडिटर आलोक गुप्ता हैं। डीआई रोहित सिंह, प्रोडक्शन पंकज सोनी ने किया है। इस गाने का ऑल राइट वर्ल्डवाइड रिकॉर्ड्स के पास है।

माही श्रीवास्तव ने कहा कि इस गाने को 20 मिलियन व्यूज पार करना उनके लिए बहुत ही खुशी की बात है। उन्होंने कहा कि वह इस गाने के लिए रत्नाकर कुमार सर को दिल से धन्यवाद देती हैं। वहीं गोल्डी यादव ने कहा कि यह लोकगीत रत्नाकर कुमार सर ने बहुत ही प्यारा बनाया है। इस गाने को गाकर वह बहुत खुश हैं, क्योंकि यह गाना 20 मिलियन क्लब में शामिल हो गया है।

# उर्मिला मातोंडकर संग रूमर्ड अफेयर पर रामगोपाल वर्मा का रिएक्शन

**मुंबई।** फिल्ममेकर राम गोपाल वर्मा अक्सर अपने बयान और सोशल मीडिया पोस्ट को लेकर सुर्खियों रहते हैं। उन पर ये भी इल्जाम लगता है कि वो अभिनेत्रियों को आब्जेक्टिफाई करते हैं, लेकिन अपने एक हालिया इंटरव्यू में डायरेक्टर ने इस पर असहमति जताई है। साथ ही, 90 के दशक में एक्ट्रेस उर्मिला मातोंडकर संग अपनी अफेयर की चर्चाओं पर भी रिएक्शन दिया है। जूम टीवी के साथ बातचीत में, राम गोपाल वर्मा ने कहा-मुझे लगता है कि वो सबसे वर्सेटाइल एक्ट्रेस हैं, इसीलिए मैंने उनके साथ इतनी सारी फिल्मों में काम किया। मैंने अमिताभ बच्चन के साथ ज्यादा काम किया है। लेकिन कोई इस बारे में बात नहीं करता। उन्होंने आगे कहा- उनके इर्द-गिर्द होने वाली बातचीत ही सिस्टम और सोशल मीडिया के काम करने का तरीका है। बता दें कि रामू और उर्मिला ने 1990 से 2000 के बीच रंगीला, सत्या, दौड़, एक हसीना थी, भूत और प्यार तूने क्या किया जैसी कई फिल्मों में साथ काम किया था। इस दौरान दोनों की अफेयर की खबरें





सुर्खियों में रही थीं। इसी इंटरव्यू में रामू ने श्रीदेवी के बारे में अपनी थंडर थाइज वाली टिप्पणी पर भी बात की। रामू ने कहा-मुझे नहीं लगता कि यह आब्जेक्टिफिकेशन है। उदाहरण के लिए, जब मैंने श्रीदेवी के बारे में थंडर थाइज कहा, तो मेरा मानना है कि उनकी प्रतिभा के अलावा ये उनकी खूबियां भी हैं। यह उनकी यूनिक बात थी। इसे आब्जेक्टिफिकेशन कहना मेरे कमेंट का आब्जेक्टिफाई करना है।

# 75 मेट्रो स्टेशन्स पर लगे तान्या के पोस्टर

**नई दिल्ली।** बिग बास 19 का ग्रैंड फिनाले रविवार को है। टॉप 5 कंटेस्टेंट्स में गौरव खन्ना, प्रणित मोरे, अमल मलिक, फरहाना भट्ट और तान्या मित्तल शामिल हैं। हर कोई अपने पसंदीदा कंटेस्टेंट को जीतने के लिए जी-तोड़ कोशिश कर रहा है। इसी बीच तान्या मित्तल के पोस्टर मेट्रो स्टेशनों पर नजर आ रहे हैं, जिन पर लिखा है कि तान्या को वोट दें। दरअसल, दिल्ली के 75 मेट्रो स्टेशनों पर तान्या के लिए वोटिंग के पोस्टर लगाए गए हैं, जिनके कई वीडियो भी सोशल मीडिया पर वायरल हो चुके हैं। वीडियो में देखा जा सकता है कि स्टेशन पर लगे डिस्प्ले पर तान्या की तस्वीरें ही छाई हुई हैं। उनके तमाम कटआउट्स का कोलाज बनाया गया है और लिखा है वोट नाऊ। वहीं, सोशल मीडिया यूजर्स भी इस पर जमकर कमेंट कर रहे हैं। कई लोगों ने इसे एक अच्छी मार्केटिंग स्ट्रेटजी बताया है, जबकि कुछ ने मजाकिया अंदाज में लिखा कि दिल्ली मेट्रो अब तान्या मेट्रो बन गई है। तान्या मित्तल एक यंग उद्यमी, इन्फ्लुएंसर और माडल हैं। उन्होंने 2018 में मिस एशिया टूरिज्म यूनिवर्स का टाइटल जीतकर पहचान हासिल की। तान्या हैंडमेड लव नाम से एक सफल हैंड क्राफ्टेड गिफ्टिंग स्टार्टअप की फाउंडर हैं। उनके इंस्टाग्राम पर 4 मिलियन से ज्यादा फालोअर्स हैं।

## पुलकित सम्राट ने चंकी पांडे की तारीफ की

**मुंबई।** बॉलीवुड अभिनेता पुलकित सम्राट ने अपनी आने वाली फिल्म राहु केतु के को-स्टार और अभिनेता चंकी पांडे की तारीफ की है। पुलकित सम्राट ने अपने काम के प्रति चंकी पांडे के समर्पण और जुनून की बातें साझा करते हुए कहा, पहली नजर में चंकी सर को सेट पर आकर सीन करते देखना केकवॉक जैसा लगता है, लेकिन सच तो यह है कि वो उस सीन को परफेक्ट बनाने के लिए इतनी मेहनत करते हैं कि हमें सामने खड़े होने में शर्म आने लगती है। यकीन मानिए उनकी मेहनत देखकर हम खुद पेन-पेपर लेकर बैठ जाते हैं कि और क्या किया जा सकता है। पुलकित ने चंकी पांडे के साथ अपनी पहली फिल्म का अनुभव साझा करते हुए कहा कि उनके साथ हर दिन ऐसा लगता था जैसे वे किसी स्कूल या किसी यूनिवर्सिटी में आ गए हों और बस सीखते ही जा रहे हैं। उन्होंने बताया कि चंकी पांडे ने अपनी बेटी, अभिनेत्री अनन्या पांडे के करियर और परफॉर्मेंस को संवारने में भी बहुत बड़ी भूमिका निभाई है। उन्होंने कहा, अनन्या आज जो भी हैं, जिस तरह परफॉर्म करती हैं, उसकी सबसे बड़ी वजह यह है कि उसके घर में ही पिता के रूप में एक मेंटर है, एक पूरी यूनिवर्सिटी मौजूद है।

# सिद्धांत ने अपना धड़क 2 का अवॉर्ड दिवंगत सक्षम टेट को किया समर्पित



**मुंबई।** बॉलीवुड अभिनेता सिद्धांत चतुर्वेदी ने अपना धड़क 2 का अवॉर्ड, ऑनर किलिंग के शिकार दिवंगत सक्षम टेट को समर्पित किया है। अपनी पिछली फिल्म धड़क 2 में निलेश का किरदार निभाकर दर्शकों के साथ अपने आलोचकों का भी दिल जीत चुके सिद्धांत चतुर्वेदी को हाल ही में इस किरदार के लिए पावर पैक्ड परफॉर्मर ऑफ द ईयर के सम्मान से सम्मानित किया गया, जिसे उन्होंने इंटर-कास्ट ऑनर किलिग का शिकार हुए दिवंगत सक्षम टेट को समर्पित कर दिया। मंच से दिवंगत सक्षम टेट को श्रद्धांजलि देते हुए सिद्धांत ने न सिर्फ संवे. दनशीलता के साथ अपनी बात रखी बल्कि एक सशक्त संदेश भी पेश किया। उन्होंने कहा, यह अवॉर्ड सिर्फ मेरा नहीं है, बल्कि यह उन सभी का है, जिन्हें कभी जाति के आधार पर बहिष्कृत किया गया, किनारे किया गया और भेदभाव का शिकार होना पड़ा। हालांकि इतना कुछ होने के बावजूद उन्होंने न सिर्फ अपने खड़े होने, लड़ने और सिर्फ मौजूद रहने के अधिकार को हासिल किया, बल्कि अपने लिए एक जमीन भी तैयार की। उनकी इसी जिजीविषा को सलाम करते हुए, मैं यह अवॉर्ड दिवंगत सक्षम टेट को समर्पित करता हूं, जिनके पीछे उनका पूरा परिवार और पूरा गांव हैं और आज मेरा दिल भी है। सिद्धांत ने धड़क 2 की निर्देशिका शाजिया इक़बाल को धन्यवाद दिया, जिन्होंने फिल्म को हर तूफान से बचाया और लेखक राहुल बडवेलकर की भी सराहना की, जिन्होंने इन हालातों में चुपचाप सांसे ले रही खामोशी को सच में बदला।

अपनी गहरी और व्यक्तिगत समर्पण के साथ, सिद्धांत चतुर्वेदी ने न सिर्फ अपने सम्मान के क्षण का उपयोग वास्तविक अन्याय की कहानियों को आवाज देने के लिए किया, बल्कि ए संदेश भी दिया कि धड़क 2 जैसी कहानियां साहस, संवेदना और बेबाक ईमानदारी के साथ कही जाती रहनी चाहिए। सिद्धांत की आगामी फिल्मों की बात करें तो अगले वर्ष वैलेंटाइन डे के दौरान उनकी फिल्म 'दो दीवाने शहर में 20 फरवरी को रिलीज होगी, जिसमें वह मृणाल ठाकुर के साथ 90 के दशक की प्रेम कहानी दर्शकों को पेश करेंगे।

**मंच से दिवंगत सक्षम टेट को श्रद्धांजलि देते हुए सिद्धांत ने न सिर्फ संवेदनशीलता के साथ अपनी बात रखी बल्कि एक सशक्त संदेश भी पेश किया। उन्होंने कहा, यह अवॉर्ड सिर्फ मेरा नहीं है, बल्कि यह उन सभी का है।**




# जापान में बाहुबली: द एपिक स्क्रीनिंग में छाए प्रभास

**मुंबई।** दक्षिण भारतीय फिल्मों के मेगा स्टार प्रभास ने जापान में बाहुबली: द एपिक की स्क्रीनिंग में लोगों का दिल जीत लिया। हाल ही में बाहुबली: द एपिक जिसमें बाहु. बली: द बिगिनिंग और बाहुबली: द कन्क्ल्यूजन दोनों फिल्मों को जोड़कर एक फिल्म बनाया गया है, 12 दिसम्बर 2025 को जापान में सिनेमा घरों में रिलीज होने जा रही है। फिल्म की रिलीज से पहले प्रभास जापान गए, जहां एक खास स्क्रीनिंग रखी गई थी। यह स्क्रीनिंग एक बड़े जश्न में बदल गई। पूरा हॉल उन फैंस से भरा था जो प्रभास को देखने और बाहुबली की कहानी को बड़े पर्दे पर महसूस करने के लिए बहुत उत्साहित थे। स्क्रीनिंग के बाद प्रभास ने सभी फैंस से बहुत प्यार से मुलाकात की और उनके लिए कुछ यादगार पल बना दिए। उन्होंने सोशल मीडिया पर भी एक नोट शेयर किया, जो निर्देशक एस-एस- राजामौली ने उन्हें जापान पहुंचने पर दिया था। इस नोट ने इस पल को और भी खास बना दिया। स्क्रीनिंग से अपनी एक फोटो और वह नोट शेयर करते हुए प्रभास ने लिखा, डारलिंग/एसएस राजामौली आपको बहुत सारा प्यार। यहां जापान में आपकी कमी महसूस हो रही है, हम दोनों फिर साथ में आएंगे। स्क्रीनिंग के दौरान प्रभास ने कहा, पिछले 10 सालों में बहुत लोगों ने मुझे जापान के बारे में बताया था। आज आप सबको सामने देखकर मेरा सपना पूरा हो गया। लक्ष्मी गारु की तरह, मैं भी हर



साल जापान आकर आपसे मिलना चाहता हूं। आने वाली फिल्मों की बात करें, तो प्रभास के पास कई बड़ी फिल्में हैं, जिनको लेकर फैन्स बहुत उत्साहित हैं। उनकी लिस्ट में द राजा साहब, स्पिरिट, फौजी, सलार पार्ट-2: शौर्यांग पर्व और कल्कि 2898 एडी पार्ट-2 जैसी बड़ी फिल्में शामिल हैं।

